
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 219
फरीदाबाद, शुक्रवार, 17 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



फेस पर लगाएं खीरे का मास्क, मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 59,141 | ▲ | 418 |
| निफ्टी | 17,629 | ▲ | 110 |
| सोना | 45,735 | ▼ | 491 /10 gm |
| चांदी | 61,541 | ▼ | 724/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 28.02°C
न्यूनतम 24.01°C

## क्विक न्यूज

### विश्वकप के बाद टी-20 कप्तानी छोड़ेंगे कोहली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने टी-20 विश्वकप से पहले बड़ा ऐलान किया है। कोहली ने गुरुवार को ट्वीट के जरिये जानकारी दी। कहा कि वह आगामी विश्वकप के बाद टी-20 की कप्तानी छोड़ देंगे। कोहली ने एक भावुक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने सभी साथी खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और बीसीसीआई को भी धन्यवाद दिया और साथ ही खुद को सौभाग्यशाली भी बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखकर कप्तानी छोड़ने की बात कही।

● विस्तृत खबर पेज-12

नए कैबिनेट में बृहस्पतिवार को 24 नए मंत्रियों ने ली शपथ

# गुजरात: पटेल कैबिनेट से रुपाणी के सारे मंत्री बाहर

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** के नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार को अपनी पूरी नई टीम बना ली। राजभवन में दोपहर 1.30 बजे हुई शपथ में 24 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। 10 कैबिनेट और 14 राज्यमंत्री हैं। पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की 22 मंत्रियों वाली पूरी टीम बाहर हो गई है, इनमें पूर्व उप-मुख्यमंत्री नितिन पटेल भी शामिल हैं। नई कैबिनेट की पहली बैठक बृहस्पतिवार शाम को ही हुई। बताया जा रहा है कि इसी बैठक में प्रोफाइल का बंटवारा किया जाएगा।

भूपेंद्र पटेल की कैबिनेट के मंत्रियों ने 5-5 के गुट में शपथ ली। सबसे पहले शपथ लेने वाले थे राजेंद्र त्रिवेदी, जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष पद से बृहस्पतिवार को ही इस्तीफा दिया। इस्तीफे के करीब एक घंटे बाद ही वे मंत्री बना दिए गए। बताया जा रहा है कि पटेल की टीम में उनका दर्जा नंबर-2 का होगा। पहले शपथ ग्रहण बुधवार दोपहर होना था, लेकिन नए मंत्रिमंडल को लेकर रुपाणी और पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल नाराज थे। इसे लेकर बुधवार को सुबह से रात तक विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के बीच बैठकों का दौर जारी रहा। इसके बाद हाईकमान ने नाराज नेताओं को मनाने का जिम्मा रुपाणी पर ही छोड़ दिया था। बृहस्पतिवार को जब शपथ ग्रहण हुआ तो नाराजगी जताने वाले सभी को कैबिनेट से बाहर कर दिया गया।



### ये 10 विधायक बने कैबिनेट मंत्री

| नाम | कहां से विधायक |
|---|---|
| राजेंद्र त्रिवेदी | रवापुरा |
| जीतू वाघानी | भावनगर पश्चिम |
| ऋषिकेष पटेल | विसनगर |
| पूर्णेश मोदी | सूरत पश्चिम |
| राघव पटेल | जामनगर ग्रामीण |
| कनुभाई देसाई | पारदी |
| किरीट सिंह राणा | लिम्बड़ी |
| नरेश पटेल | गंडेवी |
| प्रदीप सिंह परमार | असरवा |
| अर्जुन सिंह चव्हाण | महेमदावाद |

### ये 14 विधायक बने राज्य मंत्री

| नाम | कहां से विधायक |
|---|---|
| हर्ष सांघवी | माजरा |
| जगदीश पांचाल | निकोल |
| बृजेश मेरजा | मोरबी |
| जीतू भाई चौधरी | कपराड़ा |
| मनीषा वकील | बडोदरा |
| मुकेश पटेल | ओलपाड़ |
| निमिषाबेन सुतार | मोरवा हदफ |
| अरविंद रैयाणी | राजकोट |
| कुबेर सिंह डिंडोर | संत रामपुर |
| कीर्ति सिंह वाघेला | कंकराज |
| गजेंद्र सिंह परमार | प्रांतिज |
| आरसी मकवाना | महुवा |
| विनोद भाई मोराडिया | कतारगाम |
| देवा भाई मालम | केशोद |

### बदलाव के साथ 2022 के चुनाव की तैयारी

### जारी रह सकता है मुख्यमंत्रियों को बदलने का दौर

भाजपा शासित प्रदेशों में मुख्यमंत्री बदलने का दौर शुरू हो गया है। कर्नाटक, उत्तराखंड और गुजरात को नए मुख्यमंत्री मिल चुके हैं। अब सवाल उठ रहा है कि अगली बारी किसकी है। चर्चा तो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टरऔर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की चल रही है। जानकारों का कहना है कि चौहान पर हाथ डालने से पहले पार्टी को बहुत गहराई से होमवर्क करना होगा। अब बचे खट्टर और ठाकुर। पार्टी नेतृत्व के लिए हिमाचल के सीएम ठाकुर को बदलना कोई मुश्किल कार्य नहीं है। अगर खट्टर की बारी आती है, तो हरियाणा में भाजपा के लिए उनका विकल्प तलाशना आसान नहीं होगा। दूसरा, केंद्रीय नेतृत्व को जिस तरह के मुख्यमंत्री पसंद हैं, उसमें खट्टर फिट बैठते हैं। तीसरी बात, हरियाणा में अभी विधानसभा चुनाव दूर हैं। 2024 में चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व, खट्टर पर भरोसा बनाए रख सकता है। बता दें, अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और मणिपुर शामिल हैं। भाजपा, इसी रणनीति पर अपने मुख्यमंत्रियों को बदल रही है। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का दूसरा कार्यकाल है।

# प्रदेश में 20 से लगेंगी पहली से तीसरी तक की कक्षाएं

## पांच माह बाद स्कूलों में लौटेंगे छोटे बच्चे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने पहली से तीसरी कक्षा तक के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 20 सितंबर से खोले जाने का फैसला लिया है। इन स्कूलों में कक्षाओं को शिक्षा विभाग द्वारा जारी एसओपी की अनुपालना करते हुए चलाया जाएगा।

हरियाणा में कोरोना की दूसरी लहर के चलते अप्रैल माह के दौरान स्कूल बंद कर दिए गए थे। जिन्हें अब जुलाई माह में खोलना शुरू किया गया। हरियाणा सरकार ने पहले चरण में 9वीं से 12वीं, दूसरे चरण में छठी से 8वीं तथा तीसरे चरण में चौथी-5वीं की कक्षाओं के लिए स्कूल खोले। छठी से 12वीं की कक्षाओं को 23 जुलाई, 2021 को शुरू किया गया था, जबकि चौथी से 5वीं तक की कक्षाओं को 1 अगस्त, 2021 को खोला गया था। अब 20 सितंबर, 2021 से पहली से तीसरी तक की कक्षाएं शुरू होंगी। अब प्रदेश में कोरोना के हालात सामान्य होने के बाद सरकार ने सभी सरकारी तथा निजी स्कूलों में 20 सितंबर से पहली से तीसरी कक्षा तक के स्कूल खोलने का फैसला लिया है।

# दलितों व पिछड़ों को विवाह शगुन में मिलेंगे 71 हजार

**चंडीगढ़।** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को दी जाने वाली शगुन की राशि में बढ़ोतरी की है। योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा टपरीवास समुदाय के परिवारों को लड़की के विवाह के अवसर पर कन्यादान के तौर पर अब 71 हजार रुपये की राशि दी जा रही है।

सरकारी प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया, विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति तथा टपरिवास समुदाय के लोग जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं, उनकी लड़कियों के शादी के अवसर पर दी जाने वाली शगुन की राशि को 51 हजार से बढ़ाकर 71 हजार रुपये कर दिया गया है। अब इस योजना के तहत शगुन के तौर 66 हजार रुपये की राशि शादी के अवसर पर या उससे पहले तथा पांच हजार की राशि शादी का रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जमा कराने के बाद 6 महीने के भीतर मिलेगी।






Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शुक्रवार, 17 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 28.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 24.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-16 स्थित केएल मेहता स्कूल में वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9.30 बजे
- सेक्टर-14 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9.30 बजे
- शहर में जगह-जगह लगेगा मैगा वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**क्या** आपको टॉप या सबसे अच्छे म्यूचुअल फंडों की तलाश है? अगर आपका जवाब हां है तो हम इस काम में आपकी मदद कर सकते हैं। अक्सर म्यूचुअल फंड निवेशक अपने निवेश का सफर सर्ज इंजन पर सबसे अच्छे म्यूचुअल फंड टाइप कर शुरू करते हैं। यह सही है कि उन्हें टॉप म्यूचुअल फंड की कोई न कोई लिस्ट मिल ही जाती है। लेकिन, क्या यह लिस्ट उन्हें दौलतमंद बना देती है? इसका जवाब थोड़ा मुश्किल है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### धरना 57वें दिन भी जारी

**फरीदाबाद।** नगर निगम में शामिल हुए 24 गांवों के सफाई कर्मचारियों, ट्यूबवेल आपरेटरों, चौकीदारों का 57वें दिन भी धरना लगातार नगर निगम मुख्यालय पर जारी रहा। जिसमें बेलदार यूनियन ने साथी कर्मचारियों को साथ लेकर आए और हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए धरनारत कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। बेलदार यूनियन के प्रधान रामरतन खेड़ीकलां, रोहताश रेढू, विरेन्द्र, जीतराम व पूर्ण तेवतिया ने कहा कि 24 गांवों के कर्मचारियों को जल्द से जल्द समायोजित कर ड्यूटी पर लिया जाए और नौ महीने का बकाया वेतन भी भुगतान किया जाए। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उपमहासचिव सुनील चिण्डालिया, जिला सचिव नानकचंद खैरालिया ने कहा कि सभी इकाइयों के पदाधिकारी कल 17 सितम्बर को कर्मचारियों के साथ नगर निगम मुख्यालय भोजन अवकाश के समय गेट पर आकर मीटिंग में भाग लेंगे। धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के जिला ब्लॉक पूर्व प्रधान राजू ने की तथा मंच का संचालन हरियाणा कोषाध्यक्ष मनोज बालगुहेर ने किया।

**क्विक न्यूज**

### पदक विजेता का स्वागत किया

**फरीदाबाद।** पैरा ऑलंपिक पदक और विजेताओं के घर पूर्व विधायक शारदा राठौर अपने समर्थकों सहित पहुंची। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल के माता-पिता व परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने मनीष नरवाल का पगड़ी व फूल मालाओं से स्वागत किया। मनीष के पिता दिलबाग सिंह ने सबको मिठाई खिला कर परसन्नता व्यक्त की। शारदा राठौर ने रजत व कास्य पदक विजेता सिंह राज अधाना के घर जाकर उनका पगडी व मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। उन्होंने सिंह राज के माता पिता और पत्नी को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर शारदा राठौर ने कहा कि मनीष व सिंह राज की जीत से खेल जगत मे एक प्रेरक और नये युग की शुरुआत हुई है। भविष्य के लिए स्वर्णिम संभावनाए बनी है। इनकी जीत ने अन्य भारतीय खिलाड़ियों की जीत का मार्ग प्रशस्त किया है।

# जनता समस्याओं से त्रस्त, जनप्रतिनिधि-अधिकारी व्यर्थ के कामों में व्यस्त

## बदहाल सड़कों को दुरुस्त करने की बजाए पार्कों पर लगवा रहे है पत्थर

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं है। सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। शहर की सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जो बरसाती पानी भर जाने से जानलेवा साबित हो रही है। शहर की तमाम सीवर लाइनें जाम होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और गलियों में बह रहा है।

शहर की ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई है। जबकि इन कामों के बदले में ठेकेदारों को भुगतान भी किया जा रहा है। कंगाली के बावजूद नगर निगम के अधिकरी जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बजाए फिजुल के कामों में खर्च कर सरकारी धन का दुरूपयोग करने में जुटे हुए हैं। शहर के पार्कों की जर्जर दीवारों पर पत्थर लगाया जा रहा है। इससे पहले बदहाल पार्कों में कनॉपी, बैंच और ओपन जिम पर करोड़ों रुपये खर्च किया जा चुका है। शहर के जनप्रतिनिधि इन व्यर्थ के कामों पर वाहवाही लूटने के लिए इनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी कर रहे हैं। एक विधायक द्वारा इस तरफ की एक पोस्ट फेसबुक पर डाली गई है। जिसे देखते ही लोगों ने कमेन्ट्स के जरिये विधायक को खूब आड़े हाथों लिया।





### बदहाल सड़कों ने किया हलकान

**शहर** की कई सड़कें फिलहाल चलने लायक नहीं रह गई हैं। ज्यादातर सड़कों पर बड़े और गहरे गड्ढे बने हुए हैं। इनमें कुछ ऐसी सड़के भी हैं, जो हाल ही बनाई गई हैं। इनके रख रखाव की मियाद बाकी है। लेकिन निगम की तरफ से मरम्मत के लिए ठेकेदारों पर कोई दबाव नहीं डाला जाता। वहीं दूसरी तरफ निगम के पास सड़कों की मरम्मत करने तक का इंतजाम नहीं हैं। कुछ सड़कों पर निगम ने मरम्मत कराने की बजाए मलवा डाल दिया। जिससे स्थिति और बदतर हो गई। शहर की कई सड़कों पर सीवर के मेनहॉल के ढक्कन गायब हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। वहीं दूसरी तरफ शहर में सीवर जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। इस समस्या से शहर के पॉश इलाके भी अछूते नहीं हैं। पॉश इलाकों में शामिल सेक्टर 21 सी और सेक्टर 15 की सड़कों पर सीवर का पानी बहता रहता है। इतनी बदहाल स्थिति होने के बावजूद पार्कों पर पैसा खर्च कर निगम जले पर नमक छिड़क रहा है।

### जनता की दुखती रग पर हाथ रखा



**कागजों** और कॉमिक्स की कहानियों में बनाई गई स्मार्ट सिटी में चारों तरफ समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। इन दिनों सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को टूटी हुई सड़कों के कारण उठानी पड़ रही है। लाख शिकायतें करने के बावजूद निगम अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की तरफ से जनता को सिर्फ झूठे आश्वासन ही मिल रहे हैं। ऐसे समय में शहर के एक विधायक ने फेसबुक पर पोस्ट डाल कर जनता को संदेश जारी किया कि उन्होंने पार्कों की दीवारों पर पत्थर लगवा दिये हैं। विधायक द्वारा जारी की गई इस पोस्ट को देखते ही उनके विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। समस्याओं से जूझ रहे लोगों ने विधायक द्वारा डाले गए पोस्ट पर धड़ाधड़ कमेन्ट्स लिखकर उन्हें जमकर खरी खोटी सुनानी शुरू कर दी। बदहाल सड़क, सीवर जाम और अन्य समस्याओं को लेकर लोगों ने विधायक की पोस्ट पर खूब भड़ास निकाली। लेकिन विधायक की तरफ कोई भी प्रतिक्रिया नहीं की गई। इससे स्पष्ट हो चुका है कि शहर के लोग विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझते हूए बुरी तरह त्रस्त हो चुके हैं।

### सरकारी धन का दुरुपयोग



**समाजसेवी** विष्णु गोयल का कहना है कि शहर में मूलभूत सुविधा नाम की कोई चीज नहीं रह गई। शहर का पूरा सिस्टम पूरी तरह से ठप हो चुका है। लोग जान जोखिम में डाल कर सड़कों पर चल रही है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम और अन्य विभाग शहर में सजावट की बात कर रहे हैं। जनता को सुविधाएं देने की बजाए अधिकारी फिजुल के कामों में सरकारी धन का जमकर दुरूपयोग कर रहे हैं।

### सड़कों से पार्क ज्यादा जरूरी

**पार्कों** को हराभरा बनाने की बजाए नगर निगम की तरफ से अनावश्यक कामों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। रख रखाव के अभाव में शहर के ज्यादातर पार्कों की हालत दयनीय हो चुकी है। पार्कों की दीवारें वर्षों पुरानी होने की वजह से जर्जर हो चुकी है। हरियाली और रख रखाव करके पार्क की सुंदरता बढ़ाने की बजाए नगर निगम द्वारा इन दिनों विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के पार्कों की जर्जर हो चुकी दीवारों पर सौंदर्यीकरण के नाम पर पत्थर लगवाया जा रहा है। इससे पहले निगम द्वारा पार्कों के सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों रुपये कनॉपी लगाने और बैंच खरीदने में खर्च किये जा चुके हैं। निगम ने ऐसे अनेक पार्कों में कनॉपी लगवा दी, जहां घास का नामों निशान तक नहीं हैं।

पार्कों के लिए खरीदे गए बैंच कालोनियों की गलियों की शोभा बढ़ा रहे हैं। रख रखाव के अभाव में करोड़ों की लगात से पार्कों में बने ओपन जिम भी कंडम हो चुके हैं। जिम की मशीनों के आसपास बरसाती पानी भरा हुआ है। वहीं अनेक मशीनें रख रखाव के अभाव में कंडम हो चुकी है।

# शिविर में 383 लोगों को लगी वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**युवाओं** के संगठन जज्बा फाउंडेशन एवं दिल से फाउंडेशन के द्वारा विनय नगर अगवानपुर में मेगा वैक्सीन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक अदित्य झा व नीरज कुमार रॉय ने बताया कि टीकाकरण शिविर में कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए लगभग 383 व्यक्तियों को वैक्सीन लगाई गई।



स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 92त्न प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है और कुछ ही दिनों में हम 100 प्रतिशत पर होंगे। इस अवसर पर जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के द्वारा लगतार टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत कल ग्राम पंचायत सिडोला में और केडी कान्वेंट स्कूल, नगला में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वैक्सिनेशन स्टाफ और पुलिस प्रशासन का विशेष आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गोल्डन इंडिया पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय सिंह, राजेश सिंह, वंदना पाल, एवं संगठन से रोहन सागर, आरजू, पंकज कश्यप, अभिलाषा, अंकित सिंह, हिमांशु भट्ट, मनीषा, मोमिन, धीर और राहुल वर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जेसी बोस विवि ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपलब्धियां बनाती हैं खास : प्रो. दिनेश कुमार

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने गुरुवार को अपना स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

जेसी विवि जोकि वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में अस्तित्व में आया था, को पहले वाईएमसीए इंस्टीट्यूट संस्थान के रूप में जाना जाता था। इस इंजीनियरिंग संस्थान को वर्ष 2009 में राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के स्तर पर अपग्रेड कर दिया गया था। इस तरह विश्वविद्यालय ने एक संस्थान के रूप में अपने 52 वर्ष और एक विश्वविद्यालय 12 वर्ष पूरे लिये है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह की वर्चुअल उपस्थिति दी, जबकि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्लबों के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। अपने संदेश विश्वविद्यालय को शुभकामनाएं देते हुए यूजीसी अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि इस संस्थान का फरीदाबाद के औद्योगित विकास में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विवि को वैज्ञानिक ज्ञान को आगे बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक परिवेश में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट सिस्टम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक विद्यार्थी अपना एक अकादमिक अकाउंट खोल सकता है। उसे अपने पसंद के विषय पढ़ने और सीखने की छूट है। इससे शिक्षा व्यवस्था में अधिक कुशलता और लचीलापन आएगा।



पंडित मदन मोहन मालवीय के कथन का उल्लेख करते हुए यूजीसी अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा संस्थानों का कर्तव्य है कि गुणवत्तापरक शिक्षा प्रक्रिया का पालन करते हुए विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास ही नहीं अपितु उनके व्यक्तित्व में मानवीय मूल्यों का प्रतिस्थापन करना चाहिए।

# नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दूसरे दिन चार जीते पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन 15 सितम्बर से 19 सितम्बर तक जेएन स्टेडियम वारंगल तेलांगना में किया जा रहा है।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में हरियाणा के 56 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। राजकुमार मिटान ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन 400 मीटर दौड महिला वर्ग में नैंसी रोहतक ने 54 सेकेण्ड 41 माइक्रोन का समय देकर हरियाणा राज्य पहला पदक रजत पदक दिया। आयुष डबास सोनीपत ने 47 सेकेण्ड 10 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक जीतकर हरियाणा राज्य का मान बढ़ाया। परवेज खान नूंह ने 1500 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में 3 मिनट 42 सेकेण्ड 64 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा राज्य की झोली में दिया।




रेखा फतेहाबाद ने हाई जंप में 1 मीटर 76 सैंटीमीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा टीम कोच रोहताश सिवाच और टीम मैनेजर सत्यवीर धनखड़ ने पदक विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू और महासचिव राजकुमार मिटान ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

# राष्ट्र भाषा का सम्मान करना सभी का कर्त्तव्य

## जीवा स्कूल के छात्रों ने हिंदी पखवाड़े में भाग लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में हिन्दी पखवाड़े का प्रारंभ किया गया। जिसमें छात्रों ने अनेक गतिविधियों में वर्चुअली भाग लिया। पूरे देश में सितंबर के महीने में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन होता है।

देश के सभी शिक्षण संस्थानों व कार्यालयों में हिन्दी के सम्मान में हिन्दी के विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हिन्दी भाषा को देश की राष्ट्रभाषा का सम्मान प्राप्त है और राष्ट्र भाषा का सम्मान करना, हम सभी का कर्त्तव्य है। विद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्रों ने अनेक कार्यक्रमों में हिन्दी में ही अपनी प्रस्तुति दी और हिन्दी भाषा पर अपनी दक्षता को दर्शाया। कक्षा पहली से लेकर नौवीं तक के छात्रों ने वर्चुअल प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में कविता पाठ, भजन, देश भक्ति गीत, दोहा, श्लोक, वाद-विवाद, स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक छात्र की प्रस्तुति आत्मविश्वास से परिपूर्ण रही। छात्रों ने अपने विचारों से बताया कि हिन्दी में विचार अत्यंत शानदार ढंग से व्यक्त किए जा सकते हैं। हिन्दी हमारी अपनी भाषा है और अपनी भाषा में की गई अभिव्यक्ति अत्यंत शानदार होती है। सच कहा गया है कि मन की अभिव्यक्ति अपनी भाषा में ही उपयुक्त ढंग से व्यक्त की जा सकती है।




विद्यालय की हिन्दी की अध्यापिकाओं ने भी भाग लिया और सभी ने अपने-अपने स्तर पर लेख आदि के रूप में अपने विचार हिन्दी में प्रकट किए। विद्यालय अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने भी हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान भावना को प्रकट किया एवं अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने भी सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की एकेडमिक एंड एक्सीलेंस हेड मुक्ता सचदेव एवं प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने भी हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है, तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद, एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड, बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा, पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**करें क्या ज़िक्र चारों ही तरफ़ ऐसे नज़ारों का**
**ज़रा सी नौकरी के वास्ते लगती क़तारों का**
**कहीं कोई किरण उम्मीद की दिखती नहीं अब तो**
**कोई क्या दर्द समझेगा यहाँ बेरोज़गारों का**



# गड्ढों में सड़क : फिर भी दो साल में काटे 1.63 लाख चालान

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में वर्ष 2020 से लगातार चालान काट कर भारी जुर्माना वसूला जा रहा है। अब तक विभाग की तरफ से करोड़ों रुपये के चालान काटे गए हैं। करोड़ों के चालान के पैसे आने के बाद भी सड़कों की हालत में सुधार नहीं हो रहा है।

सड़कों के गड्ढों के कारण लोगों की मौत हो रही है। पिछले तीन सालों में 1481 सड़क हादसों में 584 जाने चली गई और 1323 लोग घायल हो चुके है, लेकिन इन आंकड़ों के साथ ही जब यह देखा जाए तो जिले में 2020 में 98464 चालान काटे गए। जिसमें छह करोड़ 68 लाख 4700 रुपये की वसूली होने की बात सामने आई है। वहीं वर्ष

### भारी जुर्माना वसूली के बाद भी सड़कों पर नहीं है ध्यान

2021 में जनवरी से अगस्त तक कुल 64337 चालान काटे गए। जिनमें चार करोड़ 61 लाख 72 हजार 900 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

जानकारी के मुताबिक नए ट्रैफिक नियम की वजह से अब नियम तोड़ने पर कई गुणा ज्यादा जुर्माना भरना पड़ता है। भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा सितम्बर वर्ष 2019 से नया ट्रैफिक एक्ट लागू किया गया था। जिस कारण अब ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को पहले से दस



गुणा ज्यादा जुर्माना देना पड़ रहा हैं। जिस कारण जिले में पुलिस धड़ल्ले से चालान काटने में व्यस्त हैं।

ऐसा ही जिले में काटे गए चालानों की संख्या और उनसे की गई वसूली से हुआ है। आंकड़ों के अनुसार पुलिस की तरफ से वर्ष 2020 से 2021 तक एक लाख 62 हजार 801 चालान काटे गए है। जिनसे दो वर्षों में 11 करोड़ 29 लाख 77 हजार 600 रुपये की वसूली की गई है।

### हर सड़क खराब

**जहां** एक तरफ जिले में पिछले दो वर्षो से चालानों में बढ़ोत्तरी हो गई है। वहीं देखा जाए तो पब्लिक चालान से परेशान होकर हर पुलिस कर्मी को यह कहते हुए नजर आती है कि चालान तो इतने महंगे कर दिए, लेकिन सड़कों की हालत कब सुधरेगी। सड़कों की खस्ता हालत के कारण वाहनों की मरम्मत और पेट्रोल का खर्चा जहां एक तरफ बढ़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ जिले में बढ़ रही महंगाई के बीच चालान के बोझ के कारण लोगों की जेबों पर भार बढ़ गया है।

## 17 से लीगल लिटरेसी कार्यक्रम होंगे आयोजित

**फरीदाबाद।** विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किए गए एक प्रपत्र जिसमें 17 सितम्बर को पूरे हरियाणा के अंदर लीगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जागरुकता व लिटिगेटिंग स्टेज पर न्याय की उपलब्धि कराना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली के निर्देशानुसार वह एग्जीक्यूटिव चेयरमैन न्यायमूर्ति राजन गुप्ता, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशा अनुसार हरियाणा के प्रत्येक जिले में इनका आयोजन किया जाए। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला सत्र न्यायाधीश के देखरेख में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंगलेश कुमार चौबे द्वारा एक शेड्यूल जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल परिसर के टेनिट अकादमी में लगी आग



**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित राज्य खेल परिसर में मौजूद फरीदाबाद टेनिस अकादमी में बृहस्पतिवार को अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग की सूचना पर खेल अधिकारी रमेश वर्मा सहित कोच मौके पर पहुंच गए। संजय सिंहमार राज्य खेल परिसर में फरीदाबाद टेनिस अकादमी चलाते हैं। बृहस्पतिवार को दोपहर को तीन बजे के करीब स्टेडियम के सफाई कर्मचारी ने अकादमी ने धुआं निकलते देखा और जिला खेल अधिकारी रमेश वर्मा को सूचना दी। रमेश वर्मा ने तुरंत संजय सिंहमार को फोन मिलाया। उस समय संजय चंडीगढ़ थे। संजय ने तुरंत अकादमी में कार्यरत कर्मचारियों को आग की सूचना दी। आग में कैंटर में बनाया गया कमरा जल गया है और उसमें रखा सामान भी। जिला खेल अधिकारी रमेश वर्मा ने बताया कि वक्त रहते आग पर काबू पा लिया गया। यदि सिंथेटिक कोर्ट पर आग लग जाती, तो काबू पाना मुश्किल होता।

### डीएचबीवीएन के एक्सईएन के साथ यूनियन की बैठक



**फरीदाबाद।** बिजली कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन की बैठक में डीएचबीवीएन बल्लभगढ़ के एक्सईएन नीरज दलाल के साथ कर्मचारी प्रधान कर्मबीर यादव की मौजूदगी में यूनियन का प्रतिनिधि मंडल मिला। सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा सहित केन्द्रीय परिषद के नेता सतीश छाबड़ी ने बिजली कर्मचारियों के साथ ड्यूटी करने के दौरान होने वाली परेशानीयों और बिजली ठीक करते समय आने वाली समस्याओं से रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि आज बिजली निगम का कर्मचारी कैसे कैसे हालातों में काम करने को मजबूर है। आखिर किस तरह से सुरक्षा उपकरणों की कमी से जूझते हुए अपने कर्तव्य का वहन कर जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा रहे हैं। जबकि महकमे को दोनों हाथों से दिनरात लूटने में व्यस्त ठेकेदारों के गोदाम भरे पड़े हैं। बिजली निगम का कोई भी अधिकारी एसडीओ हो या कोई भी जेई इन ठेकेदारों द्वारा कराए जा रहे कामों को साइड पर जाकर चेक तक नहीं करता, ठेकेदार मनमर्जी माफिक काम करते हैं। एक्सईन नीरज दलाल के साथ जरूरी मीटिंग में कर्मचारी नेता लेखराज चौधरी, मदनगोपाल शर्मा, बृजपाल, सियाराम, पन्नालाल, राजबीर, जयभगवान ने मिलकर कर्मचारियों की समस्याएं बतायीं। एक्सईन ने एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा दिए सभी कामों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिलाया।

### वेतन और पेंशन के लिए कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** दो महीने से वेतन व पेंशन का भुगतान न किए जाने से खफा फरीदाबाद, नगर निगम के कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। घरने की अध्यक्षता फेडरेशन के प्रधान रमेश जागलान ने की। मंच संचालन उद्यान विभाग के महासचिव सुरजीत नागर ने किया। फेडरेशन प्रधान रमेश जागलान ने बताया कि कर्मचारियों के धरने का 15वां दिन है। परन्तु नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों के मांगों को लेकर गम्भीर नहीं है। फैडरेशन के अध्यक्ष ने नगर निगम आयुक्त से अपील की है कि कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि 17 सितम्बर को होने वाली एक दिवसीय टूलडाउन हड़ताल में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे। जनहित देखते हुए जल वितरण विभाग एव फायर विग्रेड को टूलडाउन हड़ताल से दूर रखा गया है ताकि शहरवासियों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। प्रदर्शन में फेडरेशन उपप्रधान शाहाबीर खान, रणसिंह भडाना, मटरू लाल, सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रधान यूएम खान, कार्यालय कर्मचारी यूनियन प्रधान नरेश बैंसला, राम बिहारी, प्रमोद रोहिल्ला, राजपाल तेवतिया, शशी अधाना, दयानन्द पाली, लालाराम नरवत, राजेंद्र सिंह, विजयपाल पटवारी, धीर सिंह, हरेराम सौरोत, करन सिह, कर्मचन्द बघेल, भूपसिंह, विनोद कुमार, श्यामवती, सुमन, उषा, सीता राम शर्मा, टेकचन्द शर्मा, अतर सिंह भडाना, मोहन देशवाल, नेरेन्द्र कुमार और खजान सिंह ने भी सम्बोधित किया।

### डॉ. ओपी भल्ला की याद में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



**फरीदाबाद।** मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला की याद में ब्लड आयोजित डोनेशन कैंप में 650 यूनिट रक्तदान किया गया। कैंपस में कोविशील्ड वैक्सीनेशन ड्राइव भी रखा गया। जिसमें 1270 लोगों ने टीके लगवाए। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन ने नौ अलग-अलग एनजीओ को 25000 किलो चावल और दाल दान किया। जीवनदायिनी फाउंडेशन द्वारा स्टेम सेल रजिस्ट्रेशन भी किया गया, जिसमें कुल 60 लोगों ने रजिस्टर किया। इससे पहले सुबह डॉ. ओपी भल्ला की याद में भजन-कीर्तन और हवन किया गया। कार्यक्रम में फरीदाबाद से सांसद कृष्णपाल गुर्जर और विधायक नरेंद्र गुप्ता मौजूद रहे। कैंपस में अलग-अलग ब्लॉक्स में आयोजित ब्लड कैंप में सत्या भल्ला, डॉ. प्रशांत भल्ला, डॉ. अमित भल्ला ने दौरा कर छात्रों का प्रोत्साहन किया। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान की संरक्षक सत्या भल्ला ने कहा, मानव रचना के फाउंडर विजनरी डॉ. ओपी भल्ला की याद में हर साल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाता है।

# जलभराव व अन्य समस्याओं को दूर करने को निगम बढ़ाए आय : गुर्जर

### केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा आत्मनिर्भर नगर निगम बनाने के लिए संकल्प लेना होगा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद देश के उन बड़े शहरों में शामिल है जहां जनसंख्या का धनत्व सबसे ज्यादा है। ऐसे में नगर निगम की जिम्मेदारी भी बहुत ज्यादा बढ़ जाती हैं। इन जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए हम सभी को मिलकर आत्मनिर्भर नगर निगम बनाने के लिए संकल्प लेना होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री गुरुवार सायं लघु सचिवालय में आयोजित स्वच्छ फरीदाबाद मीट में सभी पार्षदों और नगर निगम अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि नगर निगम की आय बढ़ाने का कार्य करना होगा। इतने बड़े शहर में प्रत्येक घर से हाउसटैक्स का ही कलेक्शन नहीं हो पा रहा है। आय के अन्य साधनों से भी पैसा नगर निगम को नहीं आ पा रहा है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक साधन से आय इकट्ठा करें और जो लोग हाउस टैक्स नहीं देते हैं उनकी सिफारिश न करने का संकल्प भी लें।

उन्होंने कहा कि शहर के लिए सीवरेज व जलभराव की समस्या से हम सभी जूझ रहे हैं। ऐसे में नगर निगम इसके लिए उचित कदम उठाए। शहर के लिए जो सीवरेज सिस्टम तैयार किया गया है उसकी सफाई के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें। उन्होंने कहा कि शहर में कूड़े का बेहतर ढंग से कलेक्शन हो। खत्तों को पूरी तरह से खत्म किया जाए और प्रत्येक घर से कूड़ा का कलेक्शन हो। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर यह देखने को मिला है कि जिन लोगों ने एसटीपी प्लांट लगाए हैं वह भी उन्हें चालू नहीं करते। ऐसे में उन पर जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने कहा कि हम सभी को बेहतर ढंग से शुरुआत करनी है।

नगर निगम आयुक्त यशपाल ने शहर को स्वच्छ करने के लिए एक कार्ययोजना मीटिंग में प्रस्तुत की। इस कार्ययोजना में उन्होंने शहर में स्वच्छता के आड़े आ रही दिक्कतों के बारे में बताते हुए एक विकेंद्रीयकृत माडल मीटिंग में प्रस्तुत किया। जिसके अंदर वार्ड वाईज टीमें काउंसलर की अध्यक्षता में बनाई जा चुकी हैं। सभी नागरिकों तक पहुंचने के लिए 360 डिग्री आईईसी प्लान भी मीटिंग में प्रस्तुत किया गया। इसके तहत सभी स्ट्रीट वेंडर, कार्मिशयल स्थापनाएं, हाउसहोल्ड को अपना कूड़ा अलग-अलग करना व दो डस्टबिन रखना आईईसी योजना के पहले चरण में लागू किया जाएगा। इसके तहत विशेष जागरुकता अभियान चलेगा। अगले चरणों में सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन, डिफेसमेंट व अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए एक स्पेशल इंफोसमेंट टीमों का गठन भी वार्ड स्तर पर किया गया है। इसकी निगरानी वार्ड स्तर पर पार्षद व जोन स्तर ज्वांइट कमिशनर इन टीमों की अगुवाई करेंगी।

#### कूड़े की समस्या जड़ से खत्म करनी होगी

**मीटिंग** में संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हमें कूड़े की समस्या को जड़ से समाप्त करना होगा। कूड़े के कलेक्शन के लिए हमने बड़े संसाधन तो जुटा लिए, लेकिन उनका सही ढंग से प्रयोग नहीं किया गया। हमें बेहतर ढंग से टैक्स का कलेशन करना होगा और नगर निगम के आय के संशाधनों को मजबूत करना होगा। बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा और फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भी शहर में स्वस्च्छता को लेकर अपने सुझाव मीटिंग में दिए।

## युवक की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

### छह सितंबर को आरोपियों ने मामूली बात पर एक व्यक्ति से की मारपीट, इलाज के दौरान हुई मौत



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने तीन आरोपियों को एक व्यक्ति की हत्या के जुर्म में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवनंदन उर्फ शिवा, ओमप्रकाश और ओमप्रकाश के भाई विक्रम का नाम शामिल है। आरोपी शिवनंदन उत्तरप्रदेश के मैनपुरी और आरोपी ओमप्रकाश और उसका भाई विक्रम फरीदाबाद के कांवरा गांव के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना भूपानी में हत्या का मुकदमा दर्ज है।

पुलिस को दी शिकायत में मृतक जितेंद्र के भाई अटल बिहारी ने बताया कि वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है और जितेंद्र तीन साल से कांवरा मोड पर स्थित रिचा नामक प्राइवेट कंपनी में काम कर रहा था। अटल बिहारी को सूचना प्राप्त हुई कि उसके को भाई की किसी ने बुरी तरह से पीट दिया है जिसकी वजह से उसे गंभीर चोटें आई हैं। घायल होने के बाद जितेंद्र को फरीदाबाद के बीके अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग रेफर कर दिया गया। उसके बाद उसे सफदरजंग से नोएडा के शारदा हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के भाई की शिकायत पर थाना भूपानी में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ को इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने का कार्यभार सौंपा। जिसे बखूबी निभाते हुए क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल कुमार की टीम ने कड़ी मशक्कत करते हुए वैज्ञानिक पहलुओं और गुप्त सूत्रों की सहायता से दिनांक 14 सितंबर को इस मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें आरोपियों ने जितेंद्र की साथ की गई मारपीट की बात को कबूल किया।

## बीके अस्पताल में अंधेरे में लगाई गई वैक्सीन

### जिले में 13559 को लगा कोरोना से बचाव का टीका



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना से बचाव की वैक्सीन के लिए लोग अब आगे आ रहे हैं। बृहस्पतिवार को जिले में जहां एक तरफ 13559 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया।

वहीं दूसरी तरफ बरसात के कारण बीके अस्पताल में द्वितीय डोज लगवाने पहुंचे लोग परेशान हो गए। क्योंकि जहां डोज लगाई जा रही थी। वहां लाइट ही गुल हो गई। जिस कारण यहां आने वाले लोगों को कर्मचारी मोबाइल की टॉर्च में इंजेक्शन से दवा भरकर लोगों को लगाते नजर आए। वहीं जिले में सरकारी केन्द्रों में 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 6954 को और द्वितीय डोज 2703 लोगों ने लगवाई। वहीं 45 प्लस आयुर्ग में प्रथम डोज 1139 को और द्वितीय डोज 749 लोगों ने लगवाई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में 171 को और द्वितीय डोज 184 लोगों को डोज लगाई गई। वहीं निजी अस्पतालों में 18 प्लस आयुवर्ग में 687 को और द्वितीय डोज 812 लोगों को लगी। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 59 को और 30 लोगों को द्वितीय डोज लगाई गई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज एक ने और 10 ने द्वितीय डोज लगवाई।

## वायरल वीडियो के मामले में तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**फरीदाबाद।** अदालत के आदेश अनुसार विचाराधीन आरोपी, कैदी एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिंदल को इलाज के लिए जेल अथॉरिटी की सूचना पर स्थानीय पुलिस आरोपी को मेट्रो हॉस्पिटल में इलाज के लिए ले गई थी। इलाज के दौरान आरोपी के रूम में खाने के सामान के साथ-साथ बीयर के कैन की एक वीडियो, 15 सितंबर की सायं को वायरल हुई थी। वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने तुरंत एसीपी क्राइम को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे।

एसीपी क्राइम अनिल यादव ने अपनी जांच में पाया कि यह वायरल वीडियो की घटना 28, 29 अगस्त रात की है जिसमें हॉस्पिटल में तैनात पुलिस कर्मियों ने जांच नहीं करके ड्यूटी में लापरवाही बरती है। ड्यूटी में लापरवाही करने पर तीनों पुलिस कर्मियों ईएसआई संजीव, ईएचसी चंद्रप्रकाश और सिपाही मुकेश को निलंबित किया गया है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा चलाएगी सेवा और समर्पण अभियान

### जन हितैषी केंद्रीय योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री को भेजे जाएंगे धन्यवाद पत्र



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा है कि पार्टी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर 17 सितम्बर से सेवा और समर्पण अभियान चलाने का निर्णय लिया है, जो 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया जाएगा।

बैठक में प्रभारियों और सह प्रभारियों, संयोजकों और सह संयोजकों के अलावा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आरएन सिंह, जिला सचिव हरेन्द्र भडाना, मुकेश अग्रवाल, पुनीता झा, कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा आदि भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

गोपाल शर्मा ने सेवा और समर्पण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 7 अक्टूबर को नरेन्द्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में शासन के 20 वर्ष पूर्ण हो रहे है, इसलिए यह अभियान 20 दिन का रखा गया है। पार्टी के निर्देशानुसार इन 20 दिनों के अभियान के दौरान जल संरक्षण के लिए तालाबों की सफाई, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां, पौधारोपण अभियान के तहत फरीदाबाद के ग्रामीण इलाकों और वार्डों में पौधे लगाए जाएंगे। सेवा और समर्पण अभियान के तहत स्वास्थ्य से जुड़े सेवा कार्य जैसे रक्तदान शिविर, कोरोना रोधी टीकाकरण शिविरों का आयोजन आदि, प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता अभियान से जुड़ी गतिविधियां और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर फल वितरण आदि कार्य किए जाएंगे। बूथ स्तर से प्रधानमंत्री मोदी की जन हितैषी व कल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए जनता व कार्यकर्ताओं की ओर से पोस्टकार्ड के माध्यम से बधाई व धन्यवाद पत्र भेजे जाएंगे।

## आत्मनिर्भर बनने के लिए युवाओं को दिया प्रशिक्षण



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** ग्रामीण विकास आजिविका मिशन के तहत वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है। जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार शुरू करें। ऐसा करके वह दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व बताते हुए उन्हें उद्यम प्रोत्साहन नीति, विभिन्न ऋण योजनाओं, विभागों से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी दी गई। संस्थान के निदेशक जितेंद्र की तरफ से जानकारी दी गई।

वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है। जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार शुरू करें। ऐसा करके वह दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व बताते हुए उन्हें उद्यम प्रोत्साहन नीति, विभिन्न ऋण योजनाओं, विभागों से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

संस्थान के निदेशक जितेंद्र की तरफ से जानकारी दी गई। उन्होंने आने वाले दिनों में फ्रिज, एसी, रिपेयर, इलेक्ट्रिक मोटर, रिवाइंडिंग, कंप्यूटर एकाउंटिंग, ब्यूटी पार्लर, पशुपालन पालन और सॉफ्ट टॉयज प्रोडक्ट मेकर्स एंड सेलर्स आदि प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने आने वाले दिनों में फ्रिज, एसी, रिपेयर, इलेक्ट्रिक मोटर, रिवाइंडिंग, कंप्यूटर एकाउंटिंग, ब्यूटी पार्लर, पशुपालन पालन तथा सॉफ्ट टॉयज प्रोडक्ट मेकर्स एंड सेलर्स आदि प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय बैंक मित्रा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह प्रशिक्षण केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया था। इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यत: ग्राम पंचायत पर एक बैंक मित्र तैयार करने के ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने प्रशिक्षण इससे संबंधित परीक्षा उत्तरीण की। अभी तक संस्थान के द्वारा 54 बैंक मित्रा को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है। जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार शुरू करें। ऐसा करके वह दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व बताते हुए उन्हें उद्यम प्रोत्साहन नीति, विभिन्न ऋण योजनाओं, विभागों से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक से राम सुजान सिंह, एचएस आरएलएम विभाग से जिला प्रोग्राम मैनेजर शिवम तिवारी तथा वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से रोहतास सिंह यादव मौजूद रहे।

## आईटीआई में आवेदन प्रक्रिया नहीं हो सकी शुरू

**फरीदाबाद।** आईटीआई में दाखिले की प्रक्रिया कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने 16 सितंबर से शुरू होने की घोषणा की थी, लेकिन बृहस्पतिवार को पोर्टल शुरू न होने के कारण आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। आईटीआई संस्थानों में तैयारियां भी हो गई थीं लेकिन पोर्टल नहीं खुला। जिस पर अधिकारियों ने उम्मीद है कि अगले एक दो दिन में पोर्टल शुरू हो जाएगा।

कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण के निर्देशानुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 30 सितंबर तक जारी रहेगी। मेरिट लिस्ट व सीट अलॉटमेंट से संबंधित तारीखों का ऐलान 25 सितंबर को किया जाएगा। एनआईटी-5 स्थित आईटीआई के प्रिंसिपल गजेंद्र कुमार ने बताया कि तकनीकी खामियों के चलते पोर्टल शुरू नहीं हो सका है। उम्मीद है कि शुक्रवार से पोर्टल शुरू हो जाएगा।

## 25 हजार का इनामी शराब तस्कर काबू

### वर्ष 2020 में नकली शराब पीने से पांच व्यक्तियों को हो गई थी मृत्यु



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास अरोडा के दिशानिर्देशों पर मोस्टवांटेड की सफाई के लिए चलाए गए अभियान पर कार्रवाई करते हुये क्राईम ब्रान्च सेक्टर 17 प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप मोर की टीम ने नकली शराब के मुकदमे में वांछित 25000 के इनामी मुख्य आरोपी करनाल के घरोंडा निवासी अमित उर्फ अपला को देहरादून से गिरफ्तार किया है।

अमित नकली शराब बनाने के लिए फरीदाबाद में अपने साथियों को स्प्रिट मुहैया करवाता था। वर्ष 2020 में आरोपी अमित उर्फ अपला अपने साथी पलवल के धीरज के साथ मिलकर पलवल के गांव धतीर के खेतो में बनी डेयरी पर नकली शराब बनाता था। अमित व उसका साथी धीरज गांव नरियाला व पन्हैडा में स्थित शराब के ठेके पर ठेकेदारों और सेल्समैन के साथ मिलीभगत करके उस नकली शराब को सस्ते रेटों में ठेके पर बेच देते थे। उस नकली शराब के जहरीली होने के कारण उस शराब को पीने से वर्ष 2020 में फरीदाबाद में पांच लोगों की मौत हो गई थी व काफी व्यक्ति गम्भीर हालत मे हस्पताल में भर्ती हुए जो इलाज के बाद ठीक हो गये थे।

आरोपी के खिलाफ फरीदाबाद के विभिन्न थानों में एक्साइज एक्ट, गैर इरादतन हत्या, षड्यंत्र रचने आदि धाराओं के तहत चार मुकदमे दर्ज हैं जिसमें थाना सदर बल्लभगढ़ के एक मुकदमे में आरोपी को वांटेड घोषित करके उसके ऊपर 25000 का इनाम रखा था। आरोपी अमित काफी दिनों से घर से भागा हुआ था। 14 सितंबर को तकनीकी सहायता से देहरादून से गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस द्वारा आठ अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जिसमें आरोपी धीरज, जीतू, अजीत, अमित मलिक, राजेश, धर्मेंद्र, गौरव और विकास का नाम शामिल हैं।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:

## दीवारों में दबाकर आए थे सोना-चांदी, सोचा वापस आकर निकाल लेंगे...

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### पाकिस्तान से एक बार निकले तो दोबारा जाना नहीं हुआ मुनासिब

### शकुंतला भाटिया को नहीं पता था कि पाकिस्तान से भागकर आ रहे हैं



**पाकिस्तान** के मुल्तान शहर की नई बस्ती में परिवार के साथ मौज-मस्ती से रहने वाली मात्र सात साल की शकुंतला भाटिया को उस समय शुरुआत में तो दंगों या बंटवारे का कुछ नहीं पता चला। भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय पाकिस्तान से निकलने के दौरान उन्हें सिर्फ यही बताया गया था कि हरिद्वार में गंगा स्नान करने जा रहे हैं। बाद में जब हकीकत पता चली तो दुनिया ही उजड़ती नजर आई।

पाकिस्तान में शकुंतला भाटिया के परिवार व करीबी रिश्तदारों में 70-80 सदस्य थे। सब एक साथ मुल्तान शहर की नई बस्ती में रहते थे। वहां आम के बड़े-बड़े पेड़ थे। सभी मिल-जुलकर जीवन खुशहाली से जी रहे थे। बंटवारे से पहले वहां किसी तरह की परेशानी नहीं थी। जब पाकिस्तान से निकलना शुरू हुए तो दंगों के बारे में पता चला। शुरू में उनके परिवार के 14 बुजुर्गों को दंगाइयों ने मार डाला। कुछ पड़ोसी मुस्लिम परिवारों ने बाकी सदस्यों को बचाने में काफी सहयोग किया। उन्होंने दंगाइयों से बचाने के लिए अपने घरों में आश्रय दिया। जब दंगे शुरू हुए तो उन्हें यह कहकर ट्रेन से हरिद्वार भेज दिया गया कि हमें छुट्टी पर जाना चाहिए। शकुंतला बताती हैं कि उन्हें बिल्कुल भी नहीं पता था कि हमारे बुजुर्ग पाकिस्तान से भागकर भारत आ रहे हैं। वे नहीं जानती थीं कि अपने उस जन्म स्थान पर कभी वापस नहीं लौटेंगी।

### परिवार के कुछ सदस्यों की हत्या कर दी गई

**परिवार** के करीब 50 सदस्य थे, जो भारत आए थे। कुछ की वहीं पर हत्या कर दी गई थी। उनकी सारी संपत्ति और सुंदर बाग नष्ट हो गये। घर में रखा सोना-चांदी और अन्य कीमती सामान दीवारों में यह सोचकर दबा आए कि वापस आकर निकाल लेंगे। तब तक वह सुरक्षित रहेगा। किसी तरह से वे जान बचाकर भारत पहुंचे। भारत पहुंचने के बाद उन्हें पानीपत भेजा जाना था। पानीपत में बसने से पहले उन्हें हरिद्वार में शिविरों में रखा गया। फिर हरियाणा में कई जगह बदलीं। शकुंतला भाटिया के मुताबिक वे सात भाई-बहन हैं। इसमें से तीन का जन्म भारत आने के बाद हुआ। वर्तमान में हिसार जिले के हांसी शहर में उनकी शादी हुई। यहां जीवन खुशहाल चल रहा है, पर जब दंगों की याद आती है तो शकुंतला भाटिया के आंसु नहीं थमते।

## लापता युवक का शव तालाब में मिला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव महेन्द्रवाडा निवासी 28 वर्षीय युवक का शव घामडौज में बना जनस्वास्थ्य विभाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पड़ा मिला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाल लिया। पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया। महेन्द्रवाडा निवासी 28 वर्षीय राहुल पुत्र विनोद कुमार बुधवार की शाम से लापता था। गुरुवार सुबह परिवार वालों ने उसके लापता होने भोंडसी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को राहुल की तलाशी के दौरान जनस्वास्थ्य का घामडौज में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में शक के आधार पर तलाशी की।

# दिल्ली-एनसीआर में 53 हजार करोड़ के 15 प्रोजेक्ट मंजूर : नितिन गडकरी



गुरुग्राम के गांव लोहटकी के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह व सोहना के विधायक संजय सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीएम मनोहर लाल, केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत के साथ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के निर्माण का निरीक्षण किया

**केन्द्रीय** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में 53 हजार करोड़ रुपये की लागत से सड़क व पुल निर्माण के 15 प्रोजेक्ट मंजूर किए हुए हैं। जिनमें से 14 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। ये प्रोजेक्ट पूरे होने से दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण कम होगा और लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। वे गुरुवार को जिला के गांव लोहटकी के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने आए थे। उनके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह और सोहना के विधायक संजय सिंह भी थे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हेलिकॉप्टर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ही उतारा गया। यहां निरीक्षण के बाद गांव लोहटकी में आयोजित कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने कहा कि लगभग 1380 किलोमीटर लंबाई का दिल्ली-मुबंई एक्सप्रेस-वे हाईवे भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेस वे है, जो मार्च-2023 तक बनकर तैयार होगा। इस पर लगभग 95 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस एक्सप्रेस-वे का दिल्ली से राजस्थान के दौसा तक और वडोदरा से अंकलेश्वर तक का हिस्सा मार्च-2022 तक बन जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे 8 लेन का एक्सेस कंट्रोल ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है, जिसमें भविष्य में 4 लेन और जोड़कर इसे 12 लेन तक का किया जा सकता है। एक्सप्रेस-वे पर 21 मीटर चौड़ाई की मीडियन बनाई जा रही है, जिसे भविष्य में घटाकर एक्सप्रेस-वे को चौड़ा किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई मांगें मौके पर मंजूर

**कार्यक्रम** में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा रखी गई मांगों को मंजूर करते हुए नितिन गडकरी ने बताया कि दिल्ली-जयपुर हाईवे पर गांव बिलासपुर, मानेसर तथा कापड़ीवास सहित 3 परियोजनाओं को स्वीकृत किया जा चुका है, जिन पर लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में इन स्थानों पर अंडरपास या फ्लाईओवर बनाने की मांग रखी थी, ताकि वहां पर लोगों को सुविधाएं मिलें और दुर्घटनाओं की संख्या कम हों। श्री गडकरी ने यह भी कहा कि पलवल-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग और ईस्टर्न पैरिफेरियल एक्सप्रेस-हाईवे (केजीपी) पर इंटरचेंज बनाने के कार्य को भी स्वीकृति दी जा चुकी है। फरीदाबाद शहर को जेवर हवाई अड्डे के साथ जोड़ने के लिए रखी गई मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मांग को भी नितिन गडकरी ने मौके पर ही मंजूरी दी।

## दिल्ली को जाम से मुक्ति दिलाने पर खर्च होंगे 52 हजार करोड़

### दिल्ली का सबसे बड़ा संकट प्रदूषण, दिल्ली में कैसे कम होगा प्रदूषण, गडकरी ने बताया सरकार का प्लान

**गुरुग्राम।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण और जाम है। राष्ट्रीय राजधानी को इनसे मुक्ति दिलाने के लिए वह 52 हजार करोड़ रुपये की परियोजना पर काम कर रहे हैं। वे बुधवार को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली को प्रदूषण और जाम से मुक्ति दिलाने के लिए उनका मंत्रालय निरंतर काम कर रहा है। सड़क परिवहन की बात करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली को देहरादून, हरिद्वार, चंडीगढ़, मेरठ, जयपुर, मेरठ, कटरा जैसे शहरों से जुड़ने के लिए बेहतर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। दिल्ली में प्रदूषण न हो, इसके लिए दिल्ली से बाहर सड़कों का निर्माण किया है। दूसरे राज्यों को जाने वाले वाहन दिल्ली के बाहर से आवाजाही करे, दिल्ली में न घुसे। इससे दिल्ली में प्रदूषण घटेगा और जाम कम लगेगा।

### दिल्ली से कटरा के बीच एक्सप्रेस-वे

**नितिन** गडकरी ने कहा कि दिल्ली से कटरा जे बीच एक्सप्रेस-वे बन रहा है, जिससे दिल्ली कटरा के बीच की दूरी छह घंटे में तय की जा सकेगी। इस प्रोजेक्ट का काम दो साल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका ध्यान बेहतर सड़क बनाने और शहरी दूरी को कम करने पर है। सड़कें ऐसी बनाई गई हैं, जिससे दिल्ली से चंडीगढ़ दो घंटे, दिल्ली से देहरादून दो घंटे, दिल्ली से हरिद्वार डेढ़ घंटा में और दिल्ली से मेरठ की दूरी 40 मिनट में तय की जा सकेगी।

## उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू गुरुग्राम में करेंगे पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित

**गुरुग्राम।** 19 सितम्बर को भारत के उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू गुरुग्राम आएंगे। वे यहां दो कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। उप-राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम में पहुंचने वाले मेहमानों, मीडिया समेत तमाम तैयारियों को बारीकी से व्यवस्थित किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। हरियाणा में पहली बार पैरालंपिक खिलाड़ियों के लिए विशेष तौर पर सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के शेड्यूल के अनुसार उप-राष्ट्रपति सुबह 11 बजे गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से दीनबंधु सर छोटू राम के लेख और भाषणों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करेंगे।

## 22 सितंबर को फिर होगा नगर परिषद चेयरमैन पद का ड्रॉ

**सोहना।** सोहना नगर परिषद चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को एक बार फिर प्रदेश सरकार के फैसले से करारा झटका लगा है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश की सभी 42 नगर पालिका और नगर परिषदों के चेयरमैन पद का दोबारा से ड्रॉ कराने का फैसला लिया है। यह ड्रॉ 22 सितंबर को चंडीगढ़ में होगा।

इसी वर्ष प्रदेश सरकार के आदेश पर चुनाव आयोग ने राज्य की 42 नगर पालिका और परिषदों में होने वाले चेयरमैन पद चुनाव को आज से ठीक चार माह पहले 22 जून को ड्रॉ किया था। ड्रॉ से सोहना नगर परिषद चेयरमैन पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुआ था। ड्रॉ खुलने के बाद से नगर परिषद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से करीब 33 महिलाएं चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ने की दावेदारी करते हुए मैदान में उतर आई थी। 22 जून को ड्रॉ खुलने के बाद सामान्य वर्ग के नेता अपने-अपने कारोबार में जुट गए थे।

**नेताओं के चेहरे खिले :** नगर परिषद प्रधान पद किस के लिए आरक्षित होगा। यह अभी संशय में है, लेकिन इस बार चेयरमैन पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होने की संभावना का अंदाजा लगा रहे नेताओं के चेहरे पर मुश्कान आ गई है। अपनी नजदीकी महिलाओं को चेयरमैन बनाने को लेकर आकाओं के दरबार में हाजिरी लगाने वाले नेता अब अपने लिए मदद की गुहार करने लगे हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** तीन माह पहले नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए हुआ ड्रॉ अब दोबारा होगा। यह ड्रॉ 22 सितंबर को किया जाएगा। पहले ड्रॉ को रद्द कर दिया गया है।

## मैं भी एक किसान हूं, किसान की दिक्कत समझता हूं

### गुरुग्राम-सोहना रोड पर ऐलिवेटिड सड़क का निर्माण मार्च-2022 तक होगा पूरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम





गुरुग्राम के गांव लोहटकी में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण के दौरान समारोह को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए किसानों को डेढ़ गुना मुआवजा दिया है, ताकि किसान को नुकसान ना हो। गडकरी बोले, मैं भी एक किसान हूं और किसान की दिक्कत समझता हूं। उन्होंने किसानों का भी आह्वान किया कि वे हाईवे के साथ लगती अपनी जमीन न बेचें, बल्कि उस जमीन को विकसित करेंगे तो उन्हें ज्यादा लाभ होगा। वे गुरुवार को जिला के गांव लोहटकी के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने आए थे।

मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि गुरुग्राम-सोहना रोड पर लगभग 1700 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन का पांच किलोमीटर लंबा एलिवेटिड रोड बनाया जा रहा है, जो मार्च-2022 तक पूरा होगा। उन्होंने ये भी बताया कि दिल्ली-जयपुर हाईवे पर एंबियंस मॉल के पास बनाया जा रहा यू-टर्न अंडरपास भी अक्टूबर 2021 तक पूरा हो जाएगा। एक सवाल के जवाब में श्री गडकरी ने बताया कि सड़क निर्माण में 8 प्रतिशत वेस्ट प्लास्टिक का प्रयोग किया जा रहा है। इसके बारे में उनके मंत्रालय ने एक अधिसूचना भी जारी कर रखी है। इसके अलावा बिटुमिन में टायर रबड़ वेस्ट का मिश्रण करके उसकी गुणवत्ता को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे इस प्रकार के नए प्रयोग करते रहते हैं।

### नितिन गडकरी हाईवेज के फादर : राव इंद्रजीत

**कार्यक्रम** में केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि 7 साल पहले मोदी सरकार बनी थी। उस समय महाराष्ट्र से आकर नितिन गडकरी केन्द्र में मंत्री बने थे। तब यह कहावत थी कि श्री गडकरी महाराष्ट्र में हाईवेज के फादर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक विकसित राष्ट्र के राष्ट्रपति ने कहा था कि उनका देश इसलिए विकसित है कि वहां की सड़के अच्छी हैं। इस लिहाज से श्री गडकरी द्वारा हिंदुस्तान को स्मृद्ध बनाने की नींव रखी जा रही है। उन्होंने श्री गडकरी से कहा कि वे हरियाणा पर अपनी नजरें इनायत रखें।

इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केन्द्रीय मंत्री निति गडकरी का स्वागत करते हुए उन्हें देशभर में सड़कों का जाल बिछाने वाले अनथक और मेहनती मंत्री बताया।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री ने शहीद तरुण भारद्वाज के घर पहुंच परिजनों का सांत्वना दी



**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शहीद तरुण भारद्वाज के परिवार से एक सदस्य को हरियाणा सरकार नौकरी देगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव की अन्य मांगों को पूरा किया जाएगा। गुरुवार को प्रदेश मुखिया मनोहर लाल ने सियाचिन में शहीद हुए 21 वर्षीय तरुण भारद्वाज के गांव भोंडसी में जाकर परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए साहस रखने को कहा। शहीद के पिता नंद किशोर से परिवार के अन्य सदस्यों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी एक सदस्य का नाम वह चुनें। प्रदेश सरकार नौकरी देने का काम करेगी। ग्रामीणों ने सामुदायिक केन्द्र का नाम शहीद के नाम पर किए जाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोंडसी गांव देशभक्तों का गांव है। इस गांव के लोगों की जो भी मांगें हैं। उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का सरकार का कार्य है। मुख्यमंत्री 15 से 20 मिनट तक पीड़ित परिवार के बीच रहे।

### गाली देने पर दोस्त की ले ली जान

**सोहना।** एक युवक को अपने दोस्त को गाली देना महंगा पड़ गया। युवक ने कभी नहीं सोचा भी नहीं होगा कि मां-बहन की गाली देने पर दोस्त ही उसे मौत की नींद सुलाह देगा। मामला बुधवार रात का भोंडसी थाना के गांव धुनेला का है। जहां एक साथ खाना खा रहे दो दोस्तों को क्या पता था कि पल भर में एक दोस्त दुनिया से चला जाएगा और दूसरा हत्यारा बन जाएगा। पिछले कई सालों से उत्तर प्रदेश के गांव सिढौली जिला मेरठ से एक साथ मजदूरी करने के लिए हरियाणा में आए 28 वर्षीय अमित और नरेश गुरुवार रात को एक साथ खाना खा रहे थे। अमित और नरेश दोनों गहरे दोस्त थे। अमित और नरेश भोंडसी थाने के गांव धुनेला में सोसायटी में मजदूरी करते थे। गुरुवार रात अमित व नरेश रोजाना की तरह से खाना साथ-साथ खा रहे थे। खाना खाते समय अमित ने नरेश को किसी बात को लेकर हुई तू तड़ाक में गाली दे दी। नरेश ने अमित को गालियां न देने के लिए मना भी किया था, लेकिन अमित उसे गालियां देता रहा था। तभी नरेश ने खाने की थाली एक तरफ करते हुए पास में पड़ी नुकीली लोहे की गैती (मिट्टी खोदने का औजार) उठाई और उसके ऊपर तावड़तोड़ तीन प्रहार किए। पहला वार नरेश ने अमित के बाएं कान के ऊपर किया। दो अन्य वार अमित की गर्दन के ऊपर सिर पर किए। जिससे अमित का सिर फट गया। अमित ने मौके पर ही दमतोड़ दिया। भोंडसी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर सिंह ने बताया कि हत्यारोपी दोस्त नरेश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी।

### तीन दिन तक शिविर में 1284 लोगों को लगाई गई वैक्सीन



**गुरुग्राम।** संत दर्शन सिंह जी महाराज के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर सावन कृपाल रूहानी मिशन की गुरुग्राम शाखा की ओर मेट्रो पार्क के नजदीक पालम विहार में स्थित राजिन्दर आश्रम में 13 से 15 सितंबर 2021 को निःशुल्क कोरोना रोधी वैक्सीन शिविर लगाया गया। प्रधान बॉबी नारंग व सचिव प्रेमपाल ने बताया कि तीन दिन के इस शिविर में 18 से 45 आयु वर्ग के लोगों को ही वैक्सीन लगाई गई। शिविर में आने वाले सभी लोगों को मास्क लगाना अनिवार्य था। सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया। इसके अलावा राजिन्दर आश्रम के पूरे क्षेत्र को सैनेटाईज भी किया गया। इस मेगा शिविर में वैक्सीन लगवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मिशन की ओर से प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही साथ मेडिकल की पूरी टीम के लिए लंगर की भी उचित व्यवस्था थी। उन्होंने बताया कि मिशन की दिल्ली शाखा की ओर से कोरोना संकट के इस दुखद समय में महामारी से प्रभावित भाई-बहनों को प्लाज्मा, ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटीलेटर बेड और एंबुलेंस आदि उपलब्ध कराकर भी हर संभव मदद की गई। सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों के साथ-साथ मुफ्त मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। शारीरिक रूप से विकलांग भाई-बहनों को सहायतार्थ उपकरण भी वितरित किये जाते हैं।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पांच नामजद

**होडल।** हसनपुर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव जटौली निवासी खेमचंद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि गांव लहरपुर निवासी अनिल, लालसिंह, तरूण, कृष्ण व किशन लाठी, डडे से लैस होकर हमारे घर में घुस आए। उसने बताया कि इन सभी ने बगैर कारण बताए हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद यह जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## पोषण माह के दौरान संतुलित, प्रोटीनयुक्त डाइट की जागरुकता के लिए यूएसएसईसी और मैक्स हॉस्पिटल, साकेत की साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





**संतुलित** डाइट के महत्व के बारे में, विशेष रूप से स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से भारत में पोल्ट्री प्रोटीन की खपत को बढ़ावा देने में अग्रणी संगठन, यूएसईईसी (यूएस सोयाबीन एक्सपोर्ट काउंसिल) ने भारत के प्रमुख अस्पताल मैक्स हॉस्पिटल, साकेत के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत मैक्स अस्पताल ने अपने स्वास्थ्यकर्मियों (नर्सों) के लिए एक विस्तृत स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया। मैक्स अस्पताल, साकेत के क्ली निकल न्यू ट्रीशन एवं डाइटेटिक्सश विभाग की रीजनल हेड, ऋतिका समद्दर ने संतुलित डाइट लेने के महत्व पर 300 से अधिक नर्सों के लिए एक सूचनात्मक स्वास्थ्य वार्ता का संचालन किया।

पोषण माह एक बहु-मंत्रालयी कंवकर्जेंस मिशन है जिसका उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुपोषित भारत (कुपोषण मुक्त भारत) के दृष्टिकोण को साकार करना है। इस उद्देश्य के अनुसरण में वर्ष 2018 से हर साल सितंबर के महीने के दौरान सभी हितधारकों के कन्व जेंस में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। ऋतिका समद्दर ने कहा कि, यह 'न्यूट्रीशन मंथ' या 'पोषण माह' सितंबर महीने में मनाया जाता है। इस 'पोषण माह' के दौरान आइए हम सभी स्वस्थ रहने का संकल्प लें। इस महामारी ने हमें अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता दुरुस्त और मजबूत बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन लेने के महत्व का अहसास कराया है। राष्ट्रीय पोषण माह 2021 की थीम है - कंवर्जिंग टुवर्ड्स अ हेल्दी वाक थ्रू लाइफ. संतुलित आहार और पौष्टिक भोजन खाकर जीवन के हर चरण में कुपोषण से अच्छे पोषण की ओर बढ़ना। आइए हम उन खाद्य पदार्थों पर ध्यान दें जो अधिक पौष्टिक होते हैं और हमारी रूचि या स्वाद के अनुसार होते हैं।

समद्दर ने यह भी कहा कि, बैलेंस्ड डाइट में सभी खाद्य समूहों को शामिल करना चाहिए और हमें स्थूल से सूक्ष्म तक सभी पोषक तत्व प्रदान करना चाहिए। लेकिन हम भारतीयों को प्रोटीन लेने पर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि हमारा प्रोटीन का सेवन कम रहता है। इसलिए उच्च प्रोटीन खाद्य पदार्थों, जैसे कि दाल, सोयाबीन, अंडे, चिकन, नट और बादाम का सेवन जरूरी है। हमारे दैनिक भोजन का एक चौथाई हिस्सा प्रोटीन होना चाहिए। महामारी ने हमारे जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है और स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के बारे में बातचीत का महत्व बढ़ता जा रहा है। चौबीसों घंटे मरीजों का इलाज कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों का कठिन काम वास्तव में प्रशंसनीय है।

## हरियाणा के 65 गांवों के पास से गुजरेगा यह हाइवे


पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दिल्ली-मुंबई** एक्सप्रेस-वे का हरियाणा में विशेष महत्व होगा। क्योंकि यह एक्सप्रेस-वे हरियाणा के 65 गांवों के पास से गुजरेगा। यहां विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को जिले के गांव लोहटकी में एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण के बाद समारोह में बोलते हुए कही।

नितिन गडकरी ने बताया कि गुरुग्राम जिला के 11 गांव, पलवल के 7 तथा मेवात जिला के 47 गांवों के निकट होकर यह हाइवे गुजरेगा। हरियाणा के तीन जिलों के मिलाकर 65 गांवों के पास यह हाइवे गुजरेगा। हरियाणा राज्य में हाईवे की शुरुआत गुरुग्राम-अलवर रोड (एनएच-248) से होगा, जबकि प्रदेश में इस हाईवे पर आखिरी गांव नूंह जिला के फिरोजपुर झिरका का गांव कॉलगांव है। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण को मार्च-2022 तक पूरा करने की लक्ष्य है। इसके पूरा हो जाने के बाद हरियाणा में यातायात की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। नूंह व पलवल जिला में ये बड़े राजमार्गों जैसे कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे तथा डीएनडी सोहना आदि से जुड़ेगा। इस एक्सप्रेस-वे की लगभग 160 किलोमीटर लंबाई हरियाणा प्रदेश में पड़ती है, जिस पर 10 हजार 400 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें से 130 किलोमीटर लंबाई के एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए काम अलॉट भी किया जा चुका है। यह एक्सप्रेस-वे हरियाणा में गुरुग्राम, पलवल तथा नूंह जिलों से होकर गुजरेगा। हरियाणा में पड़ने वाले हिस्से में 6 स्थानों पर वे-साईड सुविधाएं बनाई जाएंगी। इनमें यात्रियों के लिए सुविधाएं जैसे रिसोर्ट, रेस्टोरेंट, डोरमैट्री, अस्पताल, फूड कोर्ट, फ्यूल स्टेशन आदि के अलावा ट्रकों की पार्किंग गैराज आदि की सुविधा होगी। यही नहीं, कॉमर्शियल स्पेस ऑफलॉजिस्टिक पार्क भी होंगे।

## ईकॉम एक्सप्रेस ने डिलीवरी पार्टनर प्रोग्राम की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** ई-कॉमर्स उद्योग को टेक्नोलॉजी की सहायता से लॉजिस्टिक्स से जुड़े सभी समाधान उपलब्ध कराने वाली एक प्रमुख कंपनी, ईकॉम एक्सप्रेस ने आज ईकॉम संजीव प्रोग्राम (ESP) नामक अपने डिलीवरी पार्टनर प्रोग्राम के शुभारंभ की घोषणा की। इसका उद्देश्य अपने सुविधाजनक समय में अंशकालिक (पार्ट-टाइम) काम करने में सक्षम लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे ग्राहकों को ई-कॉमर्स पैकेज की डिलीवरी के जरिए अपनी आमदनी को बढ़ा सकें।

स्वतंत्र रूप से काम करने वाले लोगों को सशक्त बनाने के अलावा, इस फ्लैगशिप प्रोग्राम के जरिए कंपनी को तेज गति, विश्वसनीयता एवं प्रभावी लॉजिस्टिक्स समाधान सुनिश्चित करते हुए सामानों की डिलीवरी की क्षमता के बड़े पैमाने पर विस्तार में मदद मिलेगी, तथा ऑनलाइन ऑर्डर किए गए सामानों को ग्राहकों के घर तक और ज्यादा सुरक्षित तरीके से पहुंचाना संभव हो पाएगा। ईकॉम एक्सप्रेस ने आने वाले त्योहारों के मौसम में शिपमेंट पर बढ़ते दबाव को संभालने के लिए, UUttar Pradesh के प्रमुख शहरों एवं जिलों में 1000 से अधिक स्वतंत्र कामगारों को अपने डिलीवरी पार्टनर्स के रूप में शामिल करने की योजना बनाई है। नौसिखिया या अनुभवी - कोई भी व्यक्ति गूगल प्ले-स्टोर पर उपलब्ध ईकॉम संजीव ऐप के जरिए इस पार्ट-टाइम नौकरी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है और अतिरिक्त पैसे कमा सकता है। वे अपनी सुविधा के अनुसार टाइम-स्लॉट और काम करने के दिनों का चयन कर सकते हैं। 10वीं कक्षा पास कर चुके पुरुष या महिला डिलीवरी पार्टनर बन सकते हैं, और उनके पास दो, तीन या चार पहिया वाहन के साथ वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा एक स्मार्टफोन होना चाहिए। इस नौकरी हेतु नामांकन के लिए व्यक्ति अपने सभी दस्तावेज ऐप के माध्यम से अपलोड कर सकते हैं, जिनका सत्यापन नजदीकी ईकॉम एक्सप्रेस केंद्र पर किया जाएगा। लॉन्च की घोषणा करते हुए, सौरभ दीप सिंगला, EVP °ß´ CHRO, ईकॉम एक्सप्रेस, ने कहा, इस महामारी ने लोगों को पारंपरिक तौर पर नौकरी करने के बजाय स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए मजबूर कर दिया है, खासकर मौजूदा समय में जब देश अपनी अर्थव्यवस्था में नई जान डालने की कोशिश कर रहा है। हमने देश भर में इस कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिससे न केवल समुदायों को संकट से उबरने में मदद मिलेगी और उन्हें आमदनी का मौका प्राप्त होगा, बल्कि इससे सामानों को बेहद सहज तरीके से अंतिम गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में कंपनी की क्षमता का भी विस्तार होगा। Uttar Pradesh हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है, और राज्य में बढ़ते मामलों की वजह से इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए ई-कॉमर्स को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क पर डिलीवरी करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की वजह से 50 से अधिक लोग अपने घरों में सुरक्षित हैं। पिछले साल प्रायोगिक तौर पर शुरू किए गए इस कार्यक्रम ने 15000 से ज्यादा छात्रों, गृहिणियों और व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, जो अपने खाली समय में ई-कॉमर्स पैकेज को ग्राहकों के घर तक पहुंचाकर अतिरिक्त पैसे कमाना और अपनी आमदनी को बढ़ाना चाहते हैं।

# मुसलमानों का भला कर सकती है सिर्फ भाजपा : जाकिर हुसैन

## कहा, मेरे पिता ने तिनका-तिनका जोड़ कर वक्फ बोर्ड के लिए प्रॉपर्टी अर्जित की

दीपक कुमार। नूंह


वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन का स्वागत करते राकेश जैन, मनीष जैन और अन्य लोग।

**भारतीय** जनता पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है सही मायने में मुसलमानों का घर कोई भला कर सकती है तो वह भाजपा है। ये बातें हरियाणा वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त एडमिनिस्ट्रेटर एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने वरिष्ठ समाजसेवी राकेश जैन के कार्यालय पर सम्मान समारोह के दौरान कहीं।

जाकिर हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सभी वर्गों का समान विकास करना ही भाजपा की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मेवात इलाके में मुंबई में गए एक्सप्रेसवे मेवात की धरती से निकालकर भाजपा मेवात जिले के लिए एक बहुत बड़ी सौगात दी है। इसके अलावा कोई भी विधायक ना होते हुए भी प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मेवात में करोड़ों रुपये के विकास की सौगात दी जा रही है और करोड़ों रुपये के विकास कार्य प्रगति पर चल रहे हैं। जिससे भाजपा की नीति साफ स्पष्ट नजर आती है कि भाजपा केवल विकास को बल देना जानती है जबकि अन्य पार्टियां स्वार्थ की राजनीति करती हैं।

उन्होंने कहा की उनके पिता 1964 में फिरोजपुर झिरका से विधायक बने और वक्फ बोर्ड के चेयरमैन पद पर रहते हुए तिनका तिनका कर वक्फ बोर्ड के लिए प्रॉपर्टी को अर्जित किया।

इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी राकेश जैन, जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन, मंडल अध्यक्ष रमेश आर्य, नगर पार्षद मुरारीलाल जैन, सुल्तान जैन, नूर शाह, पूर्व पार्षद मनोज जैन, धर्मेंद्र जैन, शैलू जैन, गोल्डी शर्मा,तिलक सोनी, हेमंत, मोनू आर्य, शिवा सोनी सहित भाजपा के युवा कार्यकर्ता व अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोरोना बचाव का एक मात्र उपाय वैक्सीन

**नूंह।** कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर वीरवार को सचिवालय में विधायकों व धर्मगुरुओं के साथ के बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण की संभावति तीसरी लहर को देखते हुए हम सब को सजग व जागरुक रहना होगा।

कोरोना से बचने के लिए वैक्सीनेशन ही एक मात्र उपाए है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला में मेगा वैक्सीनेशन अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत सोमवार को जिला के सभी वैक्सीनेशन कैम्पों का विधायक, चिकित्सक व प्रशासनिक अधिकारी व विभिन्न धर्मगुरु निरीक्षण करेंगें। उपायुक्त ने जिला वासियों से अपील की कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाए, और जिन लोगों ने वैक्सीनेशन का पहला डोज ले लिया है वे सभी दूसरा डोज जरूर ले ताकि स्वयं को और अपने परिवार को कोरोना संक्रमण से बचा सकें। उपायुक्त ने कहा कि वैक्सीन लगवाने के बाद इसका प्रमाण पत्र अनेक कार्यों में काम आता है। इसलिए भी वैक्सीन का लगवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिस भी नागरिक ने कोविड-19 वैक्सीन की पहली डोज या फिर दोनों डोज लगवा ली है तो वह कोविड-19 वैक्सीन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकता है।

# गुरुग्राम: 20 दिन तक मोदीमय रहेगा हरियाणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिवस 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक पूरा हरियाणा मोदीमय रहेगा। अगले 20 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश भाजपा ने इसकी पूरी रुपरेखा खींचकर संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है।

20 दिनों तक चलने वाले इस अभियान को सेवा और समर्पण नाम दिया गया है। अभियान के तहत एक दर्जन से अधिक प्रकार के सेवा कार्य करते हुए पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचेंगे। सेवा कार्यों के साथ-साथ हर विधानसभा में 11 विषयों पर संगोष्ठियां और सेमीनार होंगे। जिनके जरिए नरेंद्र मोदी और उनके द्वारा जनकल्याण और देशहित के फैसलें जनता के सामने रखे जाएंगे। इन कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ताओं का पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति समर्पण तथा जरूरतमंदों, दिव्यांगों और बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए सेवा भाव दिखाई देगा।

अभियान की रुपरेखा खुद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने तैयार करते हुए प्रदेश महामंत्री वेदपाल

### भाजपा का सेवा एवं समर्पण अभियान आज से शुरु

एडवोकेट को अभियान के प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। जो 9 गतिविधियां होनी हैं, उनके प्रभारी और सह प्रभारी बनाकर उनको समर्पण भाव से सभी कार्य करने के निर्देश प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की तरफ से दिए गए हैं।

प्रदेश के मीडिया प्रमुख संजय शर्मा और सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने बताया कि पार्टी प्रदेश भर में 71 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाएगी। हर स्थान पर कम से कम 71 युनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। इसी दिन कोरोना की रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण करने का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने उक्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जिम्मेदारी विधायक डा. कमल गुप्ता और भाजयुमो अध्यक्ष राहुल राणा को दी है। पर्यावरण संबंधी कार्य किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर माण्डी एवं प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवीन गोयल संभालेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्यूबवेल ऑपरेटर इकाई का हुआ गठन



**तावडू।** नगर के बुराका पचगांव रोड पर स्थित श्मशान घाट पार्क में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ जिला नूंह द्वारा ट्यूबवेल ऑपरेटर की तावडू ब्लॉक की इकाई का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अनिल भारद्वाज ने की। उन्होंने बताया कि ट्यूबवेल ऑपरेटर की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। जिसमें सांगा खान को अध्यक्ष, निसार को सचिव व हुकम को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। अनिल भरद्वाज ने बताया 17 सितंबर को अन्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस सभी ब्लॉकों में जोर-शोर से बनाया जाएगा। जिसमें भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता पौधरोपण, स्वच्छता अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम व कोरोना वैक्सीनेशन के लिए जागरूकता कार्यक्रम कराये जाएंगे। उन्होंने आने वाली पांच अक्टूबर को मजदूरों की मांगों को मनवाने के लिए मुख्यमंत्री के सामने धरना प्रदर्शन करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में चंडीगढ़ पहुँचने का आह्वान किया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला सह मंत्री सत्यवान ने सभी ट्यूबवेल ऑपरेटर को मिलकर काम करने का आह्वान किया। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के जिला अध्यक्ष नसरुद्दीन व सचिव मजीद ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी। अन्य विषयों पर भी संबोधित किया। इस मौके पर ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे थे।

### वाईएमडी कॉलेज में एनएएसी परामर्श समिति का हुआ आयोजन



**नूंह।** यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह में गुरुवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के एनएएसी परामर्श समिति का आयोजन हुआ। इस समिति में अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर केके गुप्ता, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ नरेश कामरा तथा प्रोफेसर चक्रवती उपस्थित रहे। सभी का वाईएमडी कॉलेज प्राचार्य डॉ इम्तियाज खान द्वारा स्वागत किया गया। सभी ने महाविद्यालय के सभी मूलभूत संसाधनों का गहनता से अवलोकन किया। एनएएसी के लिए आवश्यक सूचनाओं का आदान प्रदान किया। अंत में एनएएसी के लिए विशिष्ट सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समिति तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। वहीं सभा का संचालन डॉ एजाज अहमद ने किया। इस दौरान अग्रवाल कॉलेज और वाईएमडी कॉलेज के प्राचार्य ने संबोधित किया। साथ ही कुछ विशेष विषयों पर बल दिया ताकि महाविद्यालय को एनएएसी की श्रेणी में लाया जा सके।

### मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने गांव पेंगलतू के मोक्षधाम में बुधवार देर सांय खून में लथपथ मिले युवक कृष्ण के भाई की शिकायत पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस की एक टीम हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस कृष्ण की हत्या के कारणों व हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ज्ञात रहे कि बुधवार सांय गांव पेंगलतू के ग्रामीणों ने गांव के मोक्षधाम में एक युवक का शव खून में लथपथ देखा था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना होडल थाना पुलिस को दी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की शिनाख्त गांव पेंगलतू निवासी कृष्ण के रूप में की थी। पुलिस के अनुसार कृष्ण की हत्या सिर में चोट मारने से की गई थी। पुलिस ने जब कृष्ण की हत्या के बारे में उसके परिजनों से पूछताछ की तो परिजन भी इस हत्या से अंजान थे। पुलिस ने मृतक कृष्ण के शव को कब्जे में लेकर शव पलवल के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में थाना प्रभारी अनूप कुमार का कहना है कि पुलिस ने मृतक कृष्ण के भाई सुनील की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कृष्ण की हत्या के कारणों व हत्यारों की तलाश के लिए पुलिस की एक टीम जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस जल्द हत्यारों की तलाश कर लेगी।

# दबंगों ने रास्ता रोककर मारपीट की, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के गांव बिस्सर अकबरपुर में दबंगों द्वारा जबरन रास्ता रोककर एक पक्ष के लोगों के साथ लाठी-डंडे व सरियों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित बिस्सर अकबरपुर निवासी रामकिशन ने बताया कि 14 सितंबर रात करीब 9 बजे गांव के ही महेश, विजय, पवन, जितेन्द्र, अमित ने रंजिश के चलते वह और उनके साथी बीर सिंह पर अपने घर के सामने घेरकर लाठी, डंडे, तलवार, सरिया से हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने साथी बीरसिंह पर तलवार से हमला कर दिया। जब

### पुलिस की पकड़ से दूर हैं आरोपीगण

वह बीरसिंह को बचाने लगा तो आरोपियों ने उनके ऊपर भी लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर उनका हाथ तोड़ दिया। झगड़े का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें किसी तरह हमलावरों से बचाया। इस दौरान सभी हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

उपचार कराने के लिए तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें नूंह शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित रामकिशन के बयान पर सदर थाना पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाभी ने लगाया देवरों पर जबरन दुष्कर्म का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के एक गांव में भाभी ने अपने देवरों पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित भाभी की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पीड़िता ने बताया कि लगभग छह साल पहले उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि पिछले चार महीने से देवर सम्मा, दिलशाद, आसिफ और परवेज उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाए हुए हैं। मामले को लेकर जब उन्होंने अपने पति से शिकायत की तो उन्होंने भी उल्टा उन्हें ही धमकाया। मजबूरन उन्होंने सास, ससुर व एक अन्य नजदीकी व्यक्ति को उनके साथ हो रहे गलत कार्य के बारे में बताया, लेकिन पीड़िता के एतराज पर किसी ने ध्यान नहीं दिया उल्टा उन्हें ही डरा धमका कर चुप रहने की धमकी दी गई।

# गणेश उत्सव कार्यक्रम में गौरा माता की किया गया विसर्जित

कैलाश मंगला। होडल

**बाईसी** मोहल्ले में भगवान गणेश के आगमन को लेकर आयोजित गणेश उत्सव कार्यक्रम में गौरा माता का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कर रहे बालकिशन जाधव ने बताया कि गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है।


गणेश उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेती महिलाएं।

गणेश उत्सव पर रोजाना होने वाले कार्यक्रमों में आसपास के सैकडों महिला-पुरुष श्रद्धालू भगवान गणेश व सती माता के भजन-किर्तन व नृत्य कर भगवान गणेश की सुबह-सांय भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इसके अलावा रोजाना महिला-पुरुष श्रद्धालू अपने घरों से तरह-तरह के व्यंजन लाकर भगवान गणेश व सती माता को भोग लगा रहे हैं। गणेश उत्सव के इस मौके पर बालकिशन जाधव ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में सामाजिक संगठनों को भी बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से बडी कोई भक्ति नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके घर में गणेश चतुर्थी पर उनके घर में भगवान गणेश का आगमन हुआ और आगामी 19 सितंबर को ढोल-नगाडों के साथ भगवान गणेश का विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भगवान गणेश के विसर्जन के मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर भारती जाधव, सपना, रिया, नेहा बंसल, सुनीता, शशी, पिंकी, अंजना, संतोष, सुधा, रेखा, सीमा, अनीता, गीता, काजल यादव, शशी, बबीता, अंशु, मिन्की, कृष्णा के अलावा सैकडों महिला, पुरुष श्रद्धालू ने गणेश उत्सव में हिस्सा लिया।

# ट्रक-कैंटर की टक्कर में 25 लोग गंभीर रूप से घायल

## केएमपी मार्ग पर हुई दुर्घटना की जांच में जुटी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। तावडू


नगर के निजी अस्पताल में उपचाराधीन घायल मजदूर।

**रेवासन** टोल प्लाजा के नजदीक केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बुधवार-बृहस्पतिवार की रात ट्रक-कैंटर की टक्कर में 25 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर सभी घायलों को तावडू शहर के ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

घायल छत्रपाल, उर्मिला देवी, रुक्मणी, दारा सिंह, ओमबीर आदि ने बताया कि बुधवार को उत्तर प्रदेश के जिला फिरोजाबाद के गांव सिकंदर से वह लोग मजदूरी करने के लिए कैंटर में भरकर पंजाब के तलवंडी साहिब जा रहे थे। कैंटर के अंदर छोटे बच्चों सहित कुल 45 लोग सवार थे। जब उनकी गाड़ी रोजका मेव थाना क्षेत्र के गांव रेवासन के समीप पहुंची तो अचानक एक ट्रक से टकरा गई। जिसमें बच्चों सहित करीब दो दर्जन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तावडू स्थित एक निजी ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है।

गाड़ी में साथ बैठे साहिब सिंह व प्रिया ने बताया कि लाकडाउन के चलते सभी के धंधे रोजगार चौपट हो गए थे। जिस कारण बड़ी संख्या में विभिन्न प्रदेशों में काम करने वाले मजदूर अपने अपने गांव चले गए थे। अब धीरे-धीरे जैसे महामारी कम हुई तो लोग काम धंधे की तलाश में जुट गए।

वह लोग भी कपास तोड़ने के लिए तलवंडी साबो जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही यह बड़ा हादसा हो गया। रोजका मेव थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कुछ घायल मजदूरों को तावडू के ग्लोबल अस्पताल में पहुंचाया जा चुका था। पुलिसकर्मी तावडू गए हुए हैं। नियम अनुसार जो भी कार्रवाई होगी की जाएगी।

# तप में तपाकर कर्म मल रहित करना ही उत्तम तप धर्म

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**सांसारिक** विषय भोगों की इच्छाओं से मुक्त होकर अनादि कर्म बंधन से सिद्ध स्वरूप निर्मल आत्मा को प्रकार के अनशनादि बारह प्रकार के तप में तपाकर कर्म मल रहित करना ही उत्तम तप है। जैन धर्म के 10 धर्मो में तप सातवा धर्म है।

हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन नगीना के पूर्व अध्यक्ष,व जैन समाज नगीना के बुजुर्ग व समाजसेवी महावीर प्रसाद जैन ने बताया की कर्मों क्षय करने के लिए तप करना आवश्यक है। तप का अर्थ है तपाना। आचार्यों ने इसको निरोधस्तप अर्थात इच्छाओं को रोकना (निरोध) तप है। जैन ने बताया कि मुनियों के द्वारा जिस स्थान पर तप किया जाता है व स्थान पूज्य हो जाता है, इस पवित्र तप को प्रत्येक प्राणी को धारण करना चाहिए। आत्म शुद्धि के लिए व इच्छाओं को रोकना निरोध करना उत्तम तप धर्म है। तप भेद के कुल 12 प्रकार होते है। जिनमें 6, बहिरंग तप, 6 अंतरंग तप शामिल हैं। अनशन, उनोदर,परिसंख्यान, रस परित्याग, विविक्त शायनासन और काय कलेश। अंतरंग तप में प्रायश्चित, विनय, स्वाध्याय,ध्यान ,वैयावृत्ति, और व्युत्सर्ग शामिल हैं। तप की प्रधानता मुनिश्वरों के लिए होती है। गृहस्थ भी अगर तप करता रहता है तो कष्ट आने पर उसे भय नहीं लगता है।

## कोरोना की दूसरी लहर के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

**नूंह।** जिला की अतिरिक्त उपायुक्त सुभिता ढाका ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोरोनावायरस की दूसरी लहर के बाद कोरोना मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन घट रही है। अब स्कूलों में रौनक लौट आई है। उन्होंने स्कूल प्रशासन से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा की कोरोना की आशंकित तीसरी लहर के मद्देनजर सभी विद्यार्थियों का अच्छे से ध्यान रखा जाए सभी विद्यार्थियों को कोरोना के विरुद्ध व्यवहार को अपनाते हुए उन्हें जागरूक करें और सैनेटाइजेशन का पूर्णता पालन करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि छात्रों ने स्कूल खुलने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि ऑफलाइन पढ़ाई ज्यादा बेहतर होती है, ऑनलाइन की अपेक्षा। क्योंकि, ऑनलाइन में इंटरनेट कनेक्शन ना आने से क्लास छूट जाती है जिससे पढ़ाई का काफी ज्यादा नुकसान हो रहा था। लेकिन, अभी स्कूल खुल गए हैं उन्हें बेहतर शिक्षा मिलेगी। जो पढ़ाई बाधित हो रही थी वो फिर सुचारु रूप से चालू हो जाएगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी बच्चों की थर्मल स्कैनिंग की जा रही है। जिन बच्चों के पास मास्क नहीं है उन्हें मास्क उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी नियमों का पालन करते हुए, कक्षाएं सुचारु रूप से चलाई जा रही हैं।


## पायनियर क्लासीफाइड

♦ नाम परिवर्तन ♦

I, Asha Madaan W/o Sh. Ashok Kumar Madaan R/o HNo.FCA-316D, Gali No. 4, SGM Nagar NIT Faridabad declare that Asha Madaan & Bablesh Kumari both names same & one Person i.e myself. My correct name is Asha Madaan.

♦ बेदखली सूचना ♦

मैं, मूलचंद पुत्र श्रीराम व श्रीमति सन्तोष पत्नी श्री मूलचंद पुत्र श्रीराम निवासी मकान न. 5, राजपुर कला फरीदाबाद तह. व जिला फरीदाबाद हरियाणा ध्यान करते हैं कि हम अपने पुत्र नीरज व उसकी पत्नी कनिका को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

बेदखली सूचना

मैं, सुरेश गौतम (आधार कार्ड न. 6784-2419-1824) पुत्र राम सिंह निवासी मकान न. डी-101, नीलम बाटा रोड, एसी नगर, एनआईटी फरीदाबाद, अपने पुत्र रोहित गौतम व पुत्रवधू मंजू को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, जोकि मेरी आज्ञा में नहीं है उसके द्वारा किए गये किसी भी कार्य, नया-पुराना पैसे का लेन-देन, झगड़ा मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस, आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।


# हरियाणा को केंद्र सरकार से मिले 10 लाख स्मार्ट मीटर

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास ने कहा कि राज्य में चार लाख स्मार्ट मीटर अभी तक लगाए जा चुके हैं। जबकि 10 लाख स्मार्ट मीटर भारत सरकार के द्वारा हरियाणा को दिए गए हैं। उनको भी लगाने का कार्य जारी है। हरियाणा के अंदर गर्मी के मौसम में प्रतिदिन 26 करोड़ तथा आज कल 17 करोड़ यूनिट बिजली सप्लाई की जा रही है तथा हरियाणा में एक हजार मेगावाट बिजली सर प्लस में है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास वीरवार को नूंह जिला के लघु सचिवालय में बिजली विभाग की विधायकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक ले रहे थे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने हरियाणा के लिए 10 लाख व उत्तर प्रदेश के लिए 40 लाख स्मार्ट मीटर दिए हैं। जिस में मीट्रिक प्रणाली की आधुनिक तकनीक व्यवस्था की गई है। मीटर रीडिंग अब कंप्यूटर के माध्यम से हो सकेगी। मीटर रीडर को घर के अंदर जा कर मीटर के सामने जाकर मीटर रीडिंग करने की आवश्यकता नहीं होगी। उपभोक्ता चाहे तो स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मीटर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते है। इसके अलावा 15 मिनट में कितना खर्च हो रहा है इसकी जानकारी भी मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली के छह सालों से रेट नहीं बढाए है। बल्कि 37 पैसे कम किए है। लाईन लॉस जो पहले 50 प्रतिशत होता था अब वह 14 प्रतिशत पर रह गया है। हरियाणा के अंदर स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी के आंशिक मामलों में और नियंत्रण होगा। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटर उन लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा जो लोग कुछ समय या रहते हैं और कुछ समय बाहर रहते हैं।

# मेवात के परवेज और जुनैद के गोल्ड एवं ब्रॉन्ज मेडल मेडल जीतने पर छाया हर्ष

पायनियर समाचार सेवा। तावडू


कोच के साथ ब्रोंज मेडल दिखाता जुनैद।

### नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में परचम लहराकर लौटे युवा

### तेलंगाना के वारंगल में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**नूंह** जिले के तावडू के गांव चाहल्का निवासी परवेज और पचगांव निवासी जुनैद ने 60वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021 की अलग-अलग इवेंट्स में गोल्ड व ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। मेवात के दोनों होनहार इन युवाओं की कामयाबी पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने मेडल हासिल करने वाले युवाओं के परिजनों को बधाई दी व मुंह कर दी है। जुनैद ने बताया कि वह तेलंगाना वारंगल के अंतर्गत हनामकोंडा में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 15 सितम्बर से हो रही प्रतियोगिता में रेलवे विभाग की ओर से 20 किलोमीटर रेसवाक ईवेंट में भाग ले रहे थे। जुनैद ने बताया कि 15 सितंबर से शुरू हुई 60वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021 की रेस वाक प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड व राजस्थान सहित अलग-अलग विभागों की ओर से 20 किलोमीटर पुरुष वाक रेस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि एक घंटा 29 मिनट 38 सेकेंड समय में रेस पूरा कर रेलवे विभाग को ब्रोंज मेडल दिलाया। वहीं पंद्रह सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल करने वाले परवेज के पिता नफीस व ताऊ निसार ने खुशी जताते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में परवेज के साथ कुल 10 प्रतिभागी दौड़े थे। जिसमें उनके बेटे ने एक निश्चित समय के साथ दौड़ पूरा कर गोल्ड मेडल हासिल किया है।

आपको बता दें कि तेलंगाना के वारंगल में 15 से 19 सितंबर तक आयोजित 60वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021 प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ी चयनित थे। प्रतियोगिता में रेल विभाग की ओर से भाग ले रहे जुनैद ने बुधवार को ब्रोंज मेडल हासिल किया तो वहीं बृहस्पतिवार 4.00 बजे तक परवेज की दौड़ प्रतियोगिता संपन्न हो गई। जिसमें परवेज ने गोल्ड मेडल जीत लिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कोविड से संघर्ष

## बच्चों का टीकाकरण

**कोविड**-19 के खिलाफ संघर्ष में बच्चों का टीकाकरण बचाव हेतु जरूरी है। भारत में शिक्षा संस्थानों के खुलने के साथ ही माता-पिता की चिन्ता बढ़ गई है कि उनके बच्चों का अभी कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण नहीं हुआ है और उनको स्कूल जाने पर संक्रमण हो सकता है। यह चिन्ता स्वाभाविक तथा समझ में आने योग्य है, पर उनकी चिन्ता का स्पष्ट समाधान सामने नहीं आ रहा है। राज्य, केन्द्र, राज्य टास्क फोर्स, केन्द्रीय टास्क फोर्स व अनेक विशेषज्ञों को एकसाथ आकर स्पष्ट करना चाहिए कि बच्चों को कब तक टीके लगने की उम्मीद है। क्या उनको इस उद्देश्य से आयुवर्गों में बांट दिया जाएगा और क्या उनमें से स्वस्थ बच्चों को फौरन टीकाकरण की आवश्यकता होगी? बालरोग विज्ञानियों का कहना है कि वायरस से स्वस्थ बच्चों को जोखिम कम है, पर इस बात पर वे एकमत नहीं हैं कि क्या बिना टीका लगे उनका स्कूल जाना सुरक्षित होगा। ब्रिटेन अभी 12-15 वर्ष आयुवर्ग के स्वस्थ बच्चों को टीका लगाने का इच्छुक नहीं है। टीके की खूराकों से लाभ बहुत मामूली होगा, तथा इसके बजाय जोखिम वाले वयस्कों तथा अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को टीका देना बेहतर होगा। इनमें हृदय, फेफड़ों व अन्य व्याधियों से लंबे समय से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। ब्रिटिश समिति की यह हिचक फाइजर व माडर्ना टीकों से हृदय में सूजन जैसे विरल पार्श्व प्रभाव के कारण है। भारत में 44 करोड़ बच्चों में से लगभग 12 करोड़ 12-17 वर्ष आयुवर्ग वाले हैं। राष्ट्रीय कोविड टास्क फोर्स की राय है कि अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को प्राथमिकता पर टीके लगाए जाएं। इस प्रकार उसके कथन का अर्थ है कि



स्वस्थ बच्चों को कोई खतरा नहीं है। वैसे भी वर्तमान समय में 19 से अधिक राज्यों ने स्कूल पुन: खोल दिए हैं तथा बाकी भी जल्दी ही बच्चों को कक्षाओं में भेजने पर फैसला करेंगे। लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि आगामी कुछ सप्ताह में बच्चों के लिए टीके उपलब्ध होंगे। जाइकोव-डी टीके को 12-17 वर्ष आयुवर्ग में आपातकालीन प्रयोग की अनुमति मिली है तथा बच्चों के लिए भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के परीक्षण सुरक्षित पाए गए हैं। बायोलाजिकल ई की कार्बोवैक्स वैक्सीन को पांच साल से बड़े बच्चों पर परीक्षण की अनुमति मिली है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवोवैक्स व नोवावैक्स भी फिलहाल परीक्षण के दौर में हैं। जान्सन एंड जान्सन ने 2-17 वर्ष आयुवर्ग वाले बच्चों के लिए परीक्षण की अनुमति मांगी है। हालांकि, बच्चों की वैक्सीन के बारे में वैज्ञानिकों की राय थोड़ी अलग है। वे कहते हैं कि यह पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन इसके साथ ही यह शर्त भी जोड़ देते हैं कि जोखिम-लाभ अनुपात पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि बच्चों में संक्रमण हमेशा बहुत हल्का या बिना लक्षणों वाला होता है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इसके बावजूद उनको उसी तरह टीकाकरण की जरूरत होगी जैसे उनको अभी अनेक वायरस बीमारियों के खिलाफ टीकाकृत किया जाता है। सवाल यह है कि वे प्राथमिकता सूची में कहां हैं। इस सवाल का जवाब आसान नहीं है क्योंकि दो तर्क सरकार को दूसरी दिशा में ले जाते हैं। पहला, जोखिम वाले वयस्कों तथा बच्चों के समूहों को प्राथमिकता देने की स्पष्ट आवश्यकता है। दूसरा, विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस चिन्ता पर कहां तक ध्यान देने की आवश्यकता है कि अपने बच्चों का टीकाकरण कर कुछ देश गरीब देशों के फ्रंटलाइन वर्करों तथा अत्यधिक संकटग्रस्त लोगों को टीके से वंचित कर देंगे।

# टेस्ला को आयात कर में छूट अनुचित

विद्युत वाहनों पर कर कम होने से कम्पनियों को विदेशी बाजारों से आयात कर भारत में बेचने का प्रोत्साहन मिलेगा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ नहीं होगा।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)





अमेरिकी विद्युत कार निर्माता टेस्ला की विद्युत कारों के आयात पर प्रस्तावित आयात कर छूट सार्वजनिक बहस का विषय है क्योंकि इसका संबंध घरेलू आटोमोबाइल उद्योग से है। हालांकि, इस प्रस्ताव के पक्ष में लाबींग के प्रयास हो रहे हैं, पर स्वदेशी आटोमोबाइल उद्योग इसका जोरदार विरोध कर रहा है। अमेरिकन विद्युत कार कंपनी ने आयात कर को वर्तमान 60 प्रतिशत के बजाय 40 प्रतिशत करने की मांग की है। उसके अनुसार, 40,000 डालर से कम कीमत वाली पूर्णत: असेम्बल कारों पर 40 प्रतिशत तथा इससे अधिक मूल्य वाली कारों पर वर्तमान 100 प्रतिशत के बजाय 60 प्रतिशत किया जाना चाहिए। मजेदार बात है कि कंपनी ने भारत में कारों का निर्माण शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं किया है। अखबारों की खबरों से स्पष्ट है कि सरकार के कई मंत्रालय टेस्ला द्वारा आयात कर घटाने के प्रस्ताव के समर्थन में हैं। वर्तमान समय में भारतीय आटोमोबाइल उद्योग 8.2 लाख करोड़ का है तथा विनिर्माण की लगभग 49 प्रतिशत जीडीपी इस क्षेत्र से आती है जो कुल जीडीपी का 7.1 प्रतिशत है। इस क्षेत्र से 3.7 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलता है। यह विभिन्न प्रकार के लगभग 27 बिलियन डालर के वाहन निर्यात करता है। यह कुल संग्रहीत जीएसटी का 15 प्रतिशत देता है तथा विभिन्न प्रकार के वाहनों की देश की आवश्यकता पूरी करता है। इसके साथ ही आटोमोबाइल हिस्से पुर्जों के विनिर्माण का बड़ा क्षेत्र विकसित हुआ है जो विनिर्माण, रोजगार तथा निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान करता है।

आज विद्युत वाहन वार्षिक कार बिक्री में केवल एक प्रतिशत हैं। भारत सरकार देश में विद्युत वाहनों-ईवी के विनिर्माण को बहुत प्रोत्साहन दे रही है ताकि आयातित फासिल ईंधन पर निर्भरता कम हो तथा कार्बन फुटप्रिंट घटे। इसके लिए ईवी विनिर्माण तथा ईवी पुर्जों व बैटरियों, आदि के आयात पर आयात कर 10-15 प्रतिशत रखा गया है जो परंपरागत आटोमोबाइल पुर्जों के आयात कर से बहुत कम है। इस छूट का लाभ उठा कर स्थापित भारतीय कंपनियां और स्टार्टअप देश में स्थानीय मूल्य संवर्धन करने लगे हैं। दीर्घकालीन स्थानीयकरण कार्यक्रम की दिशा में भी प्रयास हो रहे हैं। सरकारी प्रयासों को देखते हुए लगता है कि भारत जल्द ही इन वाहनों की घरेलू आवश्यकता पूरी करने की स्थिति में होगा। अतीत पर नजर डालने से स्पष्ट है कि घरेलू आटोमोबाइल क्षेत्र को संरक्षण इस क्षेत्र के विकास हेतु जरूरी है जो वर्तमान समय में न केवल घरेलू जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि बाकी दुनिया को वाहनों का निर्यात भी कर रहा है। यह देश के भीतर ही सफलतापूर्वक अधिकांश हिस्से-पुर्जों की खरीद भी करता है। यहां पर उल्लेखनीय बात यह है कि भारतीय आटो हिस्से पुर्जों का उद्योग भी 3.95 लाख करोड़ का है। भारतीय आटो क्षेत्र जीडीपी में 2.3 प्रतिशत का योगदान करने के साथ ही पांच मिलियन लोगों को रोजगार देता है तथा 15-16 बिलियन डालर या 1.06 लाख करोड़ रुपये का निर्यात भी करता है।

भारत का लक्जरी कार बाजार तुलनात्मक रूप से बहुत छोटा है। वर्ष 2019-20 में कुल 40,637 लक्जरी कारें बिकी, जबकि कोविड प्रभावित 2020-21 में इनकी संख्या केवल 19,700 थी। इसका कारण यह है कि जनसंख्या का बहुत छोटा हिस्सा 15 लाख रुपये या 20,000 डालर से महंगी लक्जरी कार खरीद सकता है। इसका बहुत छोटा हिस्सा ही 30 लाख से अधिक महंगी कार खरीदेगा। यदि टेस्ला को आयात

> **यदि टेस्ला को आयात कर में छूट दी गई तो लक्जरी कार खरीदने वाले आयातित टेस्ला विद्युत कारें खरीदेंगे। इससे भारत में कार निर्माताओं को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और देश में ईवी विनिर्माण की क्षमता प्रभावित होगी। भारत ने उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लैगशिप पीएलआई योजना शुरू की है जिनके लिए देश विदेशों पर निर्भर है।**

कर में छूट दी गई तो लक्जरी कार खरीदने वाले आयातित टेस्ला विद्युत कारें खरीदेंगे। इससे भारत में कार निर्माताओं को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और देश में ईवी विनिर्माण की क्षमता प्रभावित होगी। भारत ने उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लैगशिप प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव-पीएलआई योजना शुरू की है जिनके लिए देश विदेशों पर निर्भर है।

इस योजना में 13 क्षेत्र शामिल किए गए हैं। इसके पहले चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम-पीएमपी शुरू किया गया था। आयात कर घटाने तथा चीन व अन्य देशों द्वारा सस्ता माल भेजने के कारण टेलीकाम व आईटी हार्डवेयर क्षेत्र में भारत विनिर्माण हब बनने का अवसर खो चुका है। सौभाग्य से पहले पीएमपी तथा वर्तमान में पीएलआई योजनाओं के कारण इस क्षेत्र को अब घरेलू विनिर्माण में कुछ सफलता मिली है। यदि हम पूर्णत असेंबल विद्युत कारों तथा वोक्सवैगन जैसी अन्य कार कंपनियों की कारों पर आयात कर में छूट देंगे तो पुरानी गलती दुहरायेंगे जिसके चलते हम विद्युत वाहनों के विनिर्माण व टेक्नोलोजी विकास के अवसर खो चुके हैं। विदेशी कार कंपनियां आयात कर घटाने की पैरोकारी करने लगी हैं।

ईवी पर कस्टम ड्यूटी में कमी से कंपनियों को केवल विदेशी बाजारों से आयात कर भारतीय बाजार में बेचने का प्रोत्साहन मिलेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था में कोई मूल्य संवर्धन नहीं होगा तथा ऐसा कदम भारत में घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों को हतोत्साहित करेगा। स्वदेशी आटोमोबाइल कंपनियां तथा स्टार्टअप लगातार शोध एवं विकास-आरएंडडी तथा उत्पादों के विकास में निवेश कर रहे हैं और इस प्रकार टिकाऊ अर्थव्यवस्था के योगदान में सहायक हैं। अत: आयातित विद्युत कारों के वितरण की नीति को प्रोत्साहन देने के बजाय स्थानीय कंपनियों के विकास को प्रोत्साहित करना बेहतर होगा। इसके लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को दीर्घकालीन नीतियां बनानी होंगी। वेंचर कैपिटलिस्टों द्वारा समर्थित ओला कंपनी ने अपना पहला विद्युत स्कूटर लांच किया है जिसकी एक ही दिन में एक लाख से अधिक बुकिंग हो गई हैं। ओला व अन्य दो पहिया मूल उपकरण विनिर्माता-ओईएम अद्यतन विनिर्माण प्लांट स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में टेस्ला को आयात कर में छूट इस दिशा में भावी उद्यमों को हतोत्साहित करेगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि टेस्ला की बिजनेस माडल कंपनी घरेलू आटो हिस्सा-पुर्जा विनिर्माताओं को कोई अवसर नहीं देती है।

इलोन मस्क के शब्दों में, 'हमारे पास व्यापक आंतरिक विनिर्माण तकनीक है और हम उस पर निर्माण करेंगे। इसका अर्थ है कि हम जो चीज बनाना चाहते हैं उसके लिए मशीन डिजाइन करेंगे और फिर मशीन बनाएंगे।' हमें असेंबल कारों पर आयात कर नहीं घटाना चाहिए। इसके बजाय हमें ईवी को समर्थन देने के लिए राजकोषीय व गैर-राजकोषीय कदम उठाने चाहिए। जीएसटी, रजिस्ट्रेशन फीस, परमिट फीस व रोड टैक्स में कमी के साथ ही पीएलआई व ईवी वाहनों में परिवर्तन को प्रोत्साहन ऐसे कुछ कदम हैं। ईवी वाहनों के सीधे आयात से शोध एवं विकास में निवेश को हतोत्साहित करने के बजाय हमें ऐसा परिवेश बनाना चाहिए जिसमें ईएंडडी में निवेश बढ़े। यदि हम टेस्ला कारों को आयात की अनुमति देते हैं तथा आयात कर में छूट देते हैं तो हम ईवी परिवेश विकास में बाधा पैदा करेंगे।

हमें दुनिया की तेजी से एकीकृत होती बाजार का लाभ उठा कर भारतीय कंपनियों को दीर्घकालीन तकनीकी लाभ प्रदान करने चाहिए। अभी ईवी की तकनीकों का विकास शिखर तक नहीं पहुंचा है तथा इसमें अनेक संभावनायें हैं। हमने इसी रास्ते पर चलते हुए मोबाइल फोन क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है क्योंकि भारत ने 2000 दशक की शुरुआत में ही मोबाइल फोन विनिर्माण क्षमताओं का विकास किया था। हमें भावी वैश्विक बाजार में मजबूत स्थिति के लिए सुदृढ़ तकनीकी नीव की जरूरत है। इसके लिए हमें आटोमोबाइल क्षेत्र के निर्यात को रिकार्ड ऊंचाई तक ले जाना होगा तथा किसी भी कीमत पर टेस्ला कारों के आयात कर में छूट से बचना होगा।

# नए युग की डिजिटल कंपनियों पर कराधान



**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)

डिजिटल तकनीक ने न केवल दुनिया के काम करने के तरीके को बदल दिया है, इसने देश की कराधान प्रणाली में भी पैठ बना ली है। वर्षों से, कोई भी कंपनी जो भारत की निवासी है, कराधान कानूनों के दायरे में आती रही है। हालांकि, किसी कंपनी को आर्थिक गतिविधि में संलग्न होने के लिए अब किसी देश का निवासी होने की आवश्यकता नहीं है। प्रौद्योगिकी और इंटरनेट ने एक कंपनी को एक देश में मौजूद होना और दूसरे में काम करना संभव बना दिया है। इसने उन देशों के लिए चिंता पैदा कर दी है जहां उपभोक्ता स्थित हैं क्योंकि वे पुराने कानूनों के कारण कर संग्रह के अपने हिस्से से वंचित हैं, जिनमें कर लगाने के लिए कंपनियों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता होती है।

इस विसंगति के कारण अंतरराष्ट्रीय कराधान कानूनों में तत्काल संशोधन की आवश्यकता है। इस मुद्दे को हल करने के लिए, अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा कुछ आम सहमति प्राप्त करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) द्वारा बेस इरोशन एंड प्रॉफिट शेयरिंग (बीईपीएस) कार्य योजना ढ्ढ के तहत, जिसमें कुछ अंतरिम की सिफारिश की गई है। नए युग की डिजिटल अर्थव्यवस्था से उत्पन्न होने वाली कर चुनौतियों से निपटने के अवसर।

ऐसा ही एक विकल्प 'महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति' (एसईपी) की अवधारणा है जिसे दो तरीकों से परिभाषित किया जा सकता है। सबसे पहले, भारत में किसी भी व्यक्ति के साथ एक अनिवासी द्वारा किए गए किसी भी सामान, सेवाओं या संपत्ति के संबंध में कोई लेनदेन, जिसमें भारत में डेटा या सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने का प्रावधान शामिल है, यदि इस तरह के लेनदेन या लेनदेन के दौरान होने वाले भुगतानों का कुल योग पिछले वर्ष 2 करोड रुपए से अधिक है। दूसरे, भारत में 300,000 उपयोगकर्ताओं के साथ व्यापार गतिविधियों की व्यवस्थित और निरंतर याचना या बातचीत में संलग्न होना। एसईपी की अवधारणा को





'व्यावसायिक कनेक्शन' के दायरे में पेश किया गया था, जो कि किसी भी दो उद्यमों के बीच एक निरंतर और निरंतर व्यापार संबंध है जिसके परिणामस्वरूप एक अनिवासी इकाई का लाभ होता है। बीईपीएस एक्शन प्लान 1 की सिफारिश के अनुसार, एक अनिवासी उद्यम कर योग्य होगा यदि उसके पास उस देश में एक एसईपी है, जो प्रौद्योगिकी और स्वचालन की मदद से अर्थव्यवस्था के साथ एक केंद्रित, निरंतर और निरंतर जुड़ाव में लगा हुआ है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत इस दिशा में शुरुआती कदमों में से एक रहा है। जैसा कि मौजूदा कर कानूनों में संशोधन एक समय लेने वाली प्रक्रिया है, भारत में शीर्ष कर प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मार्गदर्शन में एक समिति का गठन किया गया था, जिसने 2016 में छह के बराबर कर लगाने की सिफारिश की थी। ऑनलाइन विज्ञापन और सहायक सेवाओं में भारत के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में प्रतिशत। बाद में, 2020 तक, वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन बिक्री को शामिल करने के लिए डोमेन का विस्तार किया गया। यह 2022 से प्रभावी हो जाएगा।

उदाहरण के लिए, भारत में लाखों डॉलर का सामान बेचने वाली इंटरनेट की दिग्गज कंपनी अलीबाबा पर वर्तमान में एक उद्यम के रूप में कर नहीं लगाया जाता है क्योंकि यह भारत में भौतिक रूप से मौजूद नहीं है। एसईपी की अवधारणा की शुरुआत के साथ, अलीबाबा भारत में की गई बिक्री के लिए कर योग्य होगा। इसके अलावा, एसईपी की दूसरी शर्त के अनुसार, भारतीयों से व्यापार की याचना करने का कार्य और यहां तक ??कि वास्तविक बिक्री भी किसी भी उद्यम को . यह सूचना फ़ीड और समाचार जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम, और सोशल नेटवर्क और व्हाट्सएप, वीचैट और टिकटॉक जैसे अन्य जुड़ाव-आधारित प्लेटफार्मों द्वारा संचालित कंपनियों को भारतीय कराधान नियमों के दायरे में लाता है, उनकी आय या उपयोगकर्ता आधार निर्धारित सीमा को पार करने के अधीन है।

एसईपी भारत में स्थापित किसी भी संपर्क कार्यालय पर भी लागू होता है क्योंकि वे व्यवसाय की निरंतर याचना में भी शामिल होते हैं, उन्हें इसके दायरे में लाते हैं। यह कई विदेशी कंपनियों को इन शर्तों को दरकिनार करने के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों को स्थापित करने और विदेशी कंपनियों के लिए 40 प्रतिशत कर दर की तुलना में 25 प्रतिशत की कम कर दर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

कुल मिलाकर, व्यापार संबंध और महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति दोहरे कराधान से बचाव समझौते (डीटीएए) के अधीन लागू होगी, जो भारत में व्यापार उद्यम के गृह देश के साथ है। डीटीएए में आम तौर पर उन शर्तों को परिभाषित करने वाले विशिष्ट खंड होते हैं जिनके तहत एक मेजबान देश अपने देशों में स्थित विदेशी कंपनियों पर कर लगा सकता है। और चूंकि डीटीएए किसी भी घरेलू कर नियमों को ओवरराइड करते हैं, यह उन स्थितियों में विदेशी कंपनियों पर कर लगाने में जटिल होगा, जब महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति की अवधारणा का उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि, इस तरह का कदम डिजिटल तकनीक के इस नए युग में कर कंपनियों के प्रति भारत की मंशा को दर्शाता है। महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति को परिभाषित करने के लिए आम तौर पर स्वीकृत थ्रेसहोल्ड का निर्धारण करने में एक वैश्विक सहमति नए युग की डिजिटल कंपनियों पर कर लगाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी।

## आप की बात

### चिंता का विषय

**रक्षा** अनुसंधान एवं विकास संगठन के 6 संविदा कर्मचारियों को पाकिस्तान खुफ़िया एजेंसी आई एस आई को रक्षा सम्बन्धी गोपनीय सूचनाएं देने के आरोप में बालेश्वर उड़ीसा पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से गोपनीय दस्तावेज भी बरामद हुए। ये सभी चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के लॉन्च पैड में कार्यरत थे। ये सभी मिसाइल परीक्षण से सम्बंधित जानकारी लीक कर चुके थे। फेसबुक के माध्यम से एक महिला के प्रेमजाल में फंस कर ये गुप्त सूचनाएं लीक कर रहे थे। जिसके बदले यह महिला इनके खातों में पैसे ट्रांसफर करती थी। ध्यान देने योग्य बात है। डी आर डी ओ चांदी पुर से वर्ष 2015 में भी एक संविदा फोटोग्राफर जो भारतीय रक्षा से सम्बंधित गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई को लीक करते पकड़ा गया। जो देशद्रोह मामले में आजीवन सजा भुगत रहा है। पाकिस्तान देश की रक्षा, सुरक्षा, विकास और अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के लिये उसकी गुप्तचर एजेंसी आईएसआई जाल सारे देश में फैलाये बैठी है। चंद कागज के टुकड़ों पर देश के साथ गद्दारी करने वाले आस्तीन के सांपो और गद्दारों की भरमार है। इन देश के महत्वपूर्ण विभागों में संविदा और ठेकेदारी पर काम नही कराना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### डेंगू और वायरल का कहर

**उत्तर** प्रदेश, बिहार सहित देश के सभी राज्यों में वायरल बुखार व डेंगू बुरी तरह से फैल रहा है। चिंताजनक बात यह है वायरल बुखार व डेंगू से बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं, इससे बच्चों समेत कई लोगों की मौतें भी हो चुकी है। खबरों के मुताबिक अधिकतर जगहों पर स्वास्थ्य का ढांचा चरमरा रहा है। मरीजों को स्ट्रेचर, एंबुलेंस, मुकम्मल इलाज जैसी सुविधा नहीं मिल रही है। इलाज के लिए भर्ती मरीजों तथा बच्चों का एक ही पलंग पर दो दो मरीजों का इलाज चल रहा है। मृत्यु होने पर शव को कंधे पर उठाकर ले जा रहे हैं। छवि की नहीं आम जनता की चिंता करते हुए, सच्चाई को स्वीकार कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कमियां चुनौति बनकर खड़ी हुई है,उन्हें प्राथमिकता से दूर करने का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। आम जन बीमारी से परेशान हैं। जब यह आमजन ही त्रस्त रहेगा,तो प्रजातंत्र मस्त कैसे हो सकता है। चाहे सरकार की कमान किसी के भी हाथों में हो, उन्हें स्वास्थ्य का ढांचा सुधारना ही होगा। इसे नाकामी नहीं, चुनौती मानकर सुधार के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा। प्रजातंत्र में अंतिम लक्ष्य तो यही होता है कि आम आदमी को हर एक सुविधा बिना किसी परेशानी के मिले।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### तालिबान से सावधान!

**अफगानिस्तान** के हालिया घटनाक्रम से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण व दक्षिण एशिया के देशों में शामिल भारत को अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि तालिबान के विभिन्न गुट तथा हक्कानी नेटवर्क अपनी आंतरिक प्रतिद्वंद्विताओं, कबीलाई विभाजनों तथा असहमतियों से निपट कर देश में सरकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार बनाने का प्रयास करने वाले समूहों के आतंक से जुड़े होने के कारण भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है। समान रूप से पाकिस्तान की भूमिका भी चुनौतीपूर्ण है जो वहां सक्रिय रूप से सहज तरीके से सरकार गठन के काम में लगा है। भारतीय हितों के विरोधी आतंकी समूह दोनों देशों में मौजूद हैं और यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंधों के तालिबानों के आश्वासनों पर आसानी से विश्वास किया जा सकता है। लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद अफगानिस्तान में सक्रिय हैं और कहा जाता है कि वे भारत के खिलाफ हमले करने के लिए इसे अड्डे की तरह प्रयोग करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

– **अनिल राजपूत**, प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दिल्ली** में दिवाली के दौरान प्रदूषण के खतरनाक स्तर को ध्यान में रखते हुए, हम पटाखों के उपयोग भंडारण, और बिक्री पर प्रतिबंध लगा रहे हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**विशेष** रूप से आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में हम ब्रिक्स संगठन की सदस्यता के फलस्वरूप लाभ उठाने में सफल रहे हैं।

– **सिरिल रामफोसा**
दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति



**नई** आबकारी नीति के लागू होने के बाद दिल्ली सरकार को एक साल में 3,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री

# लूर नृत्य के संरक्षण से बचेगी हरियाणा की विलुप्त होती खास विधा : राज्यपाल

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया 'लूर नृत्य' पुस्तक का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


पुस्तक का विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय का युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग हरियाणा की लुप्त हो चले लोकनृत्य लूर को फिर से पुनर्जीवित कर मंच प्रदान करेगा। इस आशय की पुस्तिका का गुरुवार को हरियाणा के राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने विमोचन किया।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा लूर नृत्य के संरक्षण से हरियाणा राज्य की विलुप्त होती हुई एक नृत्य विधा बच जाएगी। इस दौरान सांसद नायब सैनी, खेल मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलदेव धीमान, कुवि कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, प्रो. ब्रजेश साहनी, डॉ. महासिंह पूनिया मौजूद रहे। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सदैव हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। इसी कड़ी में हरियाणा में लुप्त हो चले लूर नृत्य को फिर से पुनर्जीवित फिर से युवा समारोह में शामिल कर जीवन्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फागुन के महीने में ग्रामीण बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा लूर नृत्य करने की परम्परा रही है। वर्तमान में यह परम्परा लुप्त प्राय हो चली है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विवि की टीम ने गांव में जाकर लूर नृत्य के संरक्षण के लिए अनेक सार्थक कदम उठाए हैं और लूर के गीतों एवं नृत्य का डॉक्यूमेंटेशन किया है। आने वाले दिनों में लेकर लूर नृत्य को लेकर विवि में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लूर नृत्य तैयार किया जाएगा और रत्नावली समारोह में लूर नृत्य का प्रारूप प्रस्तुत किया जाएगा। उसके बाद यह नृत्य कुरुक्षेत्र विवि के सांस्कृतिक समारोह का हिस्सा बनेगा। इस आशय की पुस्तिका का विमोचन गुरूवार को महामहिम राज्यपाल ने कर इस कार्य हरी झंडी प्रदान की।

### राज्यपाल ने किया प्रो. नीलू सूद की पुस्तक का विमोचन

**हरियाणा** के राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल गेस्ट हाउस में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की बॉटनी विभाग की प्रोफेसर डॉ. नीलू सूद व बॉटनी विभाग की असिस्टैंट प्रोफेसर डॉ. ज्योति चौहान द्वारा लिखित पुस्तक नो द सेकेयर्ड प्लाटंस आफ केयूके कैम्पस जियो-टैगिंग का विमोचन किया।

# गरीबों को दें सस्ती चिकित्सा सुविधा : विधायक लक्ष्मण


राव गोपाल देव चौक पर एक निजी अस्पताल का उद्‌घाटन करते विधायक लक्ष्मण सिंह यादव।

**रेवाड़ी।** कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि एक चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए न केवल विभिन्न प्रकार की योजनाएं शुरू की है,बल्कि सरकारी अस्पताल अस्पतालों तथा सीएचसी व पीएचसी पर सुविधाओं को कई गुणा बढ़ाया है।

निजी चिकित्सक भी गरीब एवं जरूरतमंदों को सस्ती व बेहत्तर चिकित्सा उपलब्ध कराएं। श्रीयादव राव गोपाल देव चौक स्थित एक निजी अस्पताल का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक लक्ष्मणसिंह यादव ने कहा कि चिकित्सक एक मरते हुए व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करता है। इसलिए भगवान के बाद एक चिकित्सक को ही परमात्मा का रूप माना गया है। आज के परिपेक्ष में बेशक चिकित्सा के क्षेत्र का व्यवसायीकरण हो गया है, उसके बावजूद निजी चिकित्सक गरीब व जरूरतमंद लोगों को सस्ती व बेहत्तर सुविधाएं प्रदान करें, ताकि प्रत्येक व्यक्ति बेहतर उपचार लेकर जल्द स्वस्थ हो सके। उन्होंने डाक्टर सुमेर व डॉ. प्रतिभा यादव को बधाई देते हुए कहा कि प्लास्टिक सर्जरी एक महंगा उपचार है, जिसमें डॉ. सुमेर को महारथ हासिल है, इसलिए चिकित्सा को सेवाभाव का माध्यम मानकर लोगों की सेवा करें। सुविधाओं के कारण ही सरकारी अस्पतालों व पीएचसी सेंटरों में ओपीडी लगातार बढ़ी है। अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 को बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक

**करनाल।** सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा ने बताया कि 26 से 28 सितम्बर तक सब नेशनल पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत करनाल जिले के 0 से 5 साल तक के 1 लाख 99 हजार 898 बच्चों को दवाई पिलाने के लिए 843 बूथों पर तथा 1492 टीमें घर-घर जाकर खुराक देंगी। इसकी निगरानी 152 सुपरवाईजरों द्वारा की जाएंगी। जिले में 71 मोबाईल टीमें जिनमें 57 ट्रांजिट टीम तथा 3424 अधिकारी व कर्मचारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार जिले के हाई रिस्क एरिया जैसे कि भट्ठे, डेरे, उद्योग, राइस मिल, स्लम एरिया, झुग्गी झोपड़ी में रह रहे बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 से हरियाणा में कोई भी पोलियो केस नहीं हुआ है। उन्होंने अपील की कि 26 सितम्बर रविवार को अपने बच्चों को पोलियो की दवाई जरूर पिलाएं।

### किसानों को आलू की फसल के संबंध में दी जानकारी



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के छपरा गांव में खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सीबी सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इफको हरियाणा के उप महाप्रबंधक ओमकार सिंह ने की। इस मौके पर इफको के क्षेत्रीय अधिकारी संदीप कुमार भी मौजूद रहे। डा. सीबी सिंह ने किसानों को आलू की फसल से जुड़ी हुई सभी जानकारियां विस्तार पूर्वक दीं। उन्होंने किसानों को आलू की फसल में विभिन्न कीट तथा रोगों के बारे में व उनके समाधान के बारे में बताया। ओमकार सिंह उप महाप्रबंधक इफको किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैव उर्वरक, बायो डी कम्पोजर व सागरिका के उपयोग एवं फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संदीप कुमार क्षेत्रीय अधिकारी ने सभी अतिथियों एवं किसानों का स्वागत किया। साथ ही इफको संस्था के बारे में परिचय दिया। उन्होंने इफको के जल विलेय उत्पादों के इस्तेमाल व सहकारी समितियों पर उपलब्धता के बारे में बताया। कार्यक्रम में भारी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी किसानों को नि:शुल्क सब्जियों के बीज एवं बायो डी कम्पोजर भी वितरित किए गए।

### भजनों पर झूमे खाटू के श्याम प्रेमी



**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार द्वारा शास्त्री नगर में 285वां श्रीश्याम ताली कीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि जय मां जगदंबा युवा क्लब द्वारा कराए जा रहे श्रीगणेशोत्सव में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गणेशजी की पूजा करके दूर्वा की माला पहनाई गई। कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल व साथी गौरव गुप्ता, मोहित तायल, पंकज शर्मा सहित श्याम प्रेमियों ने बारी-बारी से भजन सुनाए। इस दौरान गणेशजी व खाटू श्यामजी कथा विस्तार से बताई गई। श्याम आरती में दिनेश गोयल, अरुण गोयल, सुरेंद्र काठपाल, अनिल मित्तल, संजय चौधरी, पंकज सिंगला, पियांशु तायल, श्याम जुनेजा, जितेंद्र मिगलानी, मोंटी गिरधर, यश गुरानी, दिवाकर बंसल, कविता गोयल, रीटा गोयल, सोनिया सिंगला और स्वीटी मित्तल सहित कॉलोनी के बच्चों ने बड़े चाव से हिस्सा लिया।

# सीएम मनोहर लाल खट्टर ने शिवांशी के इसरो में चयन पर दी बधाई

## रेवाड़ी की बेटी शिवांशी ने बढ़ाया देश-प्रदेश का गौरव

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी


शिवांशी यादव का फोटो।

'**कौन** कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों...!', प्रसिद्ध कवि दुष्यंत कुमार की कविता की इन पक्तियों को चरितार्थ कर दिखाया है जिले के गांव खुशपुरा की बेटी शिवांशी यादव ने।

शिवांशी का चयन देहरादून के इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस)-इसरो व आईटीसी विश्वविद्यालय ऑफ टवेंट नीदरलैंड के को-ज्वाइंट प्रोग्राम भू सूचना विज्ञान और पृथ्वी अवलोकन के लिए एमएससी में हुआ है। शिवांशी की इस सफलता पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रदेश के सीएम मनोहर लाल भी स्वयं ट्वीट कर शिवांशी का बधाई दे चुके हैं। सीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'हरियाणा की बेटी व चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की छात्रा शिवांशी यादव का चयन स्नातकोत्तर डिग्री के लिए इसरो में होने पर बधाई व शुभकामनाएं।

शिवांशी की प्रारंभिक पढ़ाई रेवाड़ी से जबकि दसवीं के बाद 12वीं तक की पढ़ाई झज्जर से की है। बी-टेक कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियररिंग एंड टेकनॉलॉजी सीसीएस एचएयू हिसार से की। शिवांशी इस मुकाम तक पहुंचने में अपने परिवार का पूरा स्पोर्ट बताती है। अपने पिता विजय कुमार यादव को अपनी प्रेरणा मानती है। शिवांशी के पिता इंजीनियर विजय कुमार यादव मेवात में कृषि विभाग में सहायक कृषि अभियंता के पद पर कार्यरत हैं जबकि माता पुष्पा यादव गृहिणी है। शिवांशी का नाम उन 10 विद्यार्थियों में शामिल है जिनका चयन इसरो में हुआ है। अब शिवांशी यादव इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, इसरो देहरादून से जियो इंफोर्मेटिक्स एंड अर्थ ऑबजर्वेशन में मास्टर डिग्री करेगी।

# टुकड़ों में प्लॉट खरीदा तो नक्शे नहीं हो सकेगा पास

## नगर निगम आयुक्त ने की जनहित में लोगों से अपील

**करनाल।** पुनर्वास योजना के तहत आजादी के बाद बटवारे के समय शहर के मॉडल टाऊन, राम नगर और प्रेम नगर में जिन लोगों को विभिन्न आकार के प्लॉट हुए थे, उनकी मलकियत एक ही व्यक्ति के नाम बरकरार है। इन प्लॉटों का टुकड़ों में विभाजन अभी सम्भव नहीं है और ना ही नियमानुसार उनके नक्शे स्वीकृत किए जा सकते हैं।

नगर निगम आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने इस बारे स्पष्ट किया कि हरियाणा बिल्डिंग कोड एक्ट 2017 में प्रावधान है कि ऐसे प्लॉटों पर काबिज लोग, जिनके परिवार बढ़ गए हैं, उन्हें फिलहाल सब-डिविजन या पार्टिशन का लाभ नहीं मिल सकता। हालांकि यह मामला सरकार के विचाराधीन है और जब तक इस पर कोई फाइनल निर्णय नहीं हो जाता, लोगों को इंतजार करना पड़ेगा।

उन्होंने प्लॉटों में रह रहे परिवारों या लोगों से अपील की है कि वे बिना सोचे समझे सब-डिविजन प्लाटों के नक्शे पास करवाने के लिए नगर निगम के चक्कर ना काटें, इससे उनकी दिक्कतें बढ़ेंगी। नगर निगम अपने स्तर पर ऐसे प्लॉटों के टुकड़ों में नक्शे पास नहीं कर रहा। फिर भी यदि किसी को कोई संदेह है, तो वह नगर निगम की बिल्डिंग ब्रांच में आकर नियमों की जानकारी ले सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोग ऐसे प्लॉटों में किसी से सब-डिविजन या टुकड़ों में प्लॉट ना खरीदें, क्योंकि ऐसे प्लॉटों के नक्शे पास नहीं हो सकते।

## नाटय कार्यशाला में कलाकार सीखेंगे अभिनय की बारीकियां

**थानेसर।** हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में 20 दिवसीय नाट्य कार्यशाला प्रारम्भ की गई। जिसमें हरियाणा के कुरुक्षेत्र, जींद, कैथल, हिसार आदि विभिन्न जिलों के कलाकार अभिनय की बारीकियां सीख रहे हैं। कार्यशाला का शुभारम्भ हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन द्वारा किया गया।

इस मौके पर कार्यशाला प्रशिक्षक एवं रंगगुरु ऋषिपाल, कार्यालय प्रमुख धर्मपाल, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, रंगशाला प्रबंधक मनीष डोगरा, ललित कला समन्वयक सीमा काम्बोज आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संजय भसीन ने सभी प्रतिभागियों से परिचय करते हुए नाट्य विधा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभिनय करने की प्रवृत्ति बचपन से ही मनुष्य में होती है।

# रात को ढाबों पर खड़े वाहनों से बैटरी उड़ाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**जिला** पुलिस करनाल की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने चोरों के हौसलों को परास्त हुए बड़े ही शातिर तरीके से ढाबों व जीटी रोड पर खडे ट्रकों, ट्रैक्टरों से बैटरियां चोरी करने और रात के समय दुकानों का शटर-ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में व मुख्य सिपाही गुरपाल के नेतृत्व में कार्य करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने तीन आरोपियों सागर उर्फ सन्धु वासी नीलनगर नीलोखेड़ी जिला करनाल, राहुल वासी गांव प्रेम खेड़ा निसिंग हाल मजबी मोहल्ला नीलोखडी जिला करनाल, विक्की वासी ढेहा बस्ती नीलोखेडी जिला करनाल को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार नीलोखेड़ी से गिरफ्तार किया गया।

रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपने चौथे साथी प्रवीन उर्फ बुगडी वासी नीलोखेड़ी के साथ मिलकर थाना तरावडी, इन्द्री, बुटाना, सदर व सेक्टर-32/33 के अलग-अलग एरियों से बैटरी चोरी व दुकानों से चोरी की 15 वारदातों को अंजाम देने की बात का खुलासा किया गया। आरोपियों ने खुलासा किया कि वह गांजा व शराब का नशा करने के आदी हैं, नशापूर्ति के लिये चोरी की इन वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी रात के समय दो मोटरसाईकिलों पर सवार होकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिये निकलते थे।

आरोपी ढाबों या जीटी रोड के किनारे खड़े ऐसे ट्रकों को निशाना बनाते थे। जिनके चालक केबिनों में सोए होते थे।

### चोरी करने के उपकरण रखते थे साथ

**आरोपी** ट्रकों व ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी करने के लिये अपने पास चाबी-पाना आदि औजार रखते थे ताकि ट्रक ड्राइवरों तक आवाज नहीं पहुंच सके। चोरी करके मोटरसाईकिलों पर चोरीशुदा सामान को रखकर फरार हो जाते थे। आरोपी एक ट्रक से बैटरी चोरी करने के बाद उस बैटरी को कुछ दिन बाद दूसरे ट्रक वाले को या किसी राहगीर को बेच देते थे।

### फरार आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास जारी

**जांच** में खुलासा हुआ कि आरोपी विक्की के खिलाफ भी चोरी के चार मामले जिला करनाल में मोटरसाइकिल चोरी के दर्ज रजिस्टर हैं। इन मामलों में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा था। आरोपियों को अन्य मामलों में भी रिमाण्ड पर लेकर चोरीशुदा सामान को बरामद किया जाएगा। चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के भी प्रयास जारी हैं।

# कृषि विभाग का दावा : करनाल जिले में फसल अवशेष नहीं जलने देंगे

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

## पराली की गाठें बनाने पर किसान को प्रति एकड़ मिलेंगे एक हजार रुपये

## पिछले साल करीब 1053 केस दर्ज, वसूला था 17 लाख का जुर्माना


खेतों में किसानों द्वारा पूर्व में लगाई फसल अवशेष में आग (फाइल फोटो)।

**धान** के सीजन में लोगों को शुद्ध आबोहवा के लिए तरसना पड़ता हैं। खेतों में फसल अवशेषों से आग की लपटों से उठता धुंआ लोगों के जीवन को खतरे में डाल देता हैं। हालांकि हर बार की तरह कृषि विभाग के अधिकारियों ने दावा कि धान के सीजन में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को शून्य स्तर पर किया जाएगा। विभाग ने खासकर उन गांवों में जिन गांवों को रेड जोन में चिन्हित किया है। पिछले साल कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर करीब 1053 केस दर्ज किए गए, जिन पर करीब 17 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। सरकार को जुर्माना न देने वाले करीब 143 किसानों के खिलाफ केस भी दर्ज करवाया गया था। कृषि विभाग द्वारा जिले के करीब 113 गांवों को रेड, यैलो जोन के रूप में चिन्हित किया हैं, ये ऐसे गांव है। रेड जोन में एक से लेकर पांच, वहीं यैलो जोन में एक या दो घटनाएं दर्ज की गई। इन गांवों पर कृषि विभाग का पूरा फोक्स बना हुआ हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने दावा किया कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की संख्या शून्य स्तर पर लाया जाए। इसके लिए विभाग द्वारा किसानों के साथ मिलकर जहां जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, वहीं 480 कस्टम हायरिंग सेंटर खुलवाएं गए हैं।

**किसानों में बढ़ रही जागरुकता :** किसानों में धीरे-धीरे जागरुकता बढ़ रही हैं, किसान समझ रहे है। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा हैं। जिसकी भरपाई करना बाद में काफी मुश्किल होगा। किसानों की सुझबुझ व कृषि विभाग की मुस्तैदी से फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में कमी आ रही हैं।

**उप कृषि निदेशक आदित्य डबास का दावा :** विभाग की मुस्तैदी ओर किसानों की सूझबुझ से फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में पचास प्रतिशत की कमी आई हैं। आदित्य डबास ने बताया कि 113 गांवों को चुना हैं, इन गांवों में एक से लेकर पांच मामले फसल अवशेषों को आग लगाने के सामने आए थे।

इन गांवों में 480 कस्टम हायरिंग सेंटर खुलवाएं गए हैं। जो किसान पराली की गांठें बनवाएगा, उस किसान को प्रति एकड़ एक हजार रुपये दिए जाएंगे। इस सीजन में फसल अवशेष में आग की घटनाएं निम्न स्तर पर रहेंगी, किसानों को जागरुक करने के लिए जागरुकता वैन चलाई जाएगी।

**फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर होगी कार्यवाही :** उप कृषि निदेशक आदित्य डबास ने कहा कि जो किसानों को जहां जागरूक किया जा रहा है, कृषि उपकरणों पर अनुदान राशि दी जा रही है। अगर फिर भी कोई किसान फसल अवशेष जलाता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही करने से गुरेज नहीं किया जाएगा।

**धान के सीजन में बढ़ जाता है, प्रदूषण का स्तर :** हर साल धान के सीजन में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता हैं, धुंए के कारण धुंध का कोहरा सा छा जाता हैं। जो अस्थमा रोगियों के लिए मुसीबतें तो बढ़ाता ही साथ ही बहुत से लोग अस्थमा रोगी बन जाते हैं। क्योंकि जो दावे कृषि विभाग द्वारा किए जाते हैं, हर साल हवा में उड़ जाते है।

विभाग के पास तंत्र ही नहीं होता कि फसल अवशेष जलाने वाले किसानों को रोका जा सके। जो आंकड़े विभाग दर्ज करता है, हकीकत इसके विपरित होती है। डॉक्टरों की माने तो कोविड-19 के दौर में तो अशुद्ध आबोहवा लोगों के लिए जानलेवा बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

दर्द न होता तो आह न होती,
खुशी की किसी को चाह न होती,
दर्द न होता तो कौन याद करता उसे,
राम का मंदिर, अल्लाह की दरगाह न होती।

## आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों ने

# समेकित जेईई मेंस 2021 के परिणामों में 99 परसेंटाइल रहा

**भिवानी/ रोहतक।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में देश भर में अग्रणी, आकाश इंस्टीट्यूट भिवानी शाखा के अनमोल अरीचवाल ने प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2021 के समेकित परिणाम में शानदार 100 परसेंटाइल अंक हासिल किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश चौधरी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हम भिवानी के अनमोल और अन्य सभी छह छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से जे ई ई मेन्स 2021 के चार सत्रों के लिए 10 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया। टॉप पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उनके माता-पिता के समर्थन को भी दर्शाती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के साथ उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

आकाश इंस्टीट्यूट भिवानी से अनमोल के अलावा छह अन्य छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। रोहतक ब्रांच से ग्यारह छात्रों ने प्रतिष्ठित जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन 2021 के समेकित परिणाम में प्रभावशाली 99 परसेंटाइल और उससे अधिक हासिल किया है। 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों में गीतिका (99.98 परसेंटाइल), हेमंत यादव (99.94 परसेंटाइल), रमनदीप सिंह (99.93 परसेंटाइल), दीपांशु (99.91 परसेंटाइल) और सुमित (99.50 परसेंटाइल) हैं।

दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रेक करने के लिए दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में सभी क्लासरूम के छात्र आकाश इंस्टीट्यूट में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की उच्च सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के उनके प्रयासों और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया।

## नगर परिषद अधिकारी और ठेकेदार डकार रहे माल

**भिवानी।** नगर परिषद में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच की मांग को लेकर लेबर क्रांति मोर्चा कार्यालय में लेबर क्रांति मोर्चा के पदाधिकारियों ने बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र तंवर ने की। उन्होंने कहा कि लेबर क्रांति मोर्चा अक्टूबर के पहले हफ्ते में नगर परिषद में हुए घोटाले की जांच की मांग को लेकर सर्व जातीय पंचायत का आयोजन करेगा।

इस पंचायत में घोटाले के कुछ सबूत जनता के सामने रखेगा कि किस प्रकार नगर परिषद अध्यक्ष अधिकारी व ठेकेदार मिलकर जनता के धन को डकार रहे हैं। मोर्चा का प्रतिनिधि मण्डल मिलेगा सांसद व निकाय मंत्री से इस पंचायत से पहले मोर्चा का एक प्रतिनिधि मण्डल इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करवाने के लिए करनाल के सांसद संजय भाटिया व नगर निकाय मंत्री अनिल विज से मिलकर जांच करवाने की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के अध्यक्ष के चहेतों ने नप पर कब्जा कर रखा है।

# उल्लास से मना राधाष्टमी का उत्सव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## इस्कॉन द्वारका मंदिर में राधाष्टमी कार्यक्रम हुआ उमंग भव्य आयोजन के संग

## दिव्य 1008 अमृतमय द्रव्यों से राधारानी का अभिषेक

**श्रीकृष्ण** जन्माष्टमी के बाद भक्तों को राधाष्टमी की प्रतीक्षा रहती है। मंगलवार को राधारानी के जन्मदिवस के अवसर पर इस्कॉन द्वारका ने श्रीश्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किए। राधारानी का अमृतमय 108 दिव्य द्रव्यों से अभिषेक कर उनका महाश्रृंगार किया गया। 56 भोग की तर्ज पर 1008 विशेष भोग लगाए गए। फूड फॉर लाइफ के प्रबंधक अर्चित प्रभुजी ने कहा कि राधाष्टमी का उत्सव मनाना हमारे लिए गर्व और हर्षोल्लास की बात है।

भक्तगण राधाष्टमी उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले सकें, इसके लिए राधारानी के जन्मदिवस अथवा आविर्भाव काल की कथाएं, ब्रज की सखियों, गोपियों की रासलीला, मनोहारी मानभंग आदि की कथाओं का प्रसारण द्वारका के यूट्यूब चैनल पर ऑनलाइन किया गया। मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे भक्तजनों को प्रसाद स्वरूप राधाकुंड का जल दिया गया। माना जाता है कि इस जल से भक्तों को अपने कष्टों से राहत मिलती है और उन्हें राधारानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

इस्कॉन गर्ल्स फोरम की ओर से 'गोपी डॉट्स' का स्टॉल भी माताओं व बहनों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। राधाष्टमी के अवसर पर इस बार भी हर बार की तरह अनेक केंद्रों से जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण किया गया। इस्कॉन फूड फॉर लाइफ द्वारका की ओर से यह खास कदम खास अवसर के लिए उठाया गया है। ज्ञात हो कि पिछले साल कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान इस्कॉन फूड फॉर लाइफ द्वारका ने 375 केंद्रों में प्रतिदिन 5 लाख से भी ज्यादा जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाया था। तब से लेकर अब तक यह सिलसिला अनवरत जारी है।

आचार्यों का कहना है कि भगवान कृष्ण जिस तरह संपूर्ण शक्तिमान हैं, उसी तरह राधारानी भगवान की संपूर्ण आनंद शक्ति हैं। जैसे श्रीकृष्ण की अनेक लीलाएं प्रचलित हैं, ऐसे ही राधारानी की दिव्य लीलाएं भी अनंत हैं। परम भगवान कृष्ण के प्रति जिस तरह भक्तों का प्रेम उमड़-उमड़ कर आता है, उसी तरह राधारानी के प्रति उनका आकर्षण देखते ही बनता है, क्योंकि राधारानी श्रीगोविंद की सेवा करने वाली ऐसी सेविका मानी जाती हैं, जो भक्तों के लिए भगवान के प्रति प्रेम व्यक्त करने की प्रेरणा हैं। उनकी सेवा के साथ ही भगवान भक्तों की सेवा को स्वीकार करते हैं।

# युवा कांग्रेस नेता ने सीएम को किया ट्वीट तो हरकत में आई पुलिस

### फरीदाबाद में मनचलों से परेशान लड़कियों को मिला इंसाफ

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा लोगों की शिकायतें सीधे उन तक पहुंचाने के लिए की गई सीएम विंडो की व्यवस्था के साथ-साथ उनके ट्विटर हैंडल से भी शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लिया जाता है। यह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कारगर सिद्ध हो रहा है।

मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल ने बताया कि अभी हाल ही में यमुनानगर, पानीपत, सोनीपत, झज्जर व फरीदाबाद जिलो से मुख्यमंत्री के ट्विटर हैंडल पर पांच शिकायतें आईं। फरीदाबाद से कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया की कुछ लड़कियों से शिकायत आई है कि सेक्टर-37, फरीदाबाद के निकट मदरसन लेन के नजदीक लगातार मनचले लड़कियों का पीछा करते हैं और भद्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। कृपया लड़कियों की सुरक्षा के लिए पीसीआर की गश्त बढ़ाई जाए। उन्होंने यह ट्वीट फरीदाबाद पुलिस को भेजा। सीएमओ से इस ट्वीट पर तत्काल संज्ञान लिया गया। उन्होंने स्वयं पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद को फोन कर इस ट्वीट बारे सूचित किया। पुलिस आयुक्त ने भी सराय ख्वाजा पुलिस चौकी के एसएचओ को निर्देश दिए कि मनचलों को सबक सिखाया जाए तथा पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। राहुल वर्मा ने सात सितंबर को पुनः ट्वीट कर पुलिस का आभार जताया।

इसी प्रकार यमुनानगर से 2 सितम्बर को एक शिकायत आई जिसमें व्यक्ति ने कहा कि उसकी मां को 28 अगस्त को वैक्सीन की पहली डोज सरोजनी कॉलोनी में लगी लेकिन कौन सी वैक्सीन लगी इसका कोई पता नहीं, मोबाइल पर कोई मैसेज नहीं आया और न ही एप व आरोग्य सेतु एप पर कोई डाटा है, जिस कारण वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट भी नहीं मिल रहा कृपया संज्ञान लेकर मदद करें।

सीएमओ ने यमुनानगर के डिप्टी सिविल सर्जन (टीकाकरण) डॉ. विजय विवेक को सूचित किया गया और उनका छह सितम्बर को जवाब आया कि उन्होंने वैक्सीन के संबंध में अर्पित से बात की है। उनकी माता राधिका को वैक्सीन की पहली डोज पहले ही लग चुकी है और अब उन्हें कोई शिकायत नहीं है।

# सीएम खट्टर ने सौंपी प्रधानमंत्री को किसान आंदोलन पर रिपोर्ट

### जन्मदिन की पूर्व संध्या पर की मोदी से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

### खट्टर ने रेल कॉरिडोर की आधारशिला रखने को पीएम को दिया न्यौता



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके उन्हें किसान आंदोलन तथा हाल ही में करनाल में हुए घटनाक्रम पर रिपोर्ट सौंपी। प्रधानमंत्री के जन्म दिन की पूर्व संध्या पर उनसे मिलने पहुंचे सीएम खट्टर ने मोदी को उनके जन्मदिन की एडवांस में बधाई देते हुए हरियाणा के राजनीतिक हालात के अलावा गठबंधन सरकार के कार्यों को लेकर रिपोर्ट दी। दिल्ली की सीमा पर पिछले 10 महीनों से चल रहे किसान आंदोलन को लेकर भी उन्होंने मोदी को फीडबैक दिया।

मोदी के साथ हुई मुलाकात से पहले ही सीएम बार्डर खुलवाने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर चुके हैं। इस कमेटी के गठन के बारे में भी सीएम ने पीएम को ब्रीफ किया। प्रधानमंत्री ने दिल्ली बार्डर पर चल रहे किसानों के आंदोलन को लेकर भी सीएम से रिपोर्ट ली।

इतना ही नहीं, करनाल में किसानों पर हुए लाठीचार्ज और यहां चार दिन तक चले आंदोलन को लेकर भी सीएम ने पूरी रिपोर्ट पीएम को दी। मुख्यमंत्री ने परिवार पहचान-पत्र, स्वामित्व योजना, स्वामित्व योजना, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, मेरा पानी-मेरी विरासत सहित कई नई योजनाओं के बारे में पीएम को बताया। करीब एक घंटा तक सीएम, पीएम आवास में रहे।

राज्य की भाजपा-जेजेपी गठबंधन सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल भी अक्टूबर में पूरा हो रहा है। वहीं राज्य में भाजपा को सत्ता में आए सात साल पूरे हो जाएंगे। इस उपलक्ष्य में गठबंधन सरकार बड़ा आयोजन करने की तैयारी में है। दो वर्षों के दौरान राज्य में हुए विकास कार्यों के अलावा केंद्र व राज्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं को लेकर भी सीएम ने 'रिपोर्ट कार्ड' पीएम के सामने रखा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम मनोहर लाल खट्टर के हरियाणा आने के निमंत्रण को भी स्वीकार कर लिया है। दरअसल, राज्य सरकार ने केएमपी (कुंडली-मानेसर-पलवल) एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ आर्बिटल रेल कॉरिडोर स्थापित करने का फैसला लिया है।

5600 करोड़ रुपये की यह परियोजना कुंडली से पलवल तक की होगी और इसके लिए प्रशासनिक अनुमति भी सरकार दे चुकी है। इसके लिए तमाम तरह की क्लीयरेंस भी सरकार को मिल चुकी है। सीएम ने पीएम से रेल कॉरिडोर के शिलान्यास करने का आग्रह किया। पीएम ने इसके लिए हामी भर दी है। अब सरकार यह तय करेगी कि पीएम का कार्यक्रम पलवल में करना है या फिर मानेसर में। जगह निश्चित करने के बाद सरकार पीएम ने हरियाणा आने के लिए समय लेगी।

# कुंडली मारकर मलाईदार पद पर बैठे 'जुगाड़ी कर्मचारी' आए सीएम के 'राडार' पर

### बदले जाएंगे पब्लिक-डीलिंग' सीट पर तीन साल से जमे कर्मचारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 'एक्शन अगेंस्ट करप्शन' की मुहिम को तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आदेश जारी किए हैं कि जो अधिकारी वर्षों से एक ही जगह पर तैनात हैं उनकी रिपोर्ट तैयार की जाए। यही नहीं उन जांच अधिकारियों का भी 'कच्चा-चिट्ठा' तैयार किया जा रहा है जो कि दोषी अधिकारियों के साथ सैटिंग करके जांच-रिपोर्टों पर सर्प-कुंडली मार कर बैठे हैं।

कुछ विभागों में 'पब्लिक-डिलिंग' पर कई-कई वर्षों तक जमे कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ जब भ्रष्टाचार या कार्य में देरी की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंची तो उन्होंने मुख्य सचिव के माध्यम से ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों का रिकार्ड एकत्रित करने के निर्देश दिए जो विभिन्न विभागों, बोर्डों व निगमों के प्रधान कार्यालयों और फील्ड कार्यालयों में संवेदनशील प्रकृति के पदों पर लंबे समय से तैनात हैं। ऐसे 'जुगाड़ी कर्मचारी' मुख्यमंत्री के 'राडार' पर हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि वह अपने-अपने विभागों में ऐसे 'संवेदनशील पदों' की सूची तत्काल तैयार करें, जिन पदों पर बैठे कर्मचारी/अधिकारी 'पब्लिक-डिलिंग', वित्तीय निहितार्थ वाले निर्णय लेने, लाइसेंस प्रदान करने, प्रमाण-पत्र बनाने, स्टोर-आइटम्स की खरीद आदि से संबंधित 'संवेदनशील पदों' पर तीन वर्ष से अधिक समय से लगातार जमे हुए हैं। ऐसे कर्मचारियों व अधिकारियों की सूची पांच अक्टूबर तक मुख्य सचिव को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री के जब यह संज्ञान में आया कि नियम 7 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के कई मामलों की जांच रिपोर्ट जांच-अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत करने में अत्यधिक देरी की जा रही है तो उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुशासनात्मक मामलों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी कर दिए।

# चुनावी वायदों को पूरा कर रही गठबंधन सरकार: अजय चौटाला



मंच पर आसीन अजय चौटाला।

**सोनीपत।** जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने 25 सितंबर को पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल के नूंह में होने वाले जयंती समारोह का निमंत्रण देते हुए जजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान को गति देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, जिनके बल पर संगठन को प्रभावी व मजबूती दी जाती है। इसलिए जजपा ने प्रदेशभर में सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करने के लिए सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया हुआ है।

अजय चौटाला गुरुवार को मुरथल रोड स्थित एक वाटिका में कार्यकर्ताओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कमेरे वर्ग के मसीहा पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल के जन्मदिवस के मौके पर हिलालपुर (नूंह) में जननायक की आदमकद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि उन्हें सोनीपत से विशेष लगाव है, जहां उन्हें सदैव भरपूर प्रेम व सहयोग मिला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौटाला ने इस दौरान जजपा की मजबूती पर खास बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं का होना अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जननायक जनता पार्टी ने 25 अगस्त से प्रदेशभर में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। पार्टी द्वारा इस एक माह के अभियान के दौरान प्रत्येक बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी की जाएगी, ताकी पार्टी को और मजबूती मिले। उन्होंने जजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत हर हलके में 500 मेहनती, कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बनाएं। इस अभियान के जरिए हर क्षेत्र यानी कि प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बनाना है, ताकि वे सक्रिय कार्यकर्ता बनने के बाद दूसरे चरण में सामान्य सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी का प्रचार करते हुए घर-घर जाकर नये लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें।

## स्थापना दिवस समारोह पर फहराएंगे झंडा

**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज एवं संचालन जिला सचिव रामप्रसाद ने किया।

जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने कहा कि जिला कमेटी की बैठक में जिला कार्यकारिणी के साथ साथ पब्लिक हेल्थ बी एंड आर इलेक्ट्रिकल आदि सभी ब्रांचों के पदाधिकारियों ने फैसला लिया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 05 अक्टूबर को संगठन के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय पर झण्डा फहराया जाएगा। संगठन का स्थापना दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें मंच से संबंधित सभी सहयोगी संगठनों के सैकड़ों कर्मचारी शामिल होंगे। प्रदेश और ब्रांच सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि अब जिला कमेटी की बैठक में पब्लिक हेल्थ ब्रांच के कर्मचारियों ने नगर निगम द्वारा कच्चे कर्मचारियों को नौकरी से हटाने, चार से पांच महीने बीत जाने पर भी वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों में भारी रोष को देखते हुए जिला स्तर पर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ संगठन प्रदर्शन करने पर मजबूर होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम पब्लिक हेल्थ और जिला प्रशासन की होगी। बैठक में विष्णु दत्त भारद्वाज, विनोद शर्मा, रामप्रसाद, सुंदर चौहान, तेज प्रकाश गौड़, सतीश कुमार रंगा, धूप सिंह, सुरेश नैयर, शंभू कुमार, सतबीर शर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक से दिया बेटी-सुरक्षा का संदेश



जीवीएम कालेज की एनसीसी कैडेट।

### ले. प्रियंका ने कहा बेटियों को जरूर शिक्षित करें, नारी के प्रति अपराधों पर लगाएं अंकुश

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**जीवीएम** गर्ल्ज कालेज की एनसीसी की कैडेटों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनमानस को बेटियों की सुरक्षा का प्रभावी संदेश दिया है। साथ ही उन्होंने लड़कियों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ आवाज बुलंद की।

इस दमदार प्रदर्शन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने एनसीसी की छात्राओं को बधाई देते हुए समाज का आह्वान किया कि बेटियों को भी बेटों के समान अधिकार दिए जाएं। जीवीएम की एनसीसी इकाई की प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रियंका के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने नगर में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों की सफल प्रस्तुति दी। कालेज की 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन की कैडेटों ने विशेष रूप से बेटियों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। कैडेटों ने समाज में जागरूकता की अलख जगाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटकों की शानदार प्रस्तुतियां दी। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटियों की सुरक्षा पर बल दिया, जिसके लिए उन्होंने लड़कियों को जागरुक करने पर जोर दिया। साथ ही समाज को भी एकजुट होकर इस दिशा में प्रयास करने का सफल दिया। इस दौरान एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रियंका ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में भी समाज में बाल विवाह, दहेज प्रथा, अशिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या सरीखी बुराइयां व्याप्त हैं। यह बहुत दुखद व निराशाजनक है। समाज में इस प्रकार की बुराइयों को खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नारी के प्रति अपराधों को जड़ से खत्म करना आवश्यक है। इसके लिए सबको मिलकर कोशिश करनी होगी। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर भी विशेष रूप से बल दिया। इस सफल आयोजन पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने एनसीसी की छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जन जागरण आवश्यक है, जिसके लिए हर प्रकार से प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे निकल रही हैं। बेटियों ने खुद को साबित किया है। किंतु संकीर्ण विचारधारा के लोग वर्तमान दौर में भी बेटियों को बांधकर रखना चाहते हैं, जो उचित नहीं है। उन्होंने बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# विवाह शगुन योजना पर सीएम ने दी मनोहर सौगात

### हरियाणा सरकार ने धनराशि बढ़ाकर की 51 से 71 हजार रुपये

### शादी पंजीकरण के साथ वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से कम हो




**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**बीपीएल** कार्ड धारकों के लिए बेहद अच्छी खबर है। हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करते हुए उन्हें मनोहर सौगात दी है। योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों एवं विधवा महिलाओं को बेटियों की शादी में दी जाने वाली कन्यादान राशि अब 71 हजार रुपये दी जाएगी।

उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति तथा टपरीवास समुदाय के लोगों की लड़कियों के शादी में दी जाने वाली शगुन की राशि को 51 हजार से बढ़ाकर 71 हजार रुपये कर दिया गया है। अब इस योजना के तहत शगुन के तौर पर 66 हजार रुपये की राशि शादी के मौके तथा शेष 5 हजार रुपये की राशि 6 महीने के भीतर शादी का रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद दी जाएगी। जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला ने बताया कि इसी प्रकार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गैर अनुसूचित जाति के लोगों को मिलने वाली शगुन की राशि को भी बढ़ाकर अब 31 हजार रुपये कर दिया गया है। योजना के तहत पहले पात्र व्यक्तियों को 11 हजार रुपये राशि कन्यादान के तौर पर दी जाती थी। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों की लड़कियों को उनकी शादी के अवसर पर 28 हजार रुपये तथा तीन हजार रुपये की राशि छह महीने के अंदर शादी का पंजीकरण कराने के बाद दिए जाने का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत पात्र परिवार की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये से कम होनी चाहिए।

# हमारी संस्कृति तीर्थों और अवतारों की : ज्ञानानंद

### स्वामी ज्ञानानंद ने दीप प्रज्वलित और वामन पुराण कथा का आरंभ कर कहा

**कुरुक्षेत्र।** तीर्थ पूजन और गीता यज्ञ के साथ दो दिवसीय वामन द्वादशी मेला का शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद द्वारा किया गया। सन्निहित सरोवर पर श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की ओर से आयोजित वामन कथा कार्यक्रम में गीता मनीषी मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने कहा कि वामन द्वादशी का मेला कुरुक्षेत्र का गौरव है। एक समय आता है जब तीर्थ स्वयं को प्रकट करता है। यह वही समय है जब तीर्थ ने अपनी गरिमा को प्रकट किया है। हमारी संस्कृति परंपराओं, तीर्थों और अवतारों की संस्कृति है।

इस अवसर पर सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा, प्रधान पंडित पवन शास्त्री, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने गीता मनीषी का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य राजेश शांडिल्य, श्रीप्रकाश मिश्रा, केके कौशिक, डॉ. सतदेव, श्याम तिवारी, नितिन भारद्वाज लाली, आरडी शर्मा सहित सभा के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र वेद संस्कृत विद्यालय के आचार्य नरेश कौशिक के नेतृत्व में वेदपाठी ब्रह्मचारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ गीता मनीषी का अभिनंदन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मेयर मदान ने जटवाड़ा क्षेत्र में सुनी लोगों की समस्याएं



**सोनीपत।** नगर निगम मेयर निखिल मदान वार्ड एक के जटवाड़ा क्षेत्र का वीरवार की सुबह दौरा किया। आमजन की समस्याएं सुनीं। मौके पर स्थानीय निवासी ईश्वर सिंह ने बताया कि जटवाड़ा क्षेत्र की तीन गलियों में अभी तक प्रशासन द्वारा सीवरेज लाइन नहीं डाली गई है, जिसके चलते यहां रहने वाले सभी लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। स्थानीय निवासी अशोक खत्री ने बताया कि लगातार चल रही बारिश के चलते जलभराव एवं कीचड़ के कारण अब इन गलियों से गुजरना मुश्किल हो गया है। छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए इन गलियों से जाना बेहद मुश्किल है। इस समस्या को पिछले साल से ही नगर निगम अधिकारियों को बताया गया है, लेकिन अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पर मेयर निखिल मदान ने कहा कि ये समस्या अब ही उनके संज्ञान में आई है। उन्होंने मौके पर ही मौजूद नगर निगम जेई जतिन कुमार को इन गलियों में सीवरेज लाइन डालने के कार्य को शुरू करने के निर्देश दे दिए है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर इन गलियों में सीवरेज लाइन डलवाने के कार्य को शुरू किया जाएगा। लगातार चल रही बारिश के चलते शहर के विभिन्न विकास कार्य जैसे सड़कों और गलियों के निर्माण कार्य रुके हुए है, जिन्हें जल्द ही तीव्र गति से पूरा किया जाएगा। इस दौरान मौके पर अत्तर सिंह, ईश्वर सिंह, प्रवीण, अशोक खत्री, नीटू, काला नम्बरदार, रामकुंवर खत्री, प्रताप स्वामी आदि लोग मौजूद रहे।

### आत्म शुद्धि के लिए इच्छाओं को रोकना तप : जैन



**सोनीपत।** श्रीशांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी सोनीपत में दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन उत्तम तप के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान का अभिषेक बड़े भक्तिभाव पूर्वक किया गया। उसके पश्चात शुभम शिवम जैन व जगदीश प्रसाद जैन ने श्रीजी की शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस दौरान महिला चेतना जैन मिलन सोनीपत की ओर से भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित संजय शास्त्री ने कहा कि कर्म क्षय करने के लिए जो साधना की जाती है वह उत्तम तप धर्म है। जिस प्रकार बिना तपाई स्वर्ण शुद्धता को प्राप्त नहीं करता, उसी प्रकार तप किए बिना आत्मा भी शुद्ध परमात्म पद को प्राप्त नहीं होती। मुकेश जैन ने कहा कि आत्मा शुद्धि के लिए इच्छाओं का रोकना तप है। मानसिक इच्छाएं बाहरी पदार्थों में चक्कर लगाया करती है अथवा शरीर के सुख साधनों में केंद्रित व्यक्ति है। जगदीश जैन, एसके जैन, महन्त जैन ने कहा कि शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिए बहिरंग तप किए जाते हैं और मन की वृत्ति आत्म मुख करने के लिए अंतरंग तपों का विधान किया गया है। दोनों प्रकार के तप आत्म शुद्धि के अमोघ साधन है। इस अवसर पर जैन समाज को संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज का पूजन करने का भी शुभ अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महिला चेतना जैन मिलन के साथ-साथ रमेश, आनंद, सुरेश, भूषण, पवन, मधु, शशि, अंजू, दीपावली, राखी, उषा इत्यादि उपस्थित रहीं।

### हरियाणा सरकार ने किसानों से बातचीत को बनाई हाई पावर कमेटी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सोनीपत के निकट कुंडली-सिंघू सीमा पर धरनारत किसानों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर उत्पन्न किए गए अवरोध को दूर करने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करने के लिए किसानों और किसान संगठनों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए एक राज्य स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया है। अब यह कमेटी सरकार की तरफ से किसानों के साथ बातचीत करने के लिए अधिकृत होगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सोनीपत जिला प्रशासन को आदेश दिए हैं कि जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सोनीपत के पास कुंडली-सिंघू बॉर्डर पर धरनारत किसानों से एक तरफ के मार्ग पर आम लोगों को रास्ता दिलाया जाए। एक याचिकाकर्ता मोनिका अग्रवाल की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए हैं कि जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सोनीपत जिला में कुंडली-सिंघू बॉर्डर पर धरनारत किसानों से एक तरफ के मार्ग पर आम लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता दिलाया जाए। इस मामले में सोनीपत प्रशासन की किसानों के साथ एक दौर की वार्ता होने के बाद हरियाणा सरकार ने बुधवार की शाम उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक सभी आला अधिकारियों ने मंथन किया। जिसके बाद बृहस्पतिवार को उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया गया। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी में पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था नवदीप सिंह विर्क और गृह-1 विभाग के सचिव डॉ.बलकार सिंह को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी आम जनता को किसी भी तरह की असुविधा से बचाने के लिए अंतरराज्यीय सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों के अवरोध के मुद्दे को हल करने के लिए किसानों/किसान संगठनों के साथ विचार-विमर्श करेगी। संबंधित मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक भी इसी उद्देश्य के लिए समिति से जुड़े रहेंगे।

### शिरड़ी सांई मंदिर में भक्तों ने की पूजा अर्चना

**कुरुक्षेत्र।** श्रीशिरड़ी सांई मंदिर में वीरवार को सांई भक्तों ने पूजा अर्चना की। कई भक्तों ने मनोकामना पूर्ण होने पर प्रसाद वितरित किया। श्रीसांई गाथा सुनाते हुए संघ के अध्यक्ष डा. विजय शर्मा ने कहा कि साईं कहे वचनों के अनुसार क्षमा केवल गलती का मरहम हो सकता है, विश्वास तोड़ने का नहीं। इसलिए जीवन में ध्यान रखना चाहिए कि हम कोई गलती भले ही करें किंतु किसी का विश्वास न तोड़ें, क्योंकि माफ करना फिर भी सरल है परंतु भूलना और पुनः विश्वास करना असंभव है। उन्होंने बताया कि रात के अंधेरे में भले ही प्राकृतिक नेत्र कुछ नहीं देख सकते परंतु मन की आंखें उन सभी दृश्यों को देख लेती हैं। जो उसमें प्रवेश कर गया होता है। साई आरती में पुजारी विजय दत्त, श्याम सुंदर सेठी, परविन्द्र मनचंदा, राजेश्वर, सुरेश कुमार, प्रवीण शर्मा, रमण बंसल, यश अरोड़ा, सत्य प्रकाश, धीरज मेहता, तरूण ढींगढ़ा, गगनदीप ढींगड़ा, गौरव गर्ग, केशव मिगलानी, अनिल अरोड़ा, ममता अरोड़ा और कमलेश आदि शामिल रहे।

### मांगें नहीं मानी तो रोडवेज कर्मचारी करेंगे भूख हड़ताल

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की कुरुक्षेत्र डिपो की कार्यकारिणी की बैठक यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल एवं कुलदीप ने संयुक्त रूप से की। संचालन डिपो सचिव रणजीत करोडा व रामफल ने किया। बैठक में राज्य वरिष्ठ उप प्रधान मायाराम उनियाल व राज्य प्रेस प्रवक्ता बलदेव सिंह मामूमाजरा विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में डिपू स्तर पर कर्मचारियों की मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया कि यदि लंबित मांगों को पूरा नही किया गया तो रोडवेज कर्मी 28 सितंबर से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जानकारी देते हुए राज्य वरिष्ठ उप प्रधान मायाराम उनियाल ने बताया कि महाप्रबंधक ने 15 अगस्त तक कर्मचारियों की मांगों को लागू करने का आश्वासन दिया था जिसमें से कुछ मांगें लागू की गई मगर अफसोस की बात है कि डेढ माह बाद भी कर्मचारियों की कुछ मांगे लागू नही की गई। यूनियन ने बैठक में फैसला लिया कि महाप्रबंधक कर्मचारियों की मुख्य मांगें जैसे एसीपी लगाना, लंबित पड़े केसों का निपटारा करना, लॉकडाउन में कर्मचारियों की छुट्टी काटना आदि मांगे समय रहते पूरी नहीं की तो यूनियन महाप्रबंधक व उनके अधीन कार्यरत अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लेगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं महाप्रबंधक की होगी।

# महानगरों में 2020 में दुष्कर्म, हत्या के सबसे अधिक मामले दिल्ली से आए : एनसीआरबी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** में 2020 में 19 महानगरों में से, दुष्कर्म के करीब 40 प्रतिशत मामले और हत्या के तकरीबन 25 प्रतिशत मामले अकेले दिल्ली में सामने आए। सरकार के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले साल कोविड-19 महामारी फैलने और लॉकडाउन लगे होने के बावजूद हत्या के 1,849 और बलात्कार के 2,533 मामले दर्ज किए गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने

### लॉकडाउन के बावजूद हत्या के 1,849 और बलात्कार के 2,533 मामले दर्ज किए

वाले एनसीआरबी ने 20 लाख से अधिक की आबादी वाले 19 शहरों को महानगर के तौर पर वर्गीकृत किया है, जिनमें अहमदाबाद, बेंगलूरू, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, कोझीकोड, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पटना, पुणे और सूरत आते हैं।




आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 2020 में हत्या के 461 मामले, बेंगलूरू में 179 मामले, चेन्नई में 15 मामले, मुंबई में 148 मामले, सूरत में 116 मामले और कोलकाता में 61 मामले आए। पिछले साल हत्या के कुल 1,849 मामले दर्ज किए गए जो 2019 में दर्ज किए गए मामलों (2,017) से 8.3 प्रतिशत कम हैं। इसके मुताबिक, महानगरों में दर्ज किए गए गैर इरादतन हत्या के 192 मामलों में से 57 मामले अकेले दिल्ली में दर्ज किए गए। इसके बाद लखनऊ में 28 और बेंगलूरू में 10 मामले दर्ज किए गए। भारत में 2020 में महानगरों में दुष्कर्म के कुल 2,533 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से सबसे अधिक 967 मामले (38 प्रतिशत) दिल्ली में दर्ज किए गए। इसके बाद जयपुर में 409 मामले (16 प्रतिशत), मुंबई में 322 (12 प्रतिशत) मामले दर्ज किए गए। बेंगलूरू में दुष्कर्म के 108, चेन्नई में 31 और कोलकाता में 11 मामले दर्ज किए गए। एनसीआरबी के अनुसार, इन 2,533 मामलों में से दुष्कर्म की 2,448 पीड़िता 18 वर्ष से अधिक आयु की थीं। पिछले साल महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 35,331 मामले दर्ज किए गए जो 2019 के मुकाबले 21.1 प्रतिशत कम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के ज्यादातर मामले पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा अत्याचार के तहत दर्ज किए गए। ये मामले 30.2 प्रतिशत थे। इसके बाद महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला करने के 19.7 प्रतिशत, महिलाओं के अपहरण के 19 प्रतिशत मामले और दुष्कर्म के 7.2 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए।

# न्यायालय ने हुसैन सागर झील में आखिरी बार मूर्ति विसर्जन की मंजूरी दी

### हर साल अगर आप विसर्जन करने देंगे तो फिर सौंदर्यीकरण पर खर्चे का क्या होगाः सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने तेलंगाना प्राधिकारियों को हैदराबाद की हुसैन सागर झील में प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाओं के आखिरी बार विसर्जन की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि हैदराबाद शहर में यह बार-बार आने वाली समस्या है। कई निर्देश देने के बावजूद राज्य सरकार ने वहां मूर्तियों के विसर्जन पर रोक तथा प्रदूषण पर लगाम लगाने के तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं किया।

न्यायालय ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर विचार के बाद यह आदेश दिया। मेहता ने कहा कि झील में प्रदूषण कम करने के लिए कदम उठाए गए हैं। विसर्जन के तुरंत बाद प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से बाहर निकाल लिया जाएगा। उन्हें ठोस अपशिष्ट निस्तारण स्थलों पर ले जाया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने बहरहाल यह भी कहा कि लोगों का अनुशासन और सहयोग भी महत्वपूर्ण है। मेहता ने पीठ को आश्वस्त किया कि अगले साल तक निर्देशों को पूरी तरह लागू किया जाएगा। इस साल व्यवस्था करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

पीठ ने कहा, श्रीमान मेहता आप यह नहीं जानते कि झील की सफाई में काफी पैसा खर्च किया गया है। हर साल अगर आप विसर्जन करने देंगे तो फिर सौंदर्यीकरण या पैसा खर्च करने का क्या तुक है। यह बर्बादी है। आपको कदम उठाने चाहिए। आप आखिरी क्षण में आ रहे हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 13 सितंबर को हुसैन सागर झील तथा शहर में ऐसे अन्य जलाशयों में प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगाने के अपने आदेश में सुधार करने से इनकार कर दिया था। वृहद हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने आदेश में सुधार का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी।

# राष्ट्रपति कोविंद हिमाचल प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे

**शिमला।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हिमाचल प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को शिमला पहुंचे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और अन्य गणमान्य लोगों ने यहां अन्नाडेल हेलीपैड पर उनका स्वागत किया। एक अधिकारी ने बताया कि कोविंद शुक्रवार को राज्य विधानसभा के एक विशेष सत्र को संबोधित करेंगे और शनिवार को वह राष्ट्रीय लेखा परीक्षा और लेखा अकादमी, शिमला में भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा के विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

कोविंद शिमला के बाहरी इलाके में स्थित राष्ट्रपति आवास द रीट्रीट के बजाय चौड़ा मैदान में सेसिल होटल में ठहरेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को द रीट्रीट के चार कर्मचारियों के कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के कारण राष्ट्रपति होटल में रुकेंगे। राष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा दिए जाने की स्वर्ण जयंती के मौके पर शुक्रवार को सुबह 11 बजे विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने बताया कि कोविंद हिमाचल प्रदेश विधानसभा को संबोधित करने वाले तीसरे राष्ट्रपति होंगे। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रणब मुखर्जी क्रमशः 2003 तथा 2013 में राज्य विधानसभा को संबोधित कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि मौजूदा विधायकों के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल समेत सभी पूर्व विधायकों को विशेष सत्र के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्य के पांच सांसद और सात पूर्व सांसद भी इसमें भाग लेंगे। राष्ट्रपति के करीबी संपर्क में आने वाले लोगों को कोविड-19 से संक्रमित न पाए जाने की रिपोर्ट देनी होगी। राज्य के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह 19 सितंबर को सुबह करीब 11 बजकर 15 मिनट पर दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# अफगानिस्तान पर ऑनलाइन बैठक का आयोजन करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान में हालात पर चर्चा के लिए मध्य एवं दक्षिण एशियाई देशों के नेताओं की एक ऑनलाइन बैठक का आयोजन करेगा। चीन और रूस के वर्चस्व वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्यों की बैठक बृहस्पतिवार को निर्धारित है।

अफगानिस्तान समूह का पर्यवेक्षक सदस्य है लेकिन यह साफ नहीं है कि तालिबान नेतृत्व का कोई प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होगा या नहीं। चीन ने यह नहीं कहा है कि क्या वह उन नए अफगान अधिकारियों को मान्यता देगा, जिन्होंने बाहरी पार्टियों और महिलाओं को बाहर रखा है, हालांकि उसने उनके नेतृत्व को स्वीकार किया है और अपने काबुल दूतावास को खुला रखा है। सरकार और यहां के सरकारी मीडिया ने अमेरिका पर अपने सैनिकों की जल्दबाजी में और अराजक वापसी कर अफगानिस्तान को अस्थिर करने का आरोप लगाया है जबकि तालिबान हाल के हफ्तों में अफगान सरकारी बलों पर तेजी से काबू पाने में कामयाब रहा है।

चीन ने राजनीतिक वार्ता और संयुक्त सैन्य अभ्यास के माध्यम से मध्य एशिया में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए शंघाई सहयोग संगठन का उपयोग किया है, जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र में अमेरिकी प्रभाव को कम करना है। बीजिंग ने तालिबान से, शिनजियांग के पारंपरिक रूप से मुस्लिम बहुल उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के लिए स्वतंत्रता की मांग करने वाले आतंकवादियों को रोकने के अपने संकल्प पर कायम रहने का भी आह्वान किया है।

# पाला बिशप ने साम्प्रदायिक विद्वेष भड़काने वाला कोई बयान नहीं दिया : सांसद गोपी

एजेंसी। कोट्टायम (केरल)

### राज्यसभा सदस्य ने कहा पाला धर्मक्षेत्र के बिशप जोसेफ कल्लारंगट ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया

**राज्यसभा** सांसद सुरेश गोपी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाला धर्मक्षेत्र (डायसीज) के बिशप जोसेफ कल्लारंगट ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। जिसका कोई धार्मिक रंग हो या जिससे साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा हो।

अभिनेता एवं नेता गोपी ने यहां निकट स्थित पाला धर्मक्षेत्र में जाकर बिशप से मुलाकात करने के बाद कहा कि किसी बात को लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि कल्लारंगट ने किसी विशेष धर्म का जिक्र नहीं किया और न ही उन्होंने ऐसा कोई बयान दिया, जिससे धार्मिक विद्वेष पैदा हो।

गोपी ने कहा, उन्होंने केवल कुछ गतिविधियों का जिक्र किया। उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि बिपश के साथ बैठक में किस बात पर चर्चा की गई। भारतीय जनता पार्टी के सांसद ने कहा कि ऐसी किसी बात पर चर्चा नहीं हुई, जिसके बारे में मीडिया को बताए जाने की आवश्यकता है और जिस बात पर चर्चा हुई, वह आमजन की जानकारी के लिए नहीं है। इससे पहले, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा था कि बिशप कल्लारंगट की नार्कोटिक जिहाद संबंधी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ



कानूनी कार्यवाही करने का राज्य सरकार का कोई इरादा नहीं है।

मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि बिशप की ओर से यह आवश्यक स्पष्टीकरण आ चुका है कि उनकी टिप्पणी का मकसद उनके समुदाय को मादक पदार्थों की बुराई के खिलाफ आगाह करना था और विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच वैर पैदा करना या सांप्रदायिक विद्वेष पैदा करना नहीं था।

कल्लारंगट ने कहा था कि केरल में ईसाई लड़कियां लव और नार्कोटिक जिहाद का शिकार बन रही हैं तथा जहां हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, वहां दूसरे धर्मों के युवाओं को बर्बाद करने के लिए चरमपंथी ऐसे तरीके अपना रहे हैं।

# मोदी के जन्मदिन पर दिव्यांगों के लिए वैन सेवा

एजेंसी। न्यूयॉर्क

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन के मौके पर जयपुर फुट यूएसए ने गुजरात के दिव्यांगों के लिए मुफ्त कृत्रिम अंग (प्रोसथेटिक फीटमेंट) प्रदान करने के लिए एक ऑनलाइन कार्यक्रम में एक मोबाइल वैन सेवा की शुरुआत को मंजूरी दी।

प्रख्यात भारतीय योग गुरु एवं स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (एसवीवायएएसए) के कुलपति डॉ. एचआर नागेंद्र और भगवान महावीर विक्लांग सहायता समिति के मुख्य संरक्षक एवं बीएमवीएसएस के संस्थापक पदम भूषण डीआर मेहता वीर ने

### जयपुर फुट यूएसए ने ऑनलाइन कार्यक्रम में की ऐसी घोषणा

ऑनलाइन एक कार्यक्रम में मोबाइल वैन सेवा की शुरुआत को हरी झंडी दिखाई।

मेहता ने कहा हम 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन के खास मौके पर यह पहल शुरू कर रहे हैं। बीएमवीएसएस (जयपुर) के आठ योग्य प्रोस्थेटिक्स पेशेवरों के साथ मोबाइल वैन, अपने पहले गंतव्य के रूप में मोदी के पैतृक निवास वडनगर के लिए रवाना होगी। उन्होंने वैश्विक महामारी के बीच दिव्यांगों की मदद करने में मोबाइल वैन के महत्व पर प्रकाश डाला। यह वैन अन्य जिलों और शहरों में भी जाएगी। नागेंद्र ने फिटमेंट कैंप (कृत्रिम पैर के मुहैया कराने के शिविरों) के जरूरतमंदों के घर तक पहुंचाने के दृष्टिकोण भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में भी एक कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन किया जा सकता है और कर्नाटक में दिव्यांगों को साल भर सहायता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एक स्थाई केन्द्र भी स्थापित किया जा सकता है। जयपुर फुट यूएसए के अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने समाज के निम्नतम आर्थिक तबके के लोगों को कृत्रिम अंग मुहैया कराने की जयपुर फुट यूएसए और बीएमवीएसएस की मोबाइल वैन पहल को अद्वितीय और प्रगतिशील प्रयास करार दिया।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मोबाइल वैन एक दिन में 7-10 लोगों को कृत्रिम अंग लगाने की मशीनों से लैस होंगी। भंडारी ने बताया कि इस अभियान के हिस्से के रूप में, बीएमवीएसएस कम से कम 71 दिव्यांगों की मदद करने को प्रतिबद्ध है, जो इस साल मोदी के 71वें जन्मदिन को मनाने के लिए एक प्रतीकात्मक संख्या है। प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई सोमाभाई मोदी वडनगर में सर्वोदय सेवा ट्रस्ट में आयोजित एक कार्यक्रम में मोबाइल वैन शिविर का उद्घाटन करेंगे।

# शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे चढ़ा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख को देखते हुए रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 73.45 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी और विदेशी कोषों की लगातार आवक के चलते स्थानीय मुद्रा को मजबूती मिली, हालांकि तेल की ऊंची कीमतों ने इस बढ़त को सीमित कर दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 73.51 पर खुला और फिर अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 73.45 पर पहुंच गया। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.50 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत गिरकर 93.11 पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को सकल आधार पर 232.84 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.26 प्रतिशत बढ़कर 75.66 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया।

# यूपी के हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी आम आदमी पार्टी

एजेंसी। लखनऊ

**दिल्ली** में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सरकार बनने पर सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने और 38 लाख परिवारों पर बकाया बिजली का बिल माफ करने का ऐलान किया है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने पर आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। इसके अलावा सरकार छोटी-बड़ी सभी तरह की जोत वाले किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी।

### दिल्ली के उप मुख्यमंत्री ने यूपी चुनाव के संदर्भ में संवाददाताओं से कहा

### महंगे बिजली के बिल वाले उपभोक्ता आप की सरकार बनवाकर बिल फाड़कर फेंक दें

उन्होंने यह भी ऐलान किया कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर बिजली के मनमाने बिल से परेशान प्रदेश के 38 लाख परिवारों के बिल माफ कर दिए जाएंगे और राज्य में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाएगी। सिसोदिया ने आरोप लगाया



कि उत्तर प्रदेश में सरकार ने बिजली इतनी महंगी कर दी है कि बिजली का बिल भरना बहुत मुश्किल हो रहा है। सरकार कहती है कि या तो बिजली का बिल भरो नहीं तो उन्हें अपराधी माना जाएगा।


उन्होंने दावा किया उत्तर प्रदेश में सैकड़ों ऐसे मामले हैं जहां आम आदमी ने बिजली के महंगे बिल देखकर आत्महत्या कर ली है। अलीगढ़ में रामजी लाल नामक किसान ने बिजली का बिल नहीं भर पाने की वजह से आत्महत्या कर ली। एटा में 17 साल की लड़की ने सिर्फ इसलिए आत्महत्या कर ली कि बिजली विभाग ने उसके पिता के नाम गलत बिल भेज दिया था। जिसे न चुका पाने के कारण उसे अपराधी करार दे दिया गया था। सिसोदिया ने कहा पूरे उत्तर प्रदेश में 38 लाख परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में सरकार ने महंगे बिजली के बिल भेज रखे हैं और सरकार उन्हें अपराधी मान रही है। मैं उन लोगों को कहना चाहता हूं कि आप आम आदमी पार्टी का समर्थन करिए और विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार बनवाइए। सरकार बनते ही उन बिलों को फाड़ कर फेंक दीजिएगा। सब के बकाया बिल माफ कर दिया जाएंगे। यह अरविंद केजरीवाल की गारंटी है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली आज विलासिता नहीं बल्कि मूलभूत आवश्यकता है जिसे हर नागरिक को उपलब्ध कराना हर सरकार की जिम्मेदारी है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने इस मौके पर कहा कि केजरीवाल जो कहते हैं वह कर के दिखाते हैं। 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने समेत जो भी घोषणाएं की गई हैं वे ऐतिहासिक हैं। आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में पूछे जाने पर सिसोदिया ने कहा कि जब समय आएगा, तब पार्टी इस बारे में निर्णय लेकर बताएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रही है।

# भारत की वृद्धि दर 2021 में 7.2 फीसद रहने की उम्मीदः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2021 में 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, लेकिन अगले साल वृद्धि में कमी आ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 महामारी के प्रकोप और निजी खपत पर खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक असर के चलते देश में पुनरुद्धार की प्रक्रिया बाधित हो सकती है।

अंकटाड व्यापार और विकास रिपोर्ट 2021 में सतर्कता के साथ उम्मीद जताई गई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2021 में एक मजबूत सुधार के लिए तैयार है, हालांकि क्षेत्रीय और देशों के आधार पर कुछ अनिश्चितता बनी हुई है। यह रिपोर्ट



बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में जारी की गई। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंकटाड) ने 2020 में 3.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद उम्मीद जताई है कि इस साल वैश्विक उत्पादन में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2020 में सात प्रतिशत का संकुचन झेला और 2021 में इसके 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अंकटाड की रिपोर्ट में कहा गया, भारत में पुनरुद्धार कोविड-19 के प्रकोप और निजी खपत पर खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक प्रभाव से बाधित हुआ है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत 2022 में 6.7 प्रतिशत की दर से आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगा, जो 2021 की अपेक्षित विकास दर से धीमी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में 6.7 फीसदी की धीमी वृद्धि दर के बावजूद भारत अगले साल दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंकटाड की रिपोर्ट के मुताबिक चीन इस साल 8.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है, जबकि 2022 में उसकी वृद्धि दर धीमी होकर 5.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पैंगोलिन शल्क की तस्करी में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में वन विभाग ने वन्य प्राणी पैंगोलिन की शल्क (खाल) की तस्करी के आरोप में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी को गिरफ्तार किया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि रायपुर शहर के जय स्तंभ चौक से विभाग ने सीआईएसएफ के उप निरीक्षक जितेंद्र कोचे को गिरफ्तार किया। कोचे के पास से 3.50 किलोग्राम शल्क बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सीआईएसएफ अधिकारी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर तैनात था। वह मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले का निवासी है। अधिकारियों ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति वन्य प्राणी से संबंधित सामग्री बेचने की कोशिश में है। सूचना के बाद विभाग के दल ने तस्कर की खोज शुरू की। बाद में दल ने जयस्तंभ चौक पर कोचे को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास एक थैले से पैंगोलिन की शल्क बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। विभाग मामले की जांच कर रहा है।

### गुजरात में 24 मंत्रियों ने शपथ ली

**गांधीनगर।** गुजरात विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी और भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष जीतू वघानी समेत 24 मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को यहां गुजरात सरकार के मंत्रियों के तौर पर शपथ ग्रहण की। पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के नेतृत्व वाले पूर्ववर्ती मंत्रिमंडल के किसी मंत्री को नए मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 10 कैबिनेट मंत्रियों और 14 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई। जिनमें पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हैं। राज्य के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ ग्रहण करने वाले भूपेंद्र पटेल राजभवन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रूपाणी के साथ मौजूद थे। रूपाणी के शनिवार को पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद नए मंत्रिमंडल का गठन किया गया है। कैबिनेट मंत्रियों के रूप में राजेंद्र त्रिवेदी, जीतू वघानी, ऋषिकेश पटेल, पूर्णेश मोदी, राघवजी पटेल, कनुभाई देसाई, किरीट सिंह राणा, नरेश पटेल, प्रदीप परमार और अर्जुन सिंह चौहान ने शपथ

### माकपा की त्रिपुरा इकाई के सचिव गौतम दास का निधन

**अगरतला।** माकपा की त्रिपुरा इकाई के सचिव गौतम दास का बृहस्पतिवार को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में कोरोना वायरस संक्रमण के इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। पार्टी सूत्रों ने ये जानकारी दी। दास के परिवार में उनकी पत्नी तापती सेन और बेटी स्वागता हैं। वह अगस्त में कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। उन्हें अगरतला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने के बाद उन्हें छह सितंबर को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बृहस्पतिवार सुबह सात बजकर दो मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। दास 1968 में पार्टी से जुड़े थे और 1986 में त्रिपुरा राज्य समिति के सदस्य बने। वह 1994 में राज्य सचिवालय के लिए चुने गए और 2018 में पार्टी सचिव बने। दास 2015 में 21वीं पार्टी कांग्रेस में माकपा केन्द्रीय समिति के सदस्य बने। वह 1979 से 2015 तक पार्टी की राज्य इकाई के मुखपत्र दैनिक देशेर कथा के संपादक भी रहे। तृणमूल कांग्रेस के पश्चिम बंगाल के महासचिव कुणाल घोष ने भी कोलकाता के उस अस्पताल का दौरा किया, जहां दास का निधन हुआ। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने भी दास के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट किया, मैं माकपा के राज्य सचिव गौतम दास के निधन से बेहद दुखी हूं। मैं उनकी आत्मा की शांति के प्रार्थना करता हूं। मैं ईश वर से शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### बलात्कार और हत्या के आरोपी मृत मिला रेल पटरी पर

**हैदराबाद।** तेलंगाना में छह वर्षीय बच्ची के बलात्कार और हत्या के मामले में वांछित एक व्यक्ति जनगांव जिले में एक रेल पटरी पर बृहस्पतिवार को मृत पाया गया। तेलंगाना पुलिस महानिदेशक एम महेंद्र रेड्डी ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शव पर पहचान चिह्नों के सत्यापन के बाद आरोपी की पहचान की गई। रेड्डी ने कहा, सिंगारेनी कॉलोनी में बाल यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोपी घनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में रेल पटरी पर मृत पाया गया। मृतक के शरीर पर पहचान चिह्नों के सत्यापन के बाद यह घोषित किया गया। जनगांव के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घनपुर थाने में पटरी पर एक शव पाया गया, जिसके सिर पर चोट के निशान थे। कुछ स्थानीय लोगों ने सुबह करीब पौने नौ बजे पटरी पर यह शव देखा, जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि आरोपी 30 वर्षीय पी राजू ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की।

### ईसीएल कोयला चोरी मामलाः सीबीआई ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आसनसोल में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की खदानों से कोयले की कथित चोरी के मामले में बृहस्पतिवार को दिल्ली और पश्चिम बंगाल में तीन स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के दौरान ईसीएल के एक पूर्व निदेशक के राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका क्षेत्र स्थित निवास, पश्चिम बंगाल के आसनसोल में सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई के तत्कालीन महाप्रबंधक के निवास और पश्चिम बंगाल के फरक्का में एनटीपीसी (राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड) में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक निरीक्षक के निवास पर छापे मारे गए। करोड़ों रुपये का कोयला चोरी घोटाला पश्चिम बंगाल के कुनुस्तोरिया और काजोरा इलाकों में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों से जुड़ा है। सीबीआई ने चोरी रैकेट के कथित सरगना अनूप मांझी उर्फ लाला, ईसीएल के महाप्रबंधक अमित कुमार धर और जएश चंद्र राय, ईसीएल सुरक्षा प्रमुख तन्मय दास, कुनुस्तोरिया क्षेत्र के सुरक्षा निरीक्षक धनंजय राय एवं काजोरा क्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी देबाशीष मुखर्जी के खिलाफ पिछले साल नवंबर में प्राथमिकी दर्ज की थी।

### ईडी ने मानवाधिकार कार्यकर्ता के परिसरों पर मारे छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदेर के दिल्ली से जुड़े परिसरों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दक्षिण दिल्ली के अधचीनी ,वसंतकुंज और महरौली में स्थित कम से कम तीन परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं।

# नोएडा-गाजियाबाद में कटेंगे सिर्फ ई-चालान

## सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन ने जारी किए दिशा-निर्देश

● थानों की मैपिंग जारी, यूपी के सभी शहरों में जल्द लागू होगी यह व्यवस्था



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद समेत यूपी के तमाम शहरों में वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

केंद्रीय मंत्रालय का नया आदेश नोएडा और गाजियाबाद सहित उत्तर प्रदेश के 13 से अधिक शहरों में लागू किया जाएगा। नई गाइडलाइंस के तहत इन शहरों में परिवहन विभाग अगले तीन महीने के भीतर चालान प्रणाली को शत.प्रतिशत डिजिटल करेगा। मतलब इन शहरों में सिर्फ ई-चालान किया जाएगा। इसका सीधा असर वाहन चालकों पर पड़ेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारियों ने ट्रैफिक पुलिस को दस लाख से अधिक आबादी वाले 13 शहरों में ज्यादा वाहनों को देखते हुए ऑनलाइन चालान काटने का निर्देश दिया है। इन ई.चालान के लिए परिवहन विभाग मोबाइल कैमरे का उपयोग करने जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 2019 में देश भर में यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए दो लाख से अधिक चालान किए गए। तब से यह आंकड़ा कई गुना बढ़ गया है। 2020 से हर साल आठ लाख चालान काटे जा रहे हैं। यह पिछले साल से चार गुना है।

डीसीपी ट्रैफिक लखनऊ रईस अख्तर ने बताया कि आईटीएमएस परियोजना के तहत सभी चौराहों पर कैमरे लगाए गए हैं। ऑनलाइन चालान का ट्रायल शुरू हो गया है। थानों की मैपिंग की जा रही है। जल्द ही यह व्यवस्था इन सभी शहरों में लागू कर दी जाएगी।

परियोजना में आएगी 2100 करोड़ की लागत

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जेवर एयरपोर्ट से जुड़ेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसके लिए हरियाणा और यूपी में 31 किमी लंबी 6 लेन का ग्रीनफील्ड कनेक्टिंग मार्ग बनाया जाएगा, जो जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद जिले में इस एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 2100 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस महत्वपूर्ण मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति केंद्र मंत्रालय ने दे दी है। यह प्रोजेक्ट इसी साल शुरू हो जाएगा।

केंद्रीय सडक् परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज हरियाणा के सोहना में इसकी घोषणा की। केंद्र सरकार की योजना के मुताबिक दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसमें 24 किलोमीटर का हिस्सा हरियाणा में आता है और 7 किलोमीटर का हिस्सा उत्तर प्रदेश में आता है। इसको लेकर दोनों राज्यों के अफसरों में कई दौर की बातचीत हुई। अब इस पर सहमति बन गई है

# सीएम योगी ग्रेनो में दो दिन रहेंगे

● कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा आ रहे हैं। सीएम 21 सितंबर को दोपहर बाद ग्रेटर नोएडा आएंगे और रात्रि प्रवास करेंगे। इसके बाद 22 सितंबर की सुबह ग्रेटर नोएडा में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

दोपहर में दादरी जाएंगे और उसके बाद हापुड़ जिले के धौलाना में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। धौलाना में विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण का कार्यक्रम भी रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 सितंबर को दोपहर बाहर ग्रेटर नोएडा पहुंचेंगे।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में वह रात्रि प्रवास करेंगे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया है। अगले दिन सुबह नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन और पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों के साथ बैठक होगी। दोपहर करीब 12 बजे मुख्यमंत्री दादरी के मिहिर भोज कॉलेज पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हापुड़ जिले के धौलाना कस्बे में रखा गया है। योगी आदित्यनाथ हापुड़ जिले की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। धौलाना में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# नोएडा प्राधिकरण में आग लगने के मामले में 6 अफसरों पर कार्रवाई



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● जांच कमेटी ने किया बड़ा खुलासा

नोएडा प्राधिकरण में साल 2020 के मई महीने में आग लगने की घटना की जांच पूरी हो गई है। 6 सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर छह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

4 अफसरों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि इंजीनियरिंग विभाग के दो अधिकारियों को चेतावनी दी गई है। आग लगने की घटना की जांच के लिए 6 सदस्यों की टीम का गठन किया गया था। अब टीम ने अपनी रिपोर्ट सबमिट की है। बताते चलें कि बीते साल 25 मई 2020 को सेक्टर.6 में स्थित प्राधिकरण कार्यालय के औद्योगिक लेखा विभाग में आग लगी थी। इसमें सैकड़ों अहम फाइलें जलकर खाक हो गई थीं।

हालांकि बाद में उन्हें फि र से तैयार कराया गया था। मगर आग लगने से वहां रखा ढांचा पूरी तरह जलकर खाक हो गया था। इस आगजनी के बाद सीईओ ऋतु माहेश्री ने 6 अफ सरों की कमेटी गठित की थी। उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट आने के बाद बुधवार को औद्योगिक ग्रुप हाउसिंग और लेखा विभाग के दो वरिष्ठ सहायक और दो लेखकार को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है। जबकि दो अधिकारियों को चेतावनी दी गई।

रिपोर्ट में पता चला है कि अगले दिन छुट्टी होने के बावजूद विभाग के अफ सरों ने संपत्तियों से जुड़े विभागों की फ ाइलें वहीं रखी थीं। जबकि सफाई कर्मचारी लाइट जलते छोड़ कर चले गए थे।

# बाप-बेटे की चाकुओं से गोदकर हत्या, इलाके में दशहत का माहौल

● पुलिस को अवैध संबंधों का शक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

ट्रॉनिका थाना क्षेत्र के कासिम विहार में बदमाशों ने एक कारोबारी व व उसके पुत्र की चाकू से गोदकर नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गए। इस वीभत्स हत्याकांड की जानकारी जब इलाके के लोगों को मिली तो वहां पर दहशत फैल गई



मौके पर जमा भीड़।

और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का यह कहना है कि मामला अवैध संबंधों से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि अभी जांच शुरू की गई है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इरज राजा ने बताया कि कासिम विहार कॉलोनी में नईम उल हसन(35) व उसका बेटा (8) अपने घर में सो रहे थे। पिता जहां चारपाई पर लेटा था, वही बेटा तख्त पर सोया हुआ था। नईमुद्दीन की पत्नी अपने मायके गई हुई थी। उन्होंने बताया कि रात में किसी वक्त बदमाश घर के अंदर घुस आए और धारदार हथियारों से दोनों की हत्या कर फरार हो गए।

हत्या इतने वीभत्स तरीके से की गई है कि मृतकों की आंते तक बाहर आ गयी हैं। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड की जानकारी उस वक्त मिली जब लोगों ने घर का दरवाजा खुला देखा तो वह लोग अंदर गए तो वहां दोनों की खून से लथपथ लाश देखकर उनके होश उड़ गए।

लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। राजा ने बताया कि घटनाक्रम देखने से लगता है कि दरवाजा किसी जानकार ने आकर खुलवाया है और हत्या करके फरार हो गया है। कहीं ना कहीं अवैध संबंधों का मामला भी हो सकता है फिर भी विस्तृत जानकारी की जा रही है। लूट की वारदात होने से उन्होंने इनकार किया है। उधर हत्या भी बच्चा कांड के बाद पूरे कसूर बिहार में दहशत का माहौल है।

# एनबीसीसी ने की आम्रपाली प्रिंसली एस्टेट की नीलामी

● 38 हजार फ्लैट होंगे तैयार



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सरकार की निर्माण शाखा एनबीसीसी ने नोएडा सेक्टर-76 में संकटग्रस्त रियल एस्टेट डेवलपर आम्रपाली ग्रुप के प्रिंसली एस्टेट की आवास परियोजना में अप्रयुक्त एफएआर की नीलामी कर दी है। संस्था ने अगस्त के दूसरे सप्ताह में 40 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य के साथ प्रिंसली एस्टेट में अप्रयुक्त एफएआर की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। जानकारी के मुताबिक पहले अप्रयुक्त एफएआर को 43 करोड़ रुपये में सफलतापूर्वक नीलाम किया गया है। अगले छह महीनों में इसका भुगतान किया जाएगा। एनबीसीसी आम्रपाली समूह के सात स्थानों पर आवास परियोजनाओं में अप्रयुक्त एफएआर की बिक्री से 1500 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रख चुकी है। संस्था अगले महीने दो और एफएआर की बिक्री करने की योजना बना चुकी है। करीब 2.6 लाख वर्ग फुट एफएसाई की बोली लगाई जा चुकी है। यह राशि तत्कालीन आम्रपाली समूह की अधूरी इकाइयों को पूरा करने में इस्तेमाल की जाएगी। प्री.बिड जमा करने की अंतिम तिथि 29 अगस्त 2021 थी। इसके लिए बयाना राशि 4 करोड़ रुपये रखी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉरपोरेशन को बिना बिके एफएआर को बेचने का आदेश दिया था। इससे पहले एनबीसीसी ने आम्रपाली समूह की 5000 से अधिक बिना बिकी इकाइयों की बिक्री के लिए संपत्ति सलाहकारों से बोलियां आमंत्रित की थीं। चार ब्रोकरेज फर्म दौड़ में थींए जिनमें से एनारॉक सफल बोलीदाता के रूप में उभरी। अदालत ने 2019 में सरकार की निर्माण शाखा को आम्रपाली समूह की 38159 फ्लैटों को निर्माण कर वर्ष 2023 तक पजेशन देने का आदेश दिया था। हजारों घर खरीदारों ने घरों को सौंपने में वर्षों की देरी के बारे में शीर्ष अदालत में शिकायत की थी। आम्रपाली समूह की सभी अटकी परियोजनाओं को पूरा करने की कुल लागत लगभग 8500 करोड़ है।

## युवती की हत्या कर शव नहर के किनारे फेंका

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी इलाके में बदमाशों ने एक 30 वर्षीय युवती की हत्या कर शव नहर के किनारे पर फेंक दिया।

युवती का गुरुवार को नहर के किनारे झाड़ियों से बरामद किया। युवती ने जींस और टॉप पहन रखा है जिससे लगता है कि किसी अच्छे घराने की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को कुछ लोगों ने कनावनी के पास नहर के किनारे झाड़ियों में एक युवती की लाश पड़ी देखी। उन्हें तत्काल ही इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि शव की स्थिति देखने से लगता है उसकी हत्या कहीं और की गई है और सब यहां लाकर फेंका गया है।

# मंडोला के किसानों का आंदोलन जारी, वार्ता विफल

● गड्ढों में भरा पानी, समाधि पर बैठे प्रदर्शनकारी हुए परेशान



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

आवास विकास परिषद द्वारा अधिग्रहीत की गई भूमि का मुआवजा अन्य मांगों को लेकर जिंदा समाधि लेकर आंदोलन कर रहे मंडोला के किसानों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच कई घंटे तक चली वार्ता विफल हो गई।

यह वार्ता आवास-विकास परिषद के मंडोला विहार स्थित कार्यालय पर हुई। वहीं भारी बारिश के कारण किसानों ने जिन गड्ढों में समाधि ली थी। उनमे पानी भर गया। जिस कारण किसानों की दिक्कत हुई। जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी प्रशासन की ओर से ऋतु सुहास व दूसरों ओर से आंदोलनकारी किसान शामिल हुए। कई घंटे तक चली वार्ता विफल हो गई और किसानों ने आंदोलन जारी रखने की घोषणा की। आपको बता दे कि बुधवार को पूर्व घोषणा के मुताबिक आंदोलन से जुड़े 17 किसान गहरे गड्ढे खोदकर उनमें बैठकर जिंदा समाधि ले ली थी । समाधि लेने की खबर मिलने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया था और जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एसडीएम शुभांगी शुक्ला को मौके पर भेजा था ।

## कोविड टीकाकरण से वंचित 28 हजार चिन्हित

**हापुड़।** सूबे में बुखार के मामले बढ़ने पर शासन के निर्देश पर चलाए गए दस दिवसीय विशेष अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 45 वर्ष से अधिक आयु वाले ऐसे 28 हजार 292 लोग चिन्हित किए हैं, जिन्होंने अब तक कोवडिरोधी वैक्सीन की एक भी डोज नहीं ली। इन लोगों से टीका न लगवाने का कारण जानकर उसका निवारण करने के प्रयास किए जा रहे हैं और टीकाकरण केंद्रों पर लाकर टीके लगवाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. रेखा शर्मा का कहना है घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण का सबसे बड़ा लाभ टीका न लगवाने वाले 45 वर्ष से अधिक आयु वाले ऐसे लोगों का चिन्हांकन है जो अब तक टीके की पहली डोज भी नहीं लगवा पाए हैं। दरअसल, इस आयु वर्ग वाले लोगों के कोमोर्बिड होने की आशंका अधिक रहती है।

# गौतमबुद्ध नगर में पालतू कुत्ते-बिल्ली का रजिस्ट्रेशन हुआ जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● मालिक को सालाना हजार रुपये देने होंगे

अगर आप नोएडा शहर में रहते हैं और कुत्ते बिल्ली जैसे पालतू जानवरों को अपने साथ रखने के शौकीन हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। अब नोएडा में रहने वालों को पालतू कुत्ते, बिल्लियों और दूसरे जानवरों का पंजीकरण अथॉरिटी के मोबाइल एप पर करना होगा। इसके लिए नोएडा अथॉरिटी ने पैट रजिस्ट्रेशन नाम का एप एंड्रयाड वर्जन लांच कर दिया है।

पालतू जानवरों के मालिकों को सालाना 1000 नोएडा अथॉरिटी को चुकाने पड़ेंगे। अगर अड़ोस-पड़ोस में रहने वाले लोग परेशान होते हैं तो इसी ऐप के जरिए पालतू पशुओं की शिकायत भी लोग कर सकते हैं। नोएडा अथॉरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी ने बुधवार की दोपहर ऐप का एंड्राइड वर्जन लॉन्च कर दिया है।

उन्होंने बताया कि इस एप के आईओएस वर्जन को अगले महीने के पहले सप्ताह में लांच कर दिया जाएगा। नोएडा की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने अथॉरिटी के बोर्ड रूम में यह एप लॉन्च किया है। अब शहर में सभी पंजीकृत पैट का रिकार्ड लोग देख सकेंगे। वहीं दूसरी ओर आवारा कुत्तों के शेल्टर के लिए नोएडा प्राधिकरण सेटअप तैयार करेगा। इनका आरडब्ल्यूए संचालन कर सकेंगी। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋ तु माहेश्वरी ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण का एडमिन हर



मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ऐप की जानकारी देती हुईं।

आवेदन की जांच करेगा। उसके बाद आवेदन को मंजूरी दी जाएगी। मालिक को अपने जानवर के साथ फोटो अटैच करनी होगी। उसकी नस्ल भी बतानी होगी। अपना एक पहचान पत्र देना होगा। इसके बाद मालिक बेवसाइट के जरिए पंजीकरण का सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकेंगे। इस एप पर पैट की शिकायत करने की सुविधा भी दी गई है। यदि पैट मालिक अपने जानवर को खुले स्थान पार्क या सार्वजनिक स्थान पर शौच कराता है तो शिकायत होने पर प्राधिकरण जानवर के मालिक पर एक्शन लेगा। पहली शिकायत सही पाए जाने पर 100 रुपये, दूसरी बार में 200 और तीसरी बार में 500 रुपए का जुर्माना लगाकर नोटिस भेजा जाएगा। प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश महीने में दो बार और एसीईओ प्रवीण मिश्रा महीने में एक बार शिकायतों की समीक्षा किया करेंगे। जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एससी मिश्रा ने बताया कि जानवरों का पंजीकरण कराना जरूरी है।

आने वाले समय में पंजीकरण नहीं कराने पर जुर्माना लगाया जाएगा। सीईओ ऋ तु माहेश्वरी ने बताया कि आवारा कुत्तों के शेल्टर बनाने के लिए फोनरवा से 2.3 जगह चिन्हित करने को बोला गया है। जगह चिन्हित होने पर सेटअप लगाकर प्राधिकरण देगा। उसका संचालन खुद आरडब्ल्यूए को करना होगा। पालतू जानवरों का पंजीकरण कराने के लिए मालिकों को हर साल एक हजार रुपये देने पड़ेंगे।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

जहां तक कॅरियर की बात है, तो परिणाम हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। बॉस और उच्च अधिकारी आपको भ्रमित कर सकते हैं। यह आपके काम में कुछ नकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा। धैर्य रखें और समय को अपना काम करने दें। रचनात्मक ऊर्जाएं आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगी और उनमें वृद्धि करेंगी। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। प्रेमी अपने साथी के प्रति अत्यधिक भावुक हो सकते हैं।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** किसी वृद्ध भिखारी को खाना खिलाएं।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

नौकरीपेशा लोगों की स्थिति में पहले से सुधार होने के योग हैं। बड़ा फायदा भी हो सकता है। आगे बढ़ने के लिए मौके और ऑफर मिल सकते हैं। कामकाज में इतनी परेशानियां नहीं रहेंगी, जितनी टेंशन आप ले रहे हैं। किस्मत का साथ मिल सकता है। आज आप जो करेंगे, उसके बहुत रोचक नतीजे मिल सकते हैं। आसपास और साथ काम करने वाले लोगों को प्रभावित करने में आप सफल हो सकते हैं।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** देवी लक्ष्मी की आराधना करें।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आकस्मिक धन लाभ के प्रबल योग दिखाई दे रहे हैं। आपका आज का दिन फलदायक है, आज आपकी मेहनत ही सफलता दिलाएगी। बातचीत में कुशलता से मजबूत पक्ष साबित होगा ऊर्जा चरम पर हो सकती है और कोशिशें भी पूरी होंगी। अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज जारी रखनी चाहिए। लवमेट घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** ठोस सोने पर पीला धागा लपेट कर अपने अलमारी में रखे।

### कर्क

(ही, हू ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

प्रिय लोगों के साथ अपनी मानसिकता साझा करने का समय होगा। साथी के साथ भावनात्मक परिवेश में एक नया समीकरण विकसित कर पाएंगे, रिश्ता पहले की तुलना में अधिक सुखद होगा। सभी गतिविधियों में काफी प्रगति होने की संभावना है। जो लोग प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रहे हैं वे अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद कर सकते हैं। आर्थिक रूप से भी यह अच्छा समय है।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** सूर्य देवता को प्रात: जल दे।

### सिंह

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

बड़े काम निपटाने में पूरा ध्यान रहेगा। पैसे और हौसले भी बढ़ सकते हैं। बहुत से काम समय पर पूरे हो सकते हैं। कुछ नए और रोचक अनुभव मिल सकते हैं। व्यस्त और सक्रिय रहेंगे। पार्टनर के साथ संबंधों में सुधार होने के योग हैं। विवाद निपट सकते हैं। नई नौकरी या बिजनेस की रूपरेखा बन सकती है। जिससे आगे जाकर सब कुछ बदल सकता है। आज अपने जरूरी काम निपटा लें।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** देवी लक्ष्मी को पंच मेवे का भोग लगाएं।

### कन्या

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

अपनी बुद्धिमता एवं योग्यता का पूरा लाभ हासिल होगा। बोलचाल में मिठास बनाए रखना आप की आदत है, विरोधी भी आपकी बुराई करने से डरेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और कर्ज से छुटकारा मिलेगा। लव लाइफ में थोड़ा तनाव संभव है। स्वास्थ्य से कष्ट मिलेगा। घूमने-फिरने के लिए ये अच्छा समय है. पार्टनर से संबंधों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। कामकाज में रुकावटें आ सकती हैं।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** गरीब कन्या की आर्थिक रूप से मदद करें।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

किसी पुरानी बात को लेकर सहयोगियों से बहस हो सकती है। सावधानी से काम लेकर विवादों को टालें। निजी जीवन में परेशानियां रह सकती हैं। जीवनसाथी की सोच को समझने का प्रयास करें। खान-पान पर भी संयम रखें। प्रेम-संबंधों के संदर्भ में दिन अनुकूल है। संतान की शिक्षा को लेकर चिंतित रह सकते हैं। नए संपर्क बनाएंगे और दोस्ती करेंगे जो आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** श्री सुक्तम का पाठ करें।

### वृश्चिक

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

अच्छे लोगों से मुलाकात हो सकती है, जिससे फायदा भी होगा। आज का दिन दोस्तों के साथ समय बीतेगा। बिजनेस के सौदे फायदेमंद होने के योग बन रहे हैं। घर-परिवार की जिम्मेदारियों पर ध्यान दें। बिजनेस अच्छा चलेगा। घर का माहौल भी लिए खुशनुमा हो सकता है और परिवार से भी मदद मिल सकती है। कॅरियर और निजी जीवन में उन्नति के मौके मिलने के योग बन रहे हैं।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** लाल मिर्च का दान करें।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। प्रेम संबंधों में सावधानी बरतें, धोखा हो सकता है। नए मित्र बनेंगे। समझ का दायरा बढ़ेगा, व्यक्तित्व में निखार आएगा और दिमाग विकसित होगा। पारिवारिक समस्या खत्म होंगी। सोच समझकर बोलें। संतान से थोड़ी परेशानी और दुख मिल सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर परिणाम लेकर आ सकता है। परिवार के सदस्य से मनमुटाव भी हो सकता है।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** बड़ के पेड़ की जड़ में परिक्रमा करते हुए मीठा दूध डालें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे। पारिवारिक जीवन में गड़बड़ी, परिवार के बिगड़ते स्वास्थ्य और संपत्ति के मामलों पर विवाद निरंतर तनाव में रखेंगे। सीधे टकराव से बचने और अधिक समझौतावादी रवैया अपनाने की कोशिश करनी चाहिए। स्वयं के स्वास्थ्य की भी अधिक देखभाल करने की आवश्यकता है आंखों या कानों को प्रभावित करने वाली कुछ छोटी बीमारियों से पीड़ित होने की संभावना रखते हैं।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** गरीबों में कंबल बांटे।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

लोगों से मिलने और बातें करने में आप सफल हो सकते हैं। आसपास के लोगों पर ध्यान रखें। आज आपको ऑफिस में जिम्मेदारी वाला काम मिल सकता है। दूसरों की मदद से किए गए कामों में आप उलझ सकते हैं। हालांकि इसका आपको फायदा भी मिलेगा। परिवार के साथ मांगलिक काम हो सकते हैं। बड़े भाइयों और दोस्तों से मदद मिल सकती है। खान-पान पर भी संयम रखें। आज का आपका दिन सामान्य रहेगा।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** देवी दुर्गा की आराधना करें।

### मीन

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

आज ईमानदारी से काम करने की जरुरत है। भाई-बहनों के साथ किया गया काम सफल होगा और भविष्य में लाभदायक साबित होगा। लव लाइफ में जीवन साथी के साथ चल रही है सारी परेशानियां दूर होंगी। छुपी हुई कुछ बातें भी सामने आ सकती हैं। भावनात्मक तौर पर असुरक्षित महसूस कर सकते हैं। पुराने मित्र से संपर्क हो सकते हैं। आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। रुके हुए कार्यों के पूरा होने की संभावना है।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** नेत्रहीन व्यक्तियों की मदद करें

अगर आप भी रोजाना सुबह उठकर बस ये 5 काम कर लें, तो आपको जवान और खूबसूरत दिखने के लिए कभी एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### रोज सुबह उठकर कर लें ये पांच काम, तो

# स्किन हमेशा रहेगी टाइट और चमकदार

**जवां** और खूबसूरत दिखने के लिए सबसे जरूरी है आपकी त्वचा का टाइट और ब्राइट (चमकदार) दिखना। उम्र बढ़ने के कारण और बाहरी धूल-मिट्टी, प्रदूषण के संपर्क में आने से आपकी त्वचा की चमक खत्म होती जाती है। इसके अलावा आपकी स्किन भी ढीली होने लगती है, जिससे चेहरा बूढ़ा लगने लगता है। चेहरे पर झुर्रियां, फाइन लाइंस, आंखों के नीचे काले घेरे, आई बैग्स, लटकती त्वचा आदि बुढ़ापे के लक्षण हैं। अगर आप अपना स्किन केयर रूटीन सही रखें और सुबह उठकर कुछ खास टिप्स को फॉलो करें, तो आपकी त्वचा ज्यादा समय तक यंग और खूबसूरत नजर आ सकती है। आइए आपको बताते हैं 5 ऐसे नियम जिन्हें सुबह-सुबह अपनाकर आप अपनी त्वचा को यंग रख सकती हैं।



### मुंह पर ठंडे पानी का छींटा मारें

सुबह बिस्तर से उठते ही आपको सबसे पहला काम यह करना चाहिए कि अपने मुंह पर ठंडे पानी का छींटा मारें। ठंडे पानी से इस तरह मुंह धोने से आपके चेहरे की स्किन में ब्लड सर्कुलेशन तेज हो जाता है और स्किन के रोमछिद्रों में जमा गंदगी बाहर निकल जाती है। इससे आपके चेहरे की चमक बढ़ती है और झुर्रियों, डार्क सर्कल्स और दूसरी त्वचा संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

### सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पिएं

आपको हर रोज सुबह उठकर एक ग्लास गुनगुना पानी जरूर पीना चाहिए। ये एक आदत आपको सैकड़ों बीमारियों से बचा सकती है। दरअसल सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से आपका शरीर डिटॉक्स हो जाता है और मेटाबॉलिज्म तेज हो जाता है। त्वचा पर बुढ़ापे के लक्षण लाने और चमकहीन बनाने में सबसे बड़ी भूमिका शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स ही निभाते हैं। इसलिए अगर आप अपने बॉडी को रोजाना एक ग्लास गुनगुना पानी पीकर डिटॉक्स करेंगे, तो आपकी त्वचा पर चमक बढ़ेगी और मेटाबॉलिज्म तेज होने से आप एनर्जी से भरपूर रहेंगे।

### आधा घंटा एक्सरसाइज करें

कुछ लोगों को लग सकता है कि बात हम स्किन केयर की कर रहे हैं, तो एक्सरसाइज की क्या जरूरत है। मगर यहीं आप सबसे बड़ी गलती करते हैं। जिन सेलिब्रिटीज के चेहरे की खूबसूरती आपको आकर्षित करती है, उनके चेहरे की चमक और निखार का एक राज रेगुलर वर्कआउट भी है। दरअसल एक्सरसाइज करने से आपके शरीर में ब्लड फ्लो बढ़ता है और पसीना निकलता है। इस पसीने के साथ ही त्वचा की ऊपरी रोमछिद्रों की सफाई हो जाती है और शरीर के कई सॉलिड टॉक्सिन्स बाहर निकल जाते हैं। इससे आपकी त्वचा की रंगत धीरे-धीरे साफ होने लगती है।

### हल्की धूप में 15 मिनट बैठें

आपको फिर लग रहा होगा कि धूप से तो त्वचा काली होती है, फिर धूप में बैठने की सलाह क्यों दी जा रही है। मगर आपको बता दें कि तेज धूप त्वचा के लिए नुकसानदायक साबित होती है, लेकिन यही धूप विटामिन डी का भी सबसे अच्छा स्रोत मानी जाती है। और विटामिन डी आपकी त्वचा की चमक बढ़ाने, हड्डियों को मजबूत बनाने और आपके शरीर को कई रोगों से बचाने के लिए बहुत फायदेमंद है। इसलिए बिल्कुल सुबह की हल्की, ताजी, गुनगुनी धूप में ज्यादा नहीं, बस 15 मिनट बैठें। इस दौरान आप योगासन प्राणायाम कर सकते हैं या अखबार पढ़ सकते हैं। धूप आपके बाल, नाखून और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है।

### ब्रेकफास्ट कभी न छोड़ें

कई बार लोग जल्दबाजी के कारण या किसी अन्य काम के कारण ब्रेकफास्ट छोड़ देते हैं। लेकिन ये आदत आपके लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है। अगर आप ब्रेकफास्ट छोड़ देते हैं, तो इससे आपका मोटापा बढ़ता है और शरीर का ब्लड शुगर डाउन होता है।



इससे भी आपकी त्वचा की चमक पर फर्क पड़ता है। इसलिए ब्रेकफास्ट कभी न छोड़ें। हर दिन सुबह हेल्दी ब्रेकफास्ट करें, जो विटामिन्स, मिनरल्स और प्रोटीन से भरपूर हो। यह भी ध्यान रखें कि ब्रेकफास्ट में बहुत अधिक ऑयली चीज का सेवन न करें। इन 5 कामों को रोजाना करने के लिए ज्यादा से ज्यादा 1 घंटा चाहिए और खुद को लंबे समय तक जवान और खूबसूरत बनाए रखने के लिए तथा शारीरिक-मानसिक रूप से फिट रखने के लिए आप 24 में से 1 घंटा तो जरूर निकाल सकते हैं।

# फेस पर लगाएं खीरे का मास्क, मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

**खीरे** का इस्तेमाल लगभग हर घर में किया जाता है। वैसे तो इसे अक्सर सलाद या रायते के रूप में खाया जाता है, लेकिन इसके स्किन केयर बेनिफिट्स भी कम नहीं है। जी हां, समर्स और मानसून में खासतौर से खीरे को स्किन पर अप्लाई करने की सलाह दी जाती है। जहां कुछ महिलाएं इसकी स्लाइस करके अपनी आईज पर रखती हैं, तो वहीं कुछ महिलाएं इसका मास्क बनाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करती हैं। एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होने के कारण यह स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि खीरे का इस्तेमाल चेहरे पर करने से क्या-क्या लाभ होते हैं।

### एक्ने करें कम

स्किन केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि इस मौसम में हमारी स्किन अधिक ऑयली व ग्रीसी हो जाती है। जिसके कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं और एक्ने ब्रेकआउट होते हैं। ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना काफी लाभकारी है। दरअसल, खीरा आपकी स्किन को क्लींज करने के साथ-साथ उसे कूलिंग इफेक्ट भी देता है। इतना ही नहीं, यह पोर्स को टाइटन करने में मदद करता है, जिससे आपको मुंहासे होने की संभावना कम हो जाती है।



### आंखों की सूजन से छुटकारा

स्किन केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आपको अपनी आंखों में थकान व सूजन का अहसास हो रहा है, तो ऐसे में आपको खीरे का इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल, खीरा आपकी आंखों को ठंडक पहुंचाकर उसे एक फ्रेशनेस का अहसास कराता है। इतना ही नहीं, इससे आपको अंडर आई बैग्स, सूजन व थकी हुई आंखों से छुटकारा मिलता है।

### एजिंग साइन को करें कम

स्किन केयर एक्सपर्ट की मानें तो खीरा एजिंग के साइन को कम करके आपकी स्किन को एक बार फिर से यूथफुल बनाता है। दरअसल, खीरे में विटामिन सी और फोलिक एसिड पाया जाता है और खीरे के इन्हीं गुणों के कारण अगर इसे स्किन पर बतौर फेस पैक लगाया जाए तो इससे फाइन लाइंस व रिंकल्स काफी कम होते हैं। इतना ही नहीं, यह स्किन के एजिंग प्रोसेस को भी स्लो करता है, जिसके कारण आप लंबे समय तक जवां नजर आते हैं।

### त्वचा को करें हाइड्रेट

खीरे में 90 प्रतिशत पानी होता है। इसलिए, जब शहद और एलोवेरा के साथ मिलाया जाता है, तो यह आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज कर सकता है और चमक को वापस ला सकता है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है और उसे हर समय फ्रेश बनाए रखता है।

# ऑयली स्किन को मॉइश्चराइज करते समय रखें इन बातों का खास ख्याल

अधिकतर ऑयली स्किन की महिलाओं का चेहरा मॉइश्चराइजर लगाने के बाद ग्रीसी इसलिए नजर आता है, क्योंकि वह किसी भी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने लग जाती है। जिससे उनका चेहरा चिपचिपा हो जाता है। बेहतर होगा कि आप ऐसे मॉइश्चराइजर को चुनें, जो खासतौर से ऑयली स्किन के लिए बनाया गया हो।

**ऑयली** स्किन से ऑयल का स्त्राव अधिक होता है। खासतौर से, समर्स में यह ऑयल का स्त्राव काफी बढ़ जाता है, जिसके कारण ऑयली स्किन की महिलाएं समर्स में अपनी स्किन को मॉइश्चराइज नहीं करतीं। उन्हें लगता है कि इससे उनकी स्किन और भी ज्यादा ऑयली व चिपचिपी नजर आएगी। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। स्किन की नेचुरल नमी को रिस्टोर करने के लिए उसे मॉइश्चराइज करना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ऑयली स्किन को मॉइश्चराइज करते समय आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको बता रहे हैं कि ऑयली स्किन को मॉइश्चराइज करते समय किन पर बातों पर फोकस करना चाहिए।

### ऑयली स्किन मॉइश्चराइज का इस्तेमाल

स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, अधिकतर ऑयली स्किन की महिलाओं का चेहरा मॉइश्चराइज लगाने के बाद ग्रीसी इसलिए नजर आता है, क्योंकि वह किसी भी मॉइश्चराइज का इस्तेमाल करने लग जाती है। जिससे उनका चेहरा चिपचिपा हो जाता है। बेहतर होगा कि आप ऐसे मॉइश्चराइज को चुनें, जो खासतौर से ऑयली स्किन के लिए बनाया गया हो। दरअसल, ऑयली स्किन के लिए बनाए गए मॉइश्चराइज मुख्य रूप से वाटर या जेल बेस्ड होते हैं। साथ ही वह लाइटवेट होते हैं, जो आपकी स्किन पर बिल्कुल भी हैवी नहीं होते।

### ऑयल फ्री फार्मूला

स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, ऑयली स्किन की महिलाओं को ऑयल फ्री मॉइश्चराइज का इस्तेमाल करना चाहिए। इसलिए, जब भी आप मॉइश्चराइज को चुनें, तो उसके लेबल को जरूर चेक करें। आप ऐसे मॉइश्चराइज से बचें, जिनमें कोकोनट ऑयल, शिया बटर, लिनोलेइक एसिड, मिनरल ऑयल, लॉरिक एसिड, स्टीराइल अल्कोहल जैसे तत्व मौजूद हों।

### स्किन को करें तैयार

अगर आप चाहती हैं कि मॉइश्चराइज लगाने के बाद आपकी स्किन ऑयली व ग्रीसी नजर ना आए तो ऐसे में जरूरी है कि पहले आप अपनी स्किन को रेडी करें। स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, टोनर स्किन केयर रूटीन के लिए बेहद जरूरी है। खासतौर से, टोनर ऑयली स्किन से अधिक ऑयल को हटाकर पोर्स को टाइटन करते हैं और आपकी त्वचा को मॉइश्चराइज को बेहतर तरीके से अब्जार्ब करने के लिए तैयार करते हैं। इसलिए मॉइश्चराइज अप्लाई करने से पहले अल्कोहल फ्री टोनर को स्किन पर जरूर लगाएं।

### स्किन केयर मिसटेक्स से बचें

कई बार महिलाएं ऑयली स्किन के लिए मॉइश्चराइज को ही जिम्मेदार ठहराती हैं, जबकि ऐसा ही हो, यह जरूरी नहीं है। कभी-कभी स्किन केयर से जुड़ी मिसटेक्स भी आपकी स्किन को ग्रीसी बनाती है। मसलन, आपको यह पता होना चाहिए कि आपको स्किन केयर प्रॉडक्ट को किस तरह अप्लाई करना है। इसके अलावा स्किन केयर प्रॉडक्ट लगाने के बाद स्किन को रगड़ने से बचें, बल्कि सर्कुलर मोशन में हल्के से मसाज करते हुए प्रॉडक्ट को लगाएं।



# मैनीक्योर करते समय न करें ये गलतियां

**शरीर** की रूखी त्वचा को दूर करने के लिए महिलाएं पार्लर जाकर मैनीक्योर करवाना पसंद करती हैं। खासतौर से हाथों की रूखी त्वचा के लिए मैनीक्योर की मदद ली जाती हैं। लेकिन इस कोरोना समय में महिलाएं पार्लर जाने से कतरा रही हैं। ऐसे में आप घर पर ही कुछ सावधानी बरतकर मैनीक्योर कर सकती हैं और पार्लर जैसा परिणाम पा सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं जो अक्सर घर पर मैनीक्योर करते समय होती हैं।



### टूल्स को क्लीन न करना

ब्यूटी केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि मैनीक्योर करने के लिए आपको कई तरह के टूल्स को यूज किया जाता है। वैसे तो पार्लर में टूल्स की क्लीनिंग पर खासतौर पर फोकस किया जाता है, लेकिन अगर आप घर पर हैं तो आपको इस जरूरी स्टेप को मिस नहीं करना चाहिए। अगर आप टूल्स को अच्छी तरह क्लीन नहीं करतीं तो ऐसे में उसकी लगी गंदगी व बैक्टीरिया आपके हाथों व नाखूनों में चले जाते हैं। इसलिए इस्तेमाल से पहले हमेशा टूल्स को डिसइंफेक्ट करें और इस्तेमाल के बाद भी उन्हें अच्छी तरह साफ करके ही रखें।

### बेस कोट न लगाना

मैनीक्योर करते हुए एक सबसे जरूरी स्टेप जिसे अक्सर महिलाएं मिस कर देती हैं और वह है बेस कोट लगाना। ब्यूटी केयर एक्सपर्ट के अनुसार, मैनीक्योर करते हुए नेल्स पर बेस कोट लगाना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि बेस कोट आपके नेल्स के लिए एक प्रोटेक्टिव लेयर की तरह काम करता है। आसान शब्दों में समझा जाए तो यह नेल्स का प्राइमर है, इसलिए हर बार मैनीक्योर करते हुए नेलपेंट लगाने से पहले बेस कोट को जरूर लगाएं।

### क्यू-टिप का इस्तेमाल

जब कभी नेलपेंट लगाते हुए आपसे कुछ गड़बड़ होती है तो महिलाएं क्यू-टिप का इस्तेमाल करती हैं। यकीनन यह आपको एक अच्छा आईडिया लगे, लेकिन ब्यूटी केयर एक्सपर्ट इसे सही नहीं मानते। ब्यूटी केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि कॉटन के छोटे-छोटे स्टैंड्स आपकी नेल पॉलिश में चिपक जाते हैं, जिससे आपको लुक खराब हो जाता है। इसलिए आप करेक्शन के लिए क्यू-टिप की जगह बेहद थिन मेकअप ब्रश या फिल नेलपेंट रिमूवर का भी सहारा ले सकती हैं।

# इस घरेलू उपचार से दूर हो जाएंगे चेहरे के दाग-धब्बे

> सबसे अधिक पिंपल्स की समस्या ऑयली त्वचा वालों को होती है। जिसके कारण उनके चेहरे पर निशान हो जाते है। अगर आप भी इस तरह की समस्या से परेशान हैं तो आप इससे छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपचारों को अपना सकते हैं।

**एक** खूबसूरत चेहरे पर ज्यादा निखार तब आता है जब उस पर किसी तरह का कोई दाग-धब्बा न हो। ये ही कारण है कि हर किसी की तमन्ना अपने चेहरे को साफ और बेदाग बनाने की ही होती है। तरह-तरह की दवा या क्रीम से हमारे चेहरे पर हो रहे मुंहासे तो सही हो जाते हैं, लेकिन उसके निशान चेहर पर रह ही जाते हैं और फिर इससे चेहरा काफी खराब लगने लगता है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स कहते हैं कि सबसे अधिक पिंपल्स की समस्या ऑयली त्वचा वालों को होती है। जिसके कारण उनके चेहरे पर निशान हो जाते है। अगर आप भी इस तरह की समस्या से परेशान हैं तो आप इससे छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपचारों को अपना सकते हैं। इसे उपयोग करने वाले ज्यादातर लोगों का मानना है कि इससे आपके चेहरे पर किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। आइए आपको इन्हीं घरेलू उपचार के बारे में बताते हैं।



### बेसन से हटेगी मृत त्वचा

त्वचा के लिए बेसन काफी अच्छा माना जाता है। इससे त्वचा की रंगत में भी बदलाव आता है। नुस्खों को बताने वाले कहते हैं कि बेसन को चेहरे पर लगाने से मृत त्वचा हटने के साथ ही कसाव होता है। इसके लिए एक कटोरी में एक चम्मच बेसन, एक चम्मच शहद और थोड़ा सा दूध डालकर अच्छे से मिला ले। इस तरह से एक पेस्ट तैयार हो जाएगा। अब इसे अपने चेहरे पर करीब 20 मिनट के लिए लगाकर रखें और फिर चेहरे को साफ पानी से वॉश कर लें। इस तरह से हफ्ते में 2 बार करने पर आपको अपने चेहरे पर बदलाव नजर आने लगेगा।

### पपीता से त्वचा में आएगा कसाव

ब्यूटी एक्सपट्र्स के अनुसार त्वचा के लिए पपीता भी काफी अच्छा साबित होता है। इसकी मदद से त्वचा के पोर्स छोटे और त्वचा में कसाव आता है। इसके लिए आपको पपीते को काटकर अच्छे से मैश करना होगा। इस तरह से पपीता का एक पेस्ट तैयार हो जाएगा। इस पेस्ट को करीब 15 मिनट तक लगाकर रखें और फिर जब ये सूख जाए तो अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा साफ भी हो जाएगी।

### टमाटर से त्वचा के पोर्स छोटे

टमाटर में प्राकृतिक एसिड मौजूद होता है, जो हमारे त्वचा के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसकी मदद से त्वचा के पोर्स छोटे होते हैं। इसके लिए आपको अपने चेहरे पर करीब 30 मिनट के लिए अपने चेहरे पर टमाटर का रस लगाना होगा। इसके बाद ताजे पानी से अपने चेहरे को धो लें।

### आंखों के काले घेरे को हटाए खीरा

ब्यूटी एक्सपट्र्स के अनुसार त्वचा के लिए खीरा काफी अच्छा साबित होता है। इससे त्वचा पर नमी बनी रहती है। आप चाहे तो खीरे का पेस्ट या फिर आइस क्यूब बनाकर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। आंखों के नीचे हो रहे काले घेरे को हटाने के लिए भी खीरे का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आपको अपने चेहरे पर खीरे के स्लाइस काटकर लगाना होगा। इसके अलावा खीरे के पेस्ट को चेहरे पर लगाने से त्वचा के पोर्स छोटे भी हो जाते हैं।

### नींबू से चेहरा होगा साफ

नींबू में कई तरह के गुण मौजूद होते हैं। इसकी मदद से त्वचा के पोर्स को टाइट किया जा सकता है। इसके अलावा ये त्वचा को साफ भी करता है। अपने चेहरे पर करीब 20 मिनट के लिए नींबू के रस को लगाकर रखें, इससे त्वचा पर जमें बैक्टीरिया भी नष्ट जाएंगे। ध्यान रहे, अगर आपकी सेंसटिव त्वचा है तो इसमें पानी जरूर मिलाकर ही अपने चेहरे पर लगाएं।

### अंडे से खत्म होंगे ब्लैकहेड्स

अंडे बालों के साथ त्वचा के लिए भी काफी अच्छा साबित होता है। अगर आपके चेहरे पर ब्लैकहेड्स हैं तो आप अंडे की मदद से इसे खत्म कर सकते हैं। इसके लिए आपको अंडे के सफेद भाग का एक पेस्ट बनाकर उसे करीब 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाना होगा। इसके बाद गुनगुने पानी से अपने चेहरे को धो लें।

## टी-20 विश्वकप के बाद टी-20

# कप्तानी छोड़ेंगे कोहली

### रोहित शर्मा कमान संभालने को तैयार

एजेंसी। दुबई

**विराट** कोहली ने गुरुवार को घोषणा की कि वह संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टी-20 विश्वकप के बाद भारतीय टी-20 टीम के कप्तान के पद से हट जाएंगे, लेकिन वह वनडे और टेस्ट क्रिकेट में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। इस फैसले से रोहित शर्मा के लिए टी-20 प्रारूप में टीम की कप्तानी संभालने का रास्ता खुल जाएगा। कोहली इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने के लिए यहां हैं, जो रविवार से बहाल हो रही है। इस 32 साल के क्रिकेटर ने अपने ट्विटर पेज पर एक बयान पोस्ट किया, मैंने अक्टूबर में दुबई में होने वाले टी-20 विश्वकप के बाद टी-20 कप्तान के तौर पर पद से हटने का फैसला किया है।

पिछले कुछ समय से कोहली के सफेद गेंद की टीम की कप्तानी के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, विशेषकर रोहित शर्मा के इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार रिकार्ड को देखकर, जिसमें उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाए हैं। सीमित ओवर के प्रारूपों में 34 साल के रोहित भारतीय टीम के उपकप्तान हैं और उनके टी-20 कप्तान की भूमिका निभाने की पूरी संभावना है, जब भारत नवंबर में न्यूजीलैंड के साथ घरेलू श्रृंखला खेलेगा, जिसमें तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ दो टेस्ट मैच भी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कोहली की घोषणा के बाद बोर्ड द्वारा जारी बयान में कहा कि संस्था पिछले कुछ समय से कोहली से चर्चा कर रही थी। शाह ने कहा, टीम इंडिया के लिए हमारे पास स्पष्ट रोडमैप है। कार्यभार को देखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि बदलाव का दौर सहज रहे, विराट कोहली ने आगामी विश्वकप के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के तौर पर हटने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं विराट और नेतृत्व समूह के साथ पिछले छह महीनों से चर्चा कर रहा हूं और फैसला काफी सोच विचार के बाद लिया गया है। शाह ने कहा, विराट बतौर खिलाड़ी और टीम के वरिष्ठ सदस्य के तौर पर भारतीय क्रिकेट के भविष्य की योजनाओं में योगदान करना जारी रखेंगे। कोहली 2017 में महेंद्र सिंह धोनी की जगह भारत की सीमित ओवर टीम के कप्तान बने थे।

कोहली ने अपने पेज पर बयान में कहा, कार्यभार को समझना बहुत महत्वपूर्ण चीज है और पिछले आठ-नौ वर्षों से मेरे अत्यधिक कार्यभार को देखते हुए जिसमें मैं सभी तीनों प्रारूपों में खेल रहा हूं और नियमित रूप से पिछले पांच से छह वर्षों से कप्तानी कर रहा हूं, मुझे लगता है कि मुझे टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम की अगुआई के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए खुद को थोड़ा स्पेस देने की जरूरत है। उन्होंने लिखा, मैंने टी-20 कप्तान के तौर पर अपने समय में टीम को अपना सबकुछ दिया और मैं टी-20 कप्तान के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा और बतौर बल्लेबाज आगे बढ़ने के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा। कोहली ने कहा कि यह फैसला उन्होंने मुख्य कोच रवि शास्त्री, रोहित (स्पष्ट रूप से उनकी जगह लेने वाले), बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह से सलाह मशविरा करने के बाद किया है।

### रवि भाई और रोहित शर्मा से चर्चा के बाद लिया फैसला

टी-20 विश्व कप 17 अक्टूबर से शुरू होगा और कोहली पर ट्रॉफी दिलाने का भारी दबाव होगा। कोहली ने कहा, निश्चित रूप से इस फैसले पर पहुंचने में काफी समय लगा। अपने करीबी लोगों, रवि भाई और नेतृत्व समूह का अहम सदस्य रोहित के साथ काफी सोच विचार और चर्चा के बाद यह फैसला लिया। उन्होंने कहा, मैंने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के साथ चयनकर्ताओं से भी इस बारे में बात की। मैं पूरी क्षमता से भारतीय क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट टीम की सेवा करना जारी रखूंगा। कोहली ने 90 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 28 अर्धशतक से 3159 रन जुटाए हैं। उन्होंने इनमें से 45 मैचों में भारत की कप्तानी की और टीम को 27 में जीत दिलाई जबकि 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। उनका जीत का प्रतिशत 65.11 रहा है। इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, मैं भाग्यशाली रहा कि मैंने सिर्फ भारत का प्रतिनिधित्व ही नहीं किया बल्कि अपनी पूरी क्षमता से भारतीय क्रिकेट टीम की अगुआई भी की। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान के तौर पर मेरी इस यात्रा में जिन्होंने मेरा समर्थन किया, उन सभी को शुक्रिया। कोहली ने कहा, मैं उनके बिना खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ, चयन समिति, मेरे कोचों और प्रत्येक भारतीय जिसने हमारी जीत के लिए प्रार्थना की यह नहीं कर सकता था।

### विराट की टी-20 कप्तानी का आकर्षण: सेना देशों में श्रृंखला जीतना

**बेल्लारी।** विराट कोहली आखिरी बार भारत के टी-20 कप्तान के रूप में अगले महीने शुरू होने वाले विश्वकप में खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे। यूएई में होने वाले टूर्नामेंट का नतीजा हालांकि कुछ भी हो वह इस प्रारूप में कप्तान के रूप में अपने रिकॉर्ड पर गर्व कर सकते हैं। भारत ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2007 में पहला टी-20 विश्वकप जीता था, लेकिन इस प्रारूप में भारत की जीत का प्रतिशत कोहली के नेतृत्व में उनसे बेहतर है। कोहली के नेतृत्व में भारत ने 45 में से 27 मैच जीते। दो मैच टाई रहे जबकि दो मैच रद्द हो गए। उनकी जीत का प्रतिशत 65.11 है।

भारत ने कोहली के नेतृत्व में कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया (सेना देश) के अलावा वेस्टइंडीज में भी टी-20 श्रृंखला जीतने में सफल रहा। कोहली ने 2017 में टी-20 प्रारूप में भारत की कमान संभाली और उसी साल श्रीलंका के खिलाफ एकमात्र मैच के रूप में अपनी पहली द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला जीती। सेना देशों में भारत ने पहली श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में 2018 में 2-1 से जीती। इसी साल भारत ने इंग्लैंड की मजबूत टीम को उसी की सरजमीं पर 2-1 से हराया। भारत ने विदेशी सरजमीं पर सबसे बड़ी जीत 2019-20 में दर्ज की जब कोहली की टीम ने न्यूजीलैंड को उसी की सरजमीं पर पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में 5-0 से हराकर सूपड़ा साफ किया। भारत हालांकि इसके बाद एक दिवसीय श्रृंखला में हार गया। भारत ने 2020 में आस्ट्रेलिया में एक दिवसीय श्रृंखला गंवाने के बाद टी-20 श्रृंखला में वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। हाल में भारत ने इंग्लैंड को स्वदेश में 3-2 से हराया और कोहली को उस श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। कोहली टी-20 प्रारूप में 52.65 की औसत से 3159 रन के साथ सबसे सफल बल्लेबाज हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 94 रन है।



**3159**
रन बनाए है कोहली ने 52.65 की औसत से 90 अंतरराष्ट्रीय मैचों में

### विराट का विनिंग परसेंटेज धोनी से भी 10 फीसद ज्यादा

विराट कोहली ने आगामी टी-20 विश्वकप के बाद टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। विराट ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए अपनी कप्तानी छोड़ने की बात कही। बतौर कप्तान भले ही विराट कोई बड़ी ट्रॉफी न जीत सके हों, लेकिन मौजूदा समय में टीम इंडिया को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। विराट को 2017 में लिमिटेड ओवर का कप्तान बनाया गया था। अभी तक 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से 27 में उन्होंने जीत दर्ज की, जबकि 14 में टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। 2 मैच का परिणाम नहीं आ सका और दो मुकाबले टाई रहे। वनडे में कोहली ने 95 मैचों में टीम की कमान संभाली और 65 मुकाबले जीतने में सफल रहे। 27 मैचों में टीम को हार मिली और एक टाई रहा व 2 का नतीजा नहीं आया। टेस्ट फॉर्मेट में कोहली ने 65 मैचों की टीम की कप्तानी की और 38 मैच जीतने में सफल रहे। 16 में उनको हार मिली और 11 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। ओवलऑल उन्होंने कुल 205 मैचों में भारत की कप्तानी करते हुए 130 मैच जीते हैं और 57 हारे हैं। 3 मुकाबले टाई रहे और 11 ड्रॉ रहे।

### धोनी की तरह जीत से बढ़कर कुछ नहीं

एमएस धोनी ने 2007 से लेकर 2016 तक अपनी कप्तानी के झंडे गाड़े। धोनी दुनिया के पहले कप्तान बने जिन्होंने आईसीसी की तीनों ट्रॉफी जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। धोनी को कैप्टन कूल के नाम से जाना जाता है। वहीं, कोहली मैदान पर हमेशा आक्रामक अंदाज में नजर आते हैं। एमएस ने कुल 332 मैचों में कप्तानी का जिम्मा संभाला और 178 में जीत, जबकि 120 में हार मिली। 15 मुकाबले ड्रॉ और 6 टाई रहे।

**28** अर्धशतक जड़े हैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में

**94** रन है सर्वाधिक स्कोर

### इस मामले में दुनिया के बल्लेबाजों में सबसे ऊपर

**विराट कोहली टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं। विराट ने 52.65 की औसत 90 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3159 रन बनाए हैं। 94* उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 28 अर्धशतक जड़े हैं।**

**टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले पांच बल्लेबाज**

| | |
|---|---|
| विराट कोहली (भारत) | 3159 |
| मार्टिन गप्टिल (न्यूजीलैंड) | 2939 |
| रोहित शर्मा (भारत) | 2864 |
| आरोन फिंच (ऑस्ट्रेलिया) | 2473 |
| मोहम्मद हफीज (पाकिस्तान) | 2429 |

**टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले कप्तान**

| | |
|---|---|
| आरोन फिंच (ऑस्ट्रेलिया) | 1589 |
| विराट कोहली (भारत) | 1502 |
| केन विलियमसन (न्यूजीलैंड) | 1383 |
| इयोन मोर्गन (इंग्लैंड) | 1371 |
| फाफ डु प्लेसिस (दक्षिण अफ्रीका) | 1273 |

### चहल ने आईपीएल से पहले कहा

## मैं इतना ही कह सकता हूं कि पुराना युजी वापस आ गया है

एजेंसी। दुबई

**भारत** की टी-20 विश्वकप में जगह नहीं बना सके लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने गुरुवार को कहा कि इस साल आईपीएल के दूसरे चरण में वह पहले की तरह चतुर और विकेट लेने वाले गेंदबाज होंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के साथ अभ्यास सत्र में चहल ने ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों का सामना भी किया। टीम के साथ पहले अभ्यास सत्र के बारे में उन्होंने कहा, अच्छा लग रहा है। मैं अपनी गेंदबाजी से खुश हूं।

उन्होंने कहा, जब आपको पता है कि अंकतालिका में आपकी स्थिति अच्छी है तो मनोबल बढा हुआ रहता है। लंबे समय बाद अच्छी गेंदबाजी करने से खुशी होती है। मैं इतना ही कह सकता हूं कि पुराना युजी लौट आया है। कोरोना महामारी के कारण मई में बीच में रोका गया आईपीएल



रविवार से यूएई में फिर शुरू होगा। चहल उन खिलाड़ियों में से होंगे जो भारतीय टीम में जगह वापिस पाने की कोशिश करेंगे। भारत में आईपीएल के पहले सत्र में वह नाकाम रहे थे और सात मैचों में चार विकेट लिए थे। मुख्य कोच माइक हेसन ने सत्र की रणनीति के बारे में कहा, अभ्यास की बात करें तो सभी को अपनी भूमिका पता है। हमने बैठकों में इस पर बात की है इसलिए नेट पर सभी को पता है किससे क्या उम्मीद है। आरसीबी फिलहाल सात में से पांच मैच जीतकर तीसरे स्थान पर है।

### दर्शकों के सामने खेलने को लेकर उत्साहित मोर्गन और मैकुलम

**दुबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान इयोन मोर्गन कोरोना वायरस संबंधित पाबंदियों के हटने के बाद यूएई में रविवार से बहाल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सत्र के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की वापसी से काफी उत्साहित हैं। कोविड-19 के बायो-बबल में कई मामले सामने आने के बाद मई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को बीच में ही रोक दिया गया था, जिसके बचे हुए मैच रविवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू होंगे।

बुधवार को घोषणा की गई कि अबुधाबी, दुबई और शारजाह में मैचों को देखने के लिए सीमित संख्या में दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जिसमें कोविड-19 प्रोटोकॉल और यूएई सरकार के दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा। केकेआर की वेबसाइट के अनुसार मोर्गन ने अभ्यास सत्र के दौरान कहा, इस साल आईपीएल में दर्शकों की वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं।

## हमने पहले हाफ में क्या किया, वह मायने नहीं रखता: कोच रिकी पोंटिंग

एजेंसी। दुबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को लगता है कि उनकी टीम को रविवार से यूएई में बहाल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सत्र में नए सिरे से शुरुआत करनी होगी क्योंकि टी-20 टूर्नामेंट के पहले हाफ का प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा। बायो-बबल में कोविड-19 के कई मामले आने के बाद मई में आईपीएल का 14वां चरण बीच में ही निलंबित कर दिया गया था। तब दिल्ली कैपिटल्स की टीम आठ मैचों में से छह जीतकर तालिका में शीर्ष पर चल रही थी।

फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में पोंटिंग ने कहा, यह मायने नहीं रखता कि हमने सत्र के पहले हाफ में कैसा प्रदर्शन किया। हमने तब काफी अच्छा क्रिकेट खेला था और तब से चार महीने हो चुके हैं इसलिए हमें फिर से शुरुआत करनी होगी। उन्होंने कहा, हमें टूर्नामेंट के बढ़ने के साथ-साथ



खुद को भी बेहतर करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि हम टूर्नामेंट के अंत की ओर अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें। आस्ट्रेलिया के इस महान क्रिकेटर ने कहा, टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन ऐसा इसलिए था क्योंकि हमने तब अच्छा क्रिकेट खेला था और कड़ी मेहनत की थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला था। पोंटिंग ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने यहां सत्र पूर्व शिविर के दौरान काफी शानदार जोश दिखाया। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स के शिविर में वापसी के लिए चार महीने से इंतजार कर रहा था। टीम के साथ शानदार समय रहा था और मेरे कैलेंडर वर्ष में भी यह शानदार समय है। मैं यहां कोचिंग स्टाफ से बात कर रहा हूं और उन्होंने अभी तक सत्र पूर्व शिविर में शानदार काम किया है। आप खिलाड़ियों का जज्बा और रवैया देख सकते हो। पोंटिंग ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि अगले चार-पांच हफ्तों में क्या होने वाला है।

श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी के बारे में उन्होंने कहा, श्रेयस की वापसी शानदार है। उसकी ट्रेनिंग शानदार रही है। वह भी मैदान पर उतरने, रन जुटाने और जीत हासिल करने के लिए बेताब है। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी है, उसके आने से टीम मजबूत ही होगी, इसमें कोई शक नहीं। श्रेयस ने कंधे की चोट से उबरकर दिल्ली कैपिटल्स में वापसी की है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 22 सितंबर को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।

## डेविस कप फिनलैंड के खिलाफ भारत को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी। एस्पू (फिनलैंड)

**भारत** के एकल खिलाड़ियों को शुक्रवार से शुरू हो रहे डेविस कप विश्व ग्रुप वन मुकाबले में फिनलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। प्रजनेश गुणेश्वरन और रामकुमार रामनाथन को बड़े मैच खेलने का अनुभव है। उन्होंने बेहतर खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है, लेकिन अब करीबी मुकाबले खेलने से आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्हें बड़े मैच जीतने होंगे ताकि भारत अगले साल क्वालीफायर में जगह बना सके। रामकुमार अगर 2014 अमेरिकी



ओपन चैंपियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच के खिलाफ पिछले मैच में किए गए प्रदर्शन को दोहरा सके तो भारत यह मुकाबला जीत सकता है।

भारत के दूसरी रैंकिंग वाले खिलाड़ी रामकुमार का सामना फिनलैंड के नंबर एक खिलाड़ी एमिल रूसुवुओरी से होगा जो विश्व रैंकिंग में 74वें स्थान पर है। रामकुमार अगर यह मुकाबला जीत जाते हैं, तो भारत पर से दबाव कम हो जाएगा। ऐसे में प्रजनेश के लिए ओट्टो विर्तानेन के खिलाफ मुकाबला आसान होगा। प्रजनेश विश्व रैंकिंग में 165वें और ओट्टो 419वें स्थान पर हैं। प्रजनेश बड़े मुकाबलों में बढ़त बनाने के बाद हारते आए हैं। उन्होंने कहा, अच्छे खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबले करीबी रहते हैं। मैंने उनके खिलाफ जीते भी हैं और हारे भी। करीबी मुकाबलों का नतीजा कुछ भी निकल सकता है। भारत के लिए खेलते हुए कोई दबाव नहीं होता। कई बार दबाव अधिक होता है और कई बाद कम। यह इस पर निर्भर करता है कि आप उसका सामना कैसे करते हैं।

### कोर्ट में कम है उछाल, मिल सकता है फायदा

लिएंडर पेस और महेश भूपति के दौर में युगल मुकाबला भारत के लिए जीता हुआ माना जाता रहा है लेकिन अब हालात बदल गए हैं। रोहित बोपन्ना के पास अनुभव है लेकिन उन्हें एक टीम के रूप में दिविज शरण के साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनका सामना हेनरी कोंटिनेन और हैरी हेलिओवारा जैसी कठिन टीम से है। बोपन्ना और शरण ने एकमात्र मुकाबला साथ में मार्च 2019 में इटली के खिलाफ खेला है। बोपन्ना अब तक पेस या साकेत माइनेनी के साथ खेलते आए हैं। अब देखना यह होगा कि कप्तान रोहित राजपाल बोपन्ना के साथ शरण या माइनेनी में से किसे उतारते हैं। राजपाल का मानना है कि हालात पूरी तरह से मेजबान के अनुकूल नहीं हैं क्योंकि कोर्ट पर उछाल कम है। इसका फायदा भारतीय खिलाड़ियों को मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत का न्यूजीलैंड का एक दिवसीय दौरा 2022 तक स्थगित

**वेलिंगटन।** भारत व्यस्त कार्यक्रम और कोविड-19 से जुड़ी पाबंदियों के कारण इस साल न्यूजीलैंड का दौरा नहीं करेगा। भारत को अगर न्यूजीलैंड में विश्वकप सुपर लीग का हिस्सा तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला खेलनी है तो उसे 14 दिन के पृथकवास से गुजरना होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि भारत के खिलाफ मैच आस्ट्रेलिया में अगले साल टी-20 विश्वकप के बाद खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड को इस साल नवंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 मैचों के लिए भारत का दौरा करना है। न्यूजीलैंड गर्मियों में बांग्लादेश, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा जबकि मार्च-अप्रैल में देश में महिला विश्वकप का आयोजन होगा। बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने कहा, हमें ध्यान रखना होगा कि खिलाड़ी लंबी सर्दियों के बाद वापस लौटेंगे और हमें उन्हें घर में भी समय बिताने का मौका देना होगा। क्रिसमस से ठीक पहले भारत से लौटने पर न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को 14 दिन के पृथकवास से गुजरना होगा। इसके कारण न्यूजीलैंड 26 दिसंबर से बाक्सिंग-डे टेस्ट की मेजबानी नहीं कर पाएगा और बांग्लादेश के खिलाफ पहला मुकाबला 28 दिसंबर या उसके बाद से खेला जा सकता है।

### सेंट किट्स एंड नेविस ने सीपीएल खिताब जीता

**बासेटेरे।** मेजबान सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने आखिरी गेंद पर सेंट लूसिया किंग्स को तीन विकेट से हराकर पहली बार हीरो कैरेबियाई लीग खिताब जीत लिया। सेंट लूसिया किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। लगातार विकेट गंवाने के बावजूद उसने सात विकेट पर 159 रन बनाए जिसमें रोस्टन चेस और रहकीम कॉर्नवाल ने 43-43 रन का योगदान दिया। कीमो पॉल ने 21 गेंद में 39 रन बनाए और एक ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में पैट्रियट्स की जीत के नायक डोमिनिक ड्रेक्स रहे जिन्होंने 24 गेंद में 48 रन बनाए। किंग्स की शुरुआत अच्छी रही और खतरनाक क्रिस गेल को चेस ने जल्दी आउट कर दिया। इसके बाद एविन लुईस भी टिक नहीं सके। कप्तान ड्वेन ब्रावो के आउट होने के समय स्कोर पांच विकेट पर 95 रन था। इसके बाद ड्रेक्स ने अपना सर्वोच्च स्कोर बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

### गौरिका लावाउ लेडीज टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर

**पुइडो (स्विटजरलैंड)।** गोल्फर गौरिका विश्नोई लेडीज यूरोपीय टूर पर लावाउ लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। गौरिका ने एक अंडर 71 का स्कोर करते हुए दो बर्डी लगाए और एक बोगी किया। अन्य भारतीयों में अमनदीप ड्राल एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें स्थान पर रही। रिधिमा दिलावारी और दुर्गा निट्टुर दो ओवर 74 के स्कोर के साथ संयुक्त 52वें स्थान पर रही। वाणी कपूर संयुक्त 57वें स्थान पर रही। एन्ने स्टेरे डेन डुनेन ने पहले दौर में पांच अंडर 67 स्कोर करके बढत बना ली है।

### डब्ल्यूटीटी: स्वस्तिका घोष ने यशस्विनी घोरपड़े को हराया

**नई दिल्ली।** भारत की स्वस्तिका घोष ने हमवतन यशस्विनी घोरपड़े को ट्यूनीशिया में चल रहे वर्ल्ड टेबल टेनिस अंडर 19 लड़कियों के फाइनल में 3-2 से हराया। रजत पदक विजेता यशस्विनी ने अंडर 17 वर्ग में मिस्र की फरीदा बी को 11-6, 14-12, 11-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 फाइनल में स्वस्तिका ने यशस्विनी को 6-11, 11-6, 6-11, 11-6, 11-8 से मात दी। अंडर 15 वर्ग में सुहाना सैनी ने पृथा वर्तिकार को हराकर दूसरा स्वर्ण जीता। एम हंसिनी ने अंडर 13 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर 11 लड़कियों के वर्ग में धानी जैन ने अनन्या मुरलीधरन को हराकर खिताब जीता।

### एआईएफएफ अध्यक्ष पटेल ने खेलमंत्री ठाकुर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने गुरुवार को खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात करके आने वाले समय में भारत में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के बारे में बताया। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पटेल ने उन्हें भारत में 2022 में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप और फीफा अंडर 17 महिला विश्वकप 2022 के बारे में बताया। महिला एशियाई कप मुंबई, नवी मुंबई और पुणे में 20 जनवरी से खेला जाना है, जबकि फीफा अंडर 17 महिला विश्वकप 11 अक्टूबर 2022 से शुरू होगा। खेल सचिव रवि मित्तल और भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान इस मौके पर मौजूद थे। पटेल के साथ एआईएफएफ महासचिव कुशाल दास और उप महासचिव अभिषेक यादव भी थे।

### गेंदबाज व्लेमिंक भारत के खिलाफ श्रृंखला से बाहर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज टायला व्लेमिंक फिटनेस कारणों से भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एक टेस्ट मैच नहीं खेलेगी। मुख्य कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि व्लेमिंक आगामी मैचों से बाहर होने वाली अकेली खिलाड़ी है। वह टी-20 श्रृंखला खेल सकती हैं। उन्होंने कहा, टायला को विक्टोरिया में अभ्यास के दौरान चोट लगी है। हम उसकी हालात पर नजर रखे हुए हैं। हमें उसके कार्यभार का प्रबंधन सही तरीके से करना होगा। तीन साल पहले आस्ट्रेलिया के लिए पहला मैच खेलने वाली व्लेमिंग दुनिया की सबसे तेज गेंदबाजों में से है। अनुभवी तेज गेंदबाज मेगान शट भी अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल रही हैं। ऐसे में एलिसे पैरी को युवा गेंदबाजों का नेतृत्व करना होगा। पहला वनडे 21 सितंबर को मैके में खेला जाएगा। भारतीय टीम के दौरे का अंत 10 अक्टूबर को गोल्ड कोस्ट में तीसरे और आखिरी टी-20 से होगा।

### दुबई में फाइट नाइट में रिंग में उतरेंगे नीरज गोयत

**नई दिल्ली।** अनुभवी नीरज गोयत सहित भारतीय मुक्केबाज दुबई में ब्रिटिश स्टार आमिर खान द्वारा प्रोमोट की जाने वाली फाइट नाइट में 16 अक्टूबर को रिंग में उतरेंगे। इस फाइट नाइट का आयोजन सुपर बॉक्सिंग लीग (एसबीएल) द्वारा विश्व मुक्केबाजी परिषद (डब्ल्यूबीसी) के साथ मिलकर किया जा रहा है। गोयत के अलावा अन्य भारतीय मुक्केबाजों में चांदनी मेहरा, शिवानी दहिया, संदीप कुमार, सचिन नौटियाल और अब्दुल खान भी इसमें हिस्सा लेंगे, जिसमें अभी उनके प्रतिद्वंद्वियों की घोषणा की जाएगी। आयोजकों की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया का बढ़ता क्रिप्टो समुदाय भी पहली बार इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेगा। टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी 2022 में भारत में होने को तैयार है जिसमें आमिर खान और नीरज गोयत के बीच मुकाबला होगा। एसबीएल के चेयरमैन और दो बार के विश्व चैंपियन तथा ओलंपिक रजत पदक विजेता खान ने फाइट नाइट के आयोजन के प्रति उत्साह व्यक्त किया कि एसबीएल इतिहास बना रही है जो क्रिप्टो समुदाय के साथ भागीदारी करने वाली पहली प्रोमोशन संस्था होगी।

### मेस्सी नहीं दिला सके पीएसजी को जीत

**जिनेवा।** लियोनेल मेस्सी, काइलियान एमबाप्पे और नेमार जैसे सितारों से सजी होने के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन जीत दर्ज नहीं कर सकी और चैंपियन्स लीग फुटबॉल के मैच में उसे बेल्जियम के क्लब ब्रजे ने ड्रॉ पर रोक दिया। पीएसजी के लिए मिडफील्डर एंडेर हेरारा ने गोल दागा जबकि बेल्जियम के क्लब के लिए 27वें मिनट में कप्तान हैंस वानाकेन ने गोल किया। पहले हाफ में मेस्सी का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और उन्हें बाद में पीला कार्ड भी मिला। वहीं एमबाप्पे बाएं टखने में चोट के शिकार हो गए। मेस्सी पिछले महीने ही बार्सीलोना छोड़कर पीएसजी से जुड़े हैं। पहली बार वे एमबाप्पे और नेमार के साथ इस क्लब के लिए खेल रहे थे। अन्य मैचों में सेबेस्टियन हालेर के चार गोल की मदद से अजाक्स ने स्पोर्टिंग लिसबन को 5-1 से हराया। वहीं मैनचेस्टर सिटी ने लेइपजिग को 6-3 से शिकस्त दी। लिवरपूल ने एसी मिलान को 3-2 से हराया जो सात सत्र बाद टूर्नामेंट में वापसी कर रही थी। रीयाल मैड्रिड ने इंटर मिलान को एक गोल से मात दी जबकि एटलेटिको मैड्रिड ने पोर्तो से गोलरहित ड्रॉ खेला। मोलदोवा लीग की शेरीफ तिरास्पोल ने उक्रेन की शखतार दोनेस्क को 2-0 से हराया।